You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-04 | बुधवार, 31 जनवरी 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



बिहार लोकतंत्र की जन्मभूमि है। यहां कई महान नेता व स्वतंत्रता सेनानियों का जन्म हुआ है लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि आज इस भूमि पर लोग मौकापरस्ती और लालच की राजनीति कर रहे हैं। जो बिहार दुनिया को प्रकाश देता था, वह अब आया राम-गया राम, आया कुमार-गया कुमार की राजनीतिक प्रयोगशाला बन गया है।

मल्लिकार्जुन खड़गे

नौसेना कमांडो ने पाकिस्तानी जहाज को बचाया, समुद्री डाकुओं को खदेड़ा 11

गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया : मुख्यमंत्री 12

## संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी और दिल्ली के उप राज्यपाल ने बापू को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महात्मा गांधी को उनकी 76वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि दी। दिल्ली के उप राज्यपाल विनय सक्सेना ने भी बापू को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर कहा, ''मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जो देश के लिए शहीद हुए। उनका बलिदान हमें लोगों की सेवा करने और राष्ट्र के लिए उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है।'' दिल्ली के उप राज्यपाल विनय सक्सेना महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने उनके समाधिस्थल राजघाट पहुंचे। सक्सेना ने राजघाट में महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।

### सर्वदलीय बैठक: निलंबित सांसदों की होगी सदन में वापसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में पार्टियों के फ्लोर नेताओं ने भागीदारी की। इसमें सरकार ने आगामी सत्र के एजेंडे से नेताओं को अवगत कराया और सदन के सुचारू संचालन में उनका सहयोग मांगा। केन्द्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पिछले शीतकालीन सत्र में निलंबित सभी सदस्यों का निलंबन वापस लिया जाएगा। इस संबंध में सरकार की मंशा से लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को अवगत करा दिया गया है। वे आगे इस पर कोई फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि ज्यादातर सांसदों का निलंबन पिछले सत्र तक ही था और उन्होंने राज्यसभा सभापति एवं लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि जिन सांसदों का विषय विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था, वे उनसे चर्चा कर निलंबन वापस ले लें। दोनों ओर से इस पर सहमति भी प्राप्त हुई है। जोशी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष सभी दलों ने सदन की मर्यादा को लेकर कुछ निर्णय लिये थे।

### पैंथर्स पार्टी की प्रमुख नेता बीना देवी भाजपा में हुई शामिल

जम्मू। चेनानी विधानसभा क्षेत्र के लाटी-मरोठी क्षेत्र से पैंथर्स पार्टी की प्रमुख नेता बीना देवी (काजल) पार्टी मुख्यालय त्रिकुटा नगर जम्मू में वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना के साथ पार्टी महासचिव विबोध गुप्ता, पूर्व मंत्री प्रिया सेठी, पूर्व विधायक बलवंत सिंह मनकोटिया और अन्य पार्टी नेताओं ने 50 से अधिक समर्थकों के साथ पैंथर्स पार्टी नेता का पार्टी में स्वागत किया। पार्टी में नए लोगों का स्वागत करते हुए रविंदर रैना ने कहा कि आज हर समुदाय, जाति और क्षेत्र के लोग भाजपा के सिद्धांत सबका साथ सबका विकास के कारण भाजपा में शामिल होने के लिए उत्सुक हैं।

# छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ कैंप पर नक्सलियों का बड़ा हमला

## तीन सीआरपीएफ जवान शहीद, 14 घायल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र टेकलगुड़ेम गांव में सीआरपीएफ कैंप पर नक्सलियों ने बड़ा हमला कर दिया। इस हमले में 3 जवान शहीद हो गए जबकि 14 जवान घायल हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर हमले की सूचना मिलने पर फोर्स मौके पर पहुंच गई है और इलाके की घेराबंदी करते हुए हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र टेकलगुड़ेम गांव में सीआरपीएफ कैंप पर नक्सलियों ने बड़ा हमला कर दिया। इस हमले में 3 जवान शहीद हो गए जबकि 14 जवान घायल है। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है उधर हमले की सूचना मिलने पर फोर्स मौके पर पहुंच गई है और इलाके की घेराबंदी करते हुए हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सुकमा के थाना जगरगुण्डा इलाके में नक्सल गतिविधियों पर नकेल कसने और इलाके के लोगों को सहायता देने के लिए आज 30 जनवरी को ही सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया था कैंप के बाद सीआरपीएफ के कोबरा जवान जोनागुड़ा-अलीगुड़ा क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान जवानों के ऊपर माओवादी द्वारा फायरिंग की गई।



**इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर हमले की सूचना मिलने पर फोर्स मौके पर पहुंच गई है**

**इलाके की घेराबंदी करते हुए हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है**

सुरक्षा बल द्वारा भी माओवादी फायरिंग का मूंहतोड़ जवाब देते हुए जवाबी कार्रवाई की गई। सुरक्षा बल के बढ़ते दबाव को देखकर माओवादी जंगल का आड़ लेकर भाग गए। हालांकि इस मुठभेड़ में 3 जवान गोली लगने से शाहिद हो गए। वहीं 14 जवान घायल हो गए। घायल जवानों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। उन्हें इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है।

# आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं बापू के विचार : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बच्चों ने बापू की पुण्यतिथि पर स्वरांजलि दी। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर बापू को याद किया। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'मानवता के अप्रतिम प्रतीक, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। पूज्य बापू के विचार एक भारत-श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उनकी दी गई शिक्षा में रामराज्य और विश्व शांति की कामना का भाव अंतर्निहित है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी महेंद्र सिंह आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।



**विचार**

- मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

### फसलों के नुकसान का मुआवजा देने में लापरवाही पर मुख्यमंत्री योगी सख्त, जवाब तलब

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही बरतने पर मुख्यमंत्री योगी ने नाराजगी जताते हुए 17 जिलों के अधिकारियों से जवाब तलब किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में विभिन्न आपदाओं से क्षतिग्रस्त हुई फसलों के मुआवजे और अन्य राहत को लेकर समीक्षा की थी। इस दौरान उन्होंने त्रुटियों के कारण फसलों के नुकसान के दोबारा सत्यापन में लापरवाही और मुआवजा नहीं देने पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को ऐसे मामलों में तत्काल ● शेष पेज 11 पर

## कठुआ जिले के शेरपुर इलाके में मिले विस्फोटक उपकरण किए गए निष्क्रिय

एजेंसी

कठुआ। कठुआ जिले के शेरपुर इलाके में बई नाला के पास मंगलवार को एक पॉलिथीन बैग में मिले दो विस्फोटक उपकरणों को सुरक्षित तरीके से बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 2 किलोमीटर दूर हीरानगर के शेरपुर इलाके की ओर जाने वाली सड़क पर बई नाला के पास तलाशी अभियान के दौरान एक पॉलिथीन बैग मिला। बैग की जांच करने पर इसमें विस्फोटक उपकरण पाए गए। इसके बाद अन्य सुरक्षाकर्मियों तथा बम निरोधक दस्ते को तुरंत मौके पर बुलाया गया। कुछ ही देर में अन्य सुरक्षाकर्मी तथा बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया और सुरक्षित तरीके से विस्फोटक उपकरणों को निष्क्रिय कर दिया। विस्फोटक उपकरण मिलने के बाद से इलाके में व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा की जीत, जेपी नड्डा ने दी बधाई, विपक्ष पर कसा तंज

नई दिल्ली। चंडीगढ़ मेयर पद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी -कांग्रेस के उम्मीदवार को हराकर जीत हासिल की। मनोज सोनकर चंडीगढ़ के मेयर बन गए हैं। भाजपा को 16 और इंडिया गठबंधन को 12 वोट मिले हैं। चंडीगढ़ में मेयर का चुनाव जीतने पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चंडीगढ़ भाजपा को बधाई दी है। मंगलवार को अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आईएनडीआई गठबंधन पर ● शेष पेज 11 पर

## इंटरनेट सेवा बहाली संबंधी समीक्षा आदेश प्रकाशित करे, जम्मू-कश्मीर : सुप्रीम कोर्ट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू.कश्मीर से कहा कि वह प्रदेश में इंटरनेट सेवा बहाल करने के संबंध में श्समीक्षा आदेशश प्रकाशित करे। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने अपना आदेश पारित करते हुए जम्मू.कश्मीर प्रशासन से कहा कि समीक्षा आदेश श्अलमारी में बंद कर के रखने के लिए नहीं हैए उन्हें प्रकाशित करें। पीठ ने जम्मू कश्मीर की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज की यह गुहार को स्वीकार कर ली कि उन्हें मामले में निर्देश लेने और इस अदालत को अवगत कराने के लिए दो सप्ताह का समय दिया जाए। शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान शुरुआत में कानून अधिकारी ने जम्मू.कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंधों से संबंधित समीक्षा आदेशों के संबंध में विचार-विमर्श पर जानकारी प्रकाशित करने के लिए याचिकाकर्ता की याचिका पर सवाल उठाया। इस पर पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल से कहा श्विचार.विमर्श के बारे में भूल जाइये आप आदेश प्रकाशित करें क्या आप यह बयान दे रहे हैं कि समीक्षा आदेश प्रकाशित किये जायेंगे। इस पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा उन्हें इस मामले में निर्देश प्राप्त करने की जरूरत है। इसके बाद पीठ ने उन्हें निर्देश प्राप्त करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। पीठ ने अपने आदेश में कहा विचार-विमर्श को प्रकाशित करना आवश्यक नहीं हो सकता है हालांकि समीक्षा पारित करने वाले आदेशों को प्रकाशित ● शेष पेज 11 पर



### होर्डिंग लगाने वाले सपा नेता आशुतोष सिंह पार्टी से निष्कासित

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) मुख्यालय के बाहर सोमवार की देर रात पार्टी नेता व पूर्व प्रदेश सचिव युवजन सभा आशुतोष सिंह द्वारा एक विवादित बयान वाली होर्डिंग लगाई गई थी। इस मामले में मंगलवार पार्टी हाईकमान ने कड़ा संज्ञान लिया है और आशुतोष सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। सपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अरविंद कुमार सिंह ने इस मामले में पत्र जारी करते हुए आशुतोष सिंह को पार्टी से निष्कासित किए जाने की पुष्टि की है। उनके द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि सपा युवजन सभा के पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष सिंह को अनुशासनहीनता एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण पार्टी से निष्कासित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि राजधानी लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के मुख्यालय के बाहर एक होर्डिंग लगाई गई थी। होर्डिंग में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को पलटूराम बताया गया था। सपा कार्यालय के बाहर लगाई गई होर्डिंग में उल्लेख था कि राजनीति के दो बड़े पलटूराम, जनता रहे सावधान। इस ● शेष पेज 11 पर

### लोकसभा चुनाव: सपा ने जारी की 16 उम्मीदवारों की पहली सूची

# मैनपुरी से डिंपल तो लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा को टिकट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ । समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी पहली सूची जारी कर दी है। मैनपुरी से डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। बीते विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बसपा छोड़कर वे सपा में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें कटेहरी विधानसभा सीट से टिकट दिया था। वे चुनाव जीतकर विधायक भी बने। विधायक रहते अब सपा ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी अधिकृत तौर पर घोषित किया है। बसपा सरकारों में कैबिनेट मंत्री रह चुके लालजी टांडा सीट से भी विधायक रह चुके हैं। लोकसभा चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी पिछले कुछ समय से काफी सक्रिय नजर आ रही है।



- इंडिया गठबंधन को लेकर स्थिति बहुत साफ नहीं

अभी कुछ दिन पहले ही पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा था कि उत्तर प्रदेश में 'ऋाक्रक्ष' में सीट बंटवारे को लेकर सहमति गई है। लोकसभा की 11 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। हालांकि इसके बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा था कि सपा को बड़ा दिल दिखाना चाहिए। सूत्रों की माने तो कांग्रेस 20 सीटों की मांग कर रही है। पिछड़ों, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) सरकार का नारा बुलंद करने वाली सपा अगड़ों को भी जोड़ने की मुहिम शुरू करने जा रही है। समाजवादियों की रणनीति है कि पीडीए को उनके ● शेष पेज 11 पर

## खेती के आधुनिकीकरण से किसानों को होगा मुनाफा :शाह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि खेती को लाभकारी बनाने के लिए कृषि आधुनिकीकरण बहुत जरूरी है। इस आधुनिकीकरण के लिए किसानों को पूंजी की जरूरत होगी। ऐसे में सहकारी बैंक ही किसानों को उनकी जरूरत के हिसाब से ऋण दे सकते हैं। सहकारिता मंत्रालय इस दिशा में काम कर रहा है। शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में राज्यों के रजिस्ट्रार कार्यालय एवं कृषि व ग्रामीण विकास बैंकों के कम्प्यूटरीकरण की योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि किसानों को उनकी जरूरत के हिसाब से ऋण देने का कार्य कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) का है। हालांकि ये बैंक समय के साथ-साथ शिथिल पड़ गए थे। अब इन बैंको को आधुनिक करने का कार्य शुरू किया गया है। शाह ने कहा कि हम चाहते हैं कि एआरडीबी पुनः किसानों को मध्यावधि ऋण और दीर्घकालिक ऋण दे सकें। सरकार ● शेष पेज 11 पर



- जब एआरडीबी पूर्ण रूप से कम्प्यूटरीकृत हो जाएंगे तो इसकी व्यवस्था सरल होगी और किसानों के लिए बेहतर काम कर सकेंगे
- खेती को लाभकारी बनाने के लिए कृषि आधुनिकीकरण बहुत जरूरी है। इस आधुनिकीकरण के लिए किसानों को पूंजी की जरूरत होगी

### चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति सतनाम संधू राज्यसभा के लिए मनोनीत

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक-कुलपति सतनाम सिंह संधू को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक अधिसूचना में इसकी जानकारी दी। अधिसूचना में कहा गया है कि किसान के बेटे संधू भारत के प्रमुख शिक्षाविदों में से एक हैं। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति ने उनके उच्च सदन में मनोनयन का स्वागत करते हुए कहा है कि वे सतनाम सिंह संधू के राज्यसभा के लिए नामांकन का स्वागत करते हैं। सामुदायिक सेवा में उनका समृद्ध कार्य और शिक्षा, नवाचार और सीखने के प्रति उनका जुनून राज्यसभा के लिए ताकत का बड़ा स्रोत होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संधू को राज्यसभा में मनोनीत किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सतनाम संधू ने खुद को एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में प्रतिष्ठित किया है। वे विभिन्न तरीकों से जमीनी स्तर पर लोगों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने हमेशा राष्ट्रीय एकता को आगे बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है और भारतीय ● शेष पेज 11 पर

# चुनाव में अपने निर्णायक अवसान को देखकर भयाक्रांत है कांग्रेस : भाजपा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर आज तीखी प्रतिक्रिया देते हुए आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में लोकतांत्रिक राजवंशों के परिवारवाद का पटाक्षेप हो रहा है और वास्तविक लोकसत्ता प्रादुर्भाव हो रहा है। भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में यह प्रतिक्रिया जतायी और कहा श्देखी जमाने की यारी बिछड़े सभी बारी.बारी! हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में पूरी तरह ध्वस्त होने के बाद विपक्ष के इस तथाकथित इंडी गठबंधन की यारी अब छिन्न-भिन्न हो गई है। इस बौखलाहट में अब कांग्रेस पार्टी आपत्तिजनक बयान देने पर आ गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आधारहीन और अनर्गल बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि यह सच है कि बहुत सी बातों का पटाक्षेप हो रहा है। 1947 में राजवंशों का पटाक्षेप हुआ था। आज लोकतांत्रिक राजवंशों का पटाक्षेप हो रहा है। उन्होंने कहा 2019 के लोकसभा चुनावों में उत्तर से दक्षिण तक देश की प्रबुद्ध जनता ने जो लोकतंत्र के नाम पर राजतंत्र चला रहे थे उन्हें सबक सिखाने का काम किया। कश्मीर में अब्दुल्ला या मुफ्ती परिवार चुनाव हार गए। पंजाब में बादल परिवार चुनाव हारा हरियाणा में हुड्डा परिवार चुनाव हारा अशोक गहलोत जी का बेटा चुनाव हारा उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की ● शेष पेज 11 पर



- यह सच है कि बहुत सी बातों का पटाक्षेप हो रहा है। 1947 में राजवंशों का पटाक्षेप हुआ था। आज लोकतांत्रिक राजवंशों का पटाक्षेप हो रहा है।
- 2019 के लोकसभा चुनावों में उत्तर से दक्षिण तक देश की प्रबुद्ध जनता ने जो लोकतंत्र के नाम पर राजतंत्र चला रहे थे उन्हें सबक सिखाने का काम किया

### जाति जनगणना कराने और नहीं कराने के दबाव में फँस गए नीतीश : राहुल

पूर्णिया । कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महागठबंधन छोड़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग में शामिल होने के मामले पर आज चुप्पी तोड़ी और कहा कि श्री कुमार उनके श्री गांधी जाति जनगणना कराने और भाजपा के नहीं कराने के दबाव में फँस गए था इसलिए चले गए।
श्री गांधी ने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में मंगलवार को यहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम में अपने संबोधन में बिहार में जातीय गणना कराने का पूरा श्रेय लेते हुए कहाए मैंने नीतीश जी से साफ़ कह दिया था कि आप को बिहार में जाति आधारित गणना करनी पड़ेगी हम आपको छूट नहीं देंगे। महागठबंधन सरकार के अन्य घटक राष्ट्रीय जनता दल राज़द और कांग्रेस ने यह काम श्री कुमार पर दबाव डालकर करा लिया। लेकिन अब दूसरी ओर से दबाव आया क्योंकि भारतीय जनता पार्टी भाजपा नहीं चाहती थी कि जातीय गणना हो। कांग्रेस नेता ने कहा कि श्री नीतीश कुमार बीच में फँस गए और भाजपा ने उन्हें बाहर इस दबाव से बाहर निकलने का रास्ता दे दिया और वह उस रास्ते पर निकल गए।

# दीपदान कर महात्मा गांधी सहित अमर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

## नयी दिशा द्वारा शहीद दिवस पर अनवरत 18वें वर्ष हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर मंगलवार की शाम को कसया नगर स्थित शहीद स्मारक पार्क में अनवरत 18वें वर्ष दीपदान कार्यक्रम का आयोजन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित अमर शहीदों को श्रद्धांजलि भेंट की गयी। कार्यक्रम का आरंभ गांधी जी के प्रतिमा और शहीद स्मारक पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। शहीदों को मौन श्रद्धांजलि भेंट कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे और पार्क भारत माता की जय, वंदे मातरम, गाँधी जी अमर रहे, राष्ट्र सपूतों की जय के नारे से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य डॉ0 डीएस तिवारी ने कहा कि गांधी जी का जीवन हम सबके लिए आदर्श है। देश को अंग्रेजों सहित विभिन्न सामाजिक कुरीतियों से मुक्त कराने में उनका योगदान अतुलनीय है। उनके सत्य व अहिंसा सम्बन्धी विचार सदैव प्रासंगिक रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर में हिंदी के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ0 गौरव तिवारी ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता के विचारों को आत्मसात करना और उनके दिखाए राह पर चलना उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संचालन अभिषेक श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ0 सौरभ द्विवेदी, कृष्ण कुमार मिश्र, ममता कश्यप, डॉ0 शत्रुघ्न सिंह राजेश गुप्त, आनंद मालवीय, आरती दुबे, ममता शर्मा, ऋषिकेश शर्मा, मधुलिका पूजा, प्रज्ञान, अमृतांश विशिष्ट, अद्विका शर्मा, विनय त्रिपाठी, ध्रुव कुमार, डॉ0 अनिल सोनी, रिशुल पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# सरोजनीनगर में हुई पीडिए की पंचायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## पंचायत में सपा जिलाध्यक्ष समेत मौजूद रहे तमाम नेता



सरोजनीनगर। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड सरोजनीनगर द्वितीय में पीडिए पंचायत आयोजित की गई। बैठक में सपा जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत समेत कई नेता मौजूद रहे। सपा जिलाध्यक्ष द्वारा पंचायत में कहा गया कि संविधान की रक्षा के लिए पीडिए के लोगों को एकजुट होकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताना होगा ताकि संविधान पर हो रहे हमलों को खत्म किया जा सके लोकतंत्र बचा रह सके। इसमें मुख्य रूप से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी सी एल वर्मा, निवर्तमान महासचिव शब्बीर अहमद खान,विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव,श्रीकिशन यादव, मेवालाल विश्वकर्मा, ललिता राजपूत, बीना रावत, डा रामबली, बाबूलाल फौजी,शिवकुमार टाइगर,रमाकांत यादव,बद्रीपाल,छोटेलाल विश्वकर्मा,भरतलाल मास्टर,सुजीत यादव,राजाराम यादव,हारून अजीज, ललू यादव, राजकुमार,मेराज खान मानू,बाबू खान,राम शंकर,इलियास, अजीत यादव, सौरभ विश्वकर्मा,भोलू वर्मा,गौरव वर्मा,सुमित पंडित,तुषार विश्वकर्मा,शाहरुख खान,श्यामू पंडित आदि लोग उपस्थित रहे।

### दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

पड़रौना, कुशीनगर। दहेज हत्या के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कप्तानगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा व डीपी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राजाराम चौहान पुत्र रामधारी चौहान निवासी बसहिया उर्फ कप्तानगंज मदरहवा टोला थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर, व0उ0नि0 सूर्यभान यादव, उ0नि0 संदीप सिंह व रविन्द्र यादव शामिल रहे।

### उप्र के हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर खीरी में एक व दो फरवरी को वर्षा होने के आसार

कानपुर। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की वजह से 1 व 2 फरवरी को हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर खीरी में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है । प्रातः काल एवं रात्रि के समय कड़ाके की ठंड और घने कोहरा छाये रहने और बादलों की आवाजाही के बीच दोपहर के समय हल्की धूप निकलने के आसार हैं। यह जानकारी मंगलवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि कानपुर में मंगलवार दिन का अधिकतम तापमान 22.0 डिग्री सेल्सियस रहा और न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि सापेक्षिक आर्द्रता की बात की जाए तो अधिकतम 94 प्रतिशत एवं न्यूनतम 57 प्रतिशत रही। हवा की औसत गति 1.8 किलोमीटर प्रति घंटा रही और हवा की दिशा उत्तर पश्चिम थी। डॉ.पांडेय ने बताया कि चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और आसपास के क्षेत्रों पर है। एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ को मध्य क्षोभ मंडलीय पश्चिमी हवाओं में 5.8 किमी ऊपर एक गर्त के रूप में है, यह 32ल उत्तरी अक्षांश के उत्तर में 60 डिग्री पूर्व देशांतर के साथ चल रहा है। चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और इससे सटे पंजाब और हरियाणा पर है। 3 फरवरी से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। जेट स्ट्रीम हवाएं औसत समुद्र तल से 12.6 किमी ऊपर 142-160 नॉट की रफ्तार से चल रही है।

### भाजपा का ''गांव चलो अभियान'' पर पूरा फोकस-सिद्धार्थ

बस्ती। वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव जीतकर लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने के लिए भाजपा एक-एक कदम फूंक-फूंक कर रख रही है। भाजपा का शीर्ष प्रबंधन इस बात पर नजर रखे हुए हैं कि उसका कोई भी ''चुनावी वॉर'' खाली न जाए। यहीं वजह है कि एक-एक वोटरों को साधने के लिए भाजपा ने अब गांव का भी रुख करने की योजना बना डाली है। मिशन-2024 को फतह करने के लिए बिछायी जा रही चुनावी बिसात के तहत भाजपा ने ''गांव चलो अभियान'' पर पूरा फोकस कर दिया है। इसी कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पार्टी कार्यालय पर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लोकसभा कलस्टर प्रभारी पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि अभियान के तहत सरकार और संगठन के पदाधिकारी गांवों में 24 घंटे प्रवास करेंगे। गांव के एक-एक वोटरों को जहां साधेंगे। वहीं, इस बात का भी आंकलन करेंगे कि कौन सा वोटर गैर भाजपा दल की तरफ रुख कर सकता है। ऐसे वोटरों को चिह्नित कर अपने पाले में करने के लिए भी रणनीति पर भी भाजपा का शीर्ष प्रबंधन काम कर रहा है। हम सभी लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि किस प्रकार से अधिक से अधिक संख्या में वोट हम लोगों को मिले।हर एक बूथ हमें जितना है।यह प्रयास हम सभी को मिलकर करना है। प्रदेश प्रवक्ता/जिला प्रभारी समीर सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत की पहचान वैश्विक पृष्ठभूमि पर एक सशक्त और आत्मनिर्भर देश के रूप में बनी है। मोदी सरकार ने महिलाओं, गरीबों, आदिवासी और पिछड़ों के कल्याण के लिए दर्जनों प्रभावी योजनाओं को क्रियान्वित किया है। चार से 11 फरवरी तक चलने वाले गांव चलो अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता गांवों में 24 घंटे प्रवास कर लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताएंगे। सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि इस समय पूरा देश राममय हो गया है ।लोगों में भाजपा के प्रति एक अलग ही लगाव देखने को मिल रहा है।आज घर-घर में जनकल्याणकारी योजना दिख रही है।पूरा विश्व आज प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व की सराहना कर रहा है।जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा ने कहा कि गांव चलो अभियान के माध्यम से हमें अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना है।साथ ही जनकल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचें, हमें इसका प्रयास करना है।

### मेडिकल स्टोर कर्मचारी का शव बेतवा नदी में मिलने से हड़कम्प

झांसी। मेडिकल स्टोर पर काम करने वाले कर्मचारी का शव बरुआसागर थाना क्षेत्र स्थित बेतवा नदी में मिलने से हड़कम्प मच गया। वहीं नदी पर बने पुराने नोट घाट पुल पर मृतक की स्कूटी, मोबाइल, स्कूटी की चाबी चप्पल मिलने से आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। महानगर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बड़ा बाजार निवासी संजय गुप्ता एक मेडिकल स्टोर पर काम करते थे। 29 जनवरी से उनके लापता होने की जानकारी परिजनों ने थाना पुलिस को दी थी। पुलिस और परिजन लगातार संजय गुप्ता की तलाश में जुटे हुए थे। तभी मंगलवार को सूचना मिली कि संजय की स्कूटी, मोबाइल फोन, स्कूटी की चाबी व चप्पल बेतवा नदी के पुराने नोट घाट पुल पर लावारिश अवस्था में पड़े हुए मिले हैं। पुलिस ने तत्काल गोताखोर बुलाकर नदी में संजय की खोजबीन शुरू कर दी और कुछ ही घंटों में संजय का शव नदी के दूसरे किनारे बरामद हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# प्रतिदिन भूखों का पेट भर रही तारा शक्ति नि:शुल्क रसोई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । लोकबंधु राजनारायण संयुक्त अस्पताल में प्रतिदिन अपने परिजन का उपचार कराने पहुंचने वाले लोगों के लिए तारा शक्ति निःशुल्क रसोई पेट भर भोजन करने की उत्तम व्यवस्था देती है। भूखों का पेट भर रही रसोई के कर्मचारी भी लोगों को भोजन परोसते हुए थकते नहीं है। सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डा.राजेश्वर सिंह की ओर से कुछ समय पहले दो हजार क्षमता वाली तारा शक्ति निःशुल्क रसोई की शुरुआत लोकबंधु राजनारायण संयुक्त अस्पताल में की थी। रसोई में प्रतिदिन चावल, दाल या चालव सब्जी, रोटी दाल या रोटी सब्जी तैयार कर वितरण किया जाता है। दिन के वक्त 12 बजे से लगातार भोजन की थाली परोसी जाती है। लोकबंधु अस्पताल के अस्थायी कर्मचारी सतगुरु ने बताया कि लोकबंधु अस्पताल में सैकड़ों लोगों को तारा शक्ति रसोई का आसरा रहता है। लोगों को मरीज दिखाने के बाद भोजन मिल जाता है। वैसे तो अस्पताल के कर्मचारी अपना भोजन लेकर आते हैं। किसी दूसरी परिस्थिति में रसोई का भोजन कर उनके जैसे कर्मचारी भी तृप्त होते हैं।

उन्होंने बताया कि सेवा कार्य करने वाले स्थानीय विधायक की पहल पर यह उत्तम सेवा कार्य चल रहा है। जिससे लाभांवित होने वाले लोगों की संख्या पर्याप्त है। वहीं अस्पताल में हजारों लोग प्रतिदिन उपचार कराने आते हैं और देर हो जाने पर निःशुल्क रसोई में भोजन की सेवा प्राप्त करते हैं। मरीज दिखाने आये ओमप्रकाश ने कहा कि वर्तमान समय में विधायक राजेश्वर सिंह की ओर से चल रही रसोई सेवा का भोजन उन्होंने प्राप्त किया। वह मरीज दिखाने आये थे, कुछ जांच कराने में समय लगा तो उन्हें भोजन भी मिल गया। इसके बाद अब वह अपने घर को लौट रहे हैं। रसोई का भोजन शुद्धता से भरपूर है और इसे खाने में घर जैसे भोजन की अनुभूति हो रही है। तारा शक्ति निःशुल्क रसोई के सेवा कर्मियों की मानें तो वे समस्त लोगों को भोजन कराने के बाद ही स्वयं भोजन करते हैं। सेवा कार्य में उनका मन पूरी तरह से लगा हुआ है। ये सेवा कार्य विधायक राजेश्वर सिंह की ओर से चलाया जा रहा है, इस कारण रसोई के संचालन में होने वाली दिक्कतों की जानकारी विधायक स्वयं करते रहते हैं। जिससे रसोई संचालन में कोई समस्या नहीं आती।

### ज्वैलरी पार्क बनवाने को एकजुट हुए सर्राफा कारोबारी, भूखंड देखा

मेरठ। मेरठ के वेदव्यासपुरी में ज्वैलरी पार्क और प्लेटेड फैक्ट्री कॉम्पलेक्स की स्थापना की मांग बुलंद हो रही है। मंगलवार को मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन एवं मेरठ जेम्स एंड ज्वैलरी काउंसिल की संयुक्त बैठक हुई। बैठक के बाद सर्राफा कारोबारियों ने वेदव्यासपुरी का भूखंड भी देखा। वेदव्यासपुरी में मंगलवार को राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी की पहल पर मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन एवं मेरठ जेम्स एंड ज्वैलरी काउंसिल की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में मेरठ में ज्वैलरी पार्क और प्लेटेड फैक्ट्री कांप्लेक्स की स्थापना पर चर्चा हुई। बैठक के बाद सर्राफा कारोबारियों ने वेदव्यासपुरी में ज्वैलरी पार्क के लिए प्रस्तावित भूखंड का अवलोकन किया। मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के महामंत्री विजय आनंद अग्रवाल ने कहा कि इस भूखंड को उचित दरों पर ज्वैलरी पार्क अथवा प्लेटेड फैक्ट्री कांप्लेक्स के लिए उपलब्ध कराया जाए।

# उत्तर प्रदेश की झांकी को मिला द्वितीय पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## गणतंत्र दिवस समारोह 2024 में 'विकसित भारत-समृद्ध विरासत' थीम पर सजाई गई थी यूपी की झांकी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में विकास के ट्रैक पर तेजी से दौड़ रहे उत्तर प्रदेश को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड 2024 में उत्तर प्रदेश की मनोरम झांकी ने सभी का दिल जीत लिया। 'विकसित भारत-समृद्ध विरासत' की थीम पर सजाई गई उत्तर प्रदेश की झांकी को 75वें गणतंत्र दिवस पर द्वितीय पुरस्कार मिला है। मंगलवार को नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक शिशिर को भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया। 26 जनवरी को 16 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के साथ ही 9 अलग-अलग मंत्रालयों व विभागों की कुल 25 झांकियां निकली थीं। इसमें पीपुल्स च्वॉइस के आधार पर उत्तर प्रदेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर की थीम पर सजाई गई उत्तर प्रदेश की इस झांकी ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें पांच वर्ष के रामलला को हाथों में धनुष लिए दर्शाया गया था। झांकी पर ऋषि-मुनियों के साथ सनातन परंपरा और महाकुंभ आयोजन का अद्भुत नजारा देखने को मिला। साथ ही रैपिड रेल, ब्रह्मोस मिसाइल के प्रदर्शन तकनीक के साथ ही आत्मनिर्भर होते यूपी की झलक पेश कर रहा था। उत्तर प्रदेश के लिए यह गौरव का क्षण है। उत्तर प्रदेश को गणतंत्र दिवस परेड में आकर्षक झांकी के लिए अनवरत पांचवें वर्ष सम्मानित किया गया। 2020 में यूपी की झांकी को द्वितीय, 2021 व 2022 में प्रथम पुरस्कार मिला था। 2023 में पीपुल्स च्वॉइस श्रेणी में द्वितीय व तृतीय पुरस्कार यूपी के खाते में आया। वहीं 2024 में भी पीपुल्स च्वॉइस श्रेणी में उत्तर प्रदेश की झांकी दूसरे स्थान पर रही।

# स्वच्छ पेयजल के लिए जागरूकता हेतु एलईडी वैन को दिखाई हरी झंडी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश के तहत जल निगम कार्यालय कुशीनगर से जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जनपद के विभिन्न विकास खंडों के समस्त ग्राम पंचायतों एवं राजस्व ग्रामों में जल जागरूकता की समस्त टीमों की गाड़ियों को अधिशासी अभियंता पंकज कुमार, सहायक अभियंता विवेक कुशवाहा, कंप्यूटर ऑपरेटर संदीप गौड़, नीरज कुमार व सुमित वर्मा ने संयुक्त रूप से एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपस्थित प्रशिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की तो वही इस मौके पर डीपीसी अंकुश सिंह, एडीपीसी मानवेंद्र सिंह, रईस अहमद, विवेक सिंह, मनोज कुमार, चंद्रकेश, कमलेश हरिओम सिंह, शिवम, सौरभ इत्यादि उपस्थित रहे।

# ट्रिपल आईटी एवं थिंक इंडिया के बीच समझौता पत्र पर बनी सहमति

एजेंसी

प्रयागराज। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी), इलाहाबाद के छात्र जिमखाना और थिंक इंडिया ने मंगलवार को राष्ट्रवादी भावना विकसित करने और युवा भारत को समाज की सेवा के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह जानकारी संस्थान के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. पंकज मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि इसमें देश के प्रतिष्ठित संगठन थिंक इंडिया के माध्यम से छात्रों को विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। थिंक इंडिया देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को एक साथ लाने और उनमें 'राष्ट्र प्रथम' का दृष्टिकोण पैदा करने की एक अखिल भारतीय पहल है। यह ल्लकल के नेताओंल्ल के लिए एक मंच है जहां वे राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हैं, अपनी चिंताओं को उठाते हैं और भारत के सामने आने वाली समस्याओं के लिए अभिनव समाधान पेश करते हैं। झलवा परिसर में थिंक इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक सुमित पांडे ने कहा कि थिंक इंडिया को राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के उद्देश्य को आगे बढ़ाने में छात्रों को भारतीय राष्ट्रवादी धागे से बांधने की आवश्यकता महसूस हुई। आईआईएससी, आईआईएमबी, एनआईएमएचएएनएस और एनएलएसआईयू के छात्रों ने 2006 में भारत के प्रमुख संस्थानों के छात्रों के लिए एक संयुक्त मंच बनाने के लिए मिलकर काम किया। वर्ष 2007 में थिंक इंडिया की शुरुआत आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम, बेंगलुरु में संयुक्त रूप से हुई थी। उन्होंने कहा कि हमारे प्रयास, कक्षा की सीमाओं से परे विस्तार करते हुए, सार्वजनिक कल्याण को बढ़ाने का लक्ष्य रखेंगे और ज्ञान फैलाने के हमारे प्रयास अनुसंधान, खोज, प्रौद्योगिकी विकास, उद्योग की सेवा करने के लिए एक बहुविषयक मंच तक फैलेंगे। इस अवसर पर संस्थान के एसोसिएट डीन (मानव संसाधन) एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सविष्कार आयाम के काशी प्रांत के प्रमुख डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने संस्थान के छात्रों को थिंक इंडिया के बारे में विस्तार से बताया एवं छात्रों को थिंक इंडिया से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया इसके पूर्वी थिंक इंडिया से सम्बंधित ओरिएंटेशन कैम्प में पिछले दो-तीन वर्षों से छात्रों को अवगत कराया जा रहा है। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री प्रभाकर, संस्थान के डीन, स्टूडेंट अफ़ेयर, प्रो रंजीत सिंह, डॉ. शशिकांत राय, जिमखाना के अध्यक्ष रोहित सोनी, सचिव आदित्य सहित शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। डॉ. पंकज मिश्र ने बताया कि एमओयू में ट्रिपल आईटी के छात्रों के लिए अगले तीन वर्षो की अवधि में नियमित अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम और छात्रों के लिए अन्य शैक्षणिक गतिविधियां शुरू की जाएंगी। प्रख्यात वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और प्रोफ़ेसरों को उनकी पसंद के विषयों पर छोटे समूहों अध्ययन मंडलों को शामिल करने को आमंत्रित किया जाएगा।

# अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर। स्थानीय उपनगर के एक वार्ड में अज्ञात चोरों द्वारा बन्द घर मे चोरी घटना को अंजाम दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बावत गृह स्वामी ने सेवरही पुलिस को तहरीर सौंप घटना का पर्दाफाश करने के साथ ही अज्ञात चोरों की विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत सेवरही के अंबेडकर नगर वार्ड निवासी जयप्रकाश रावत पुत्र रामदेनी रावत के घर में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। गृह स्वामी के अनुसार अज्ञात चोरों द्वारा सामान सहित नगद रुपए की चोरी की गई है। पीड़ित गृह स्वामी ने सेवरही पुलिस को तहरीर सौंप कार्यवाही की गुहार लगाई है। वही कस्बा सहित थाना क्षेत्र में अनवरत हो रही चोरियों पर विराम नहीं लगने से व्यापारियों सहित नगर वासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने की मांग किया है।

# दर्द निवारक दवाइयों से खून के प्रवाह पर असर : सतीश राय

एजेंसी




प्रयागराज। मौसम में बदलाव के समय लोग ज्यादा बीमार होते हैं। तापमान के बढ़ने या गिरने से सांस के रोगियों की बीमारियां बढ़ जाती हैं। यह बीमारी ठंड के मौसम में ज्यादा होती है। सर्दियों में अपनी जीवन शैली में परिवर्तन कर शरीर को कड़ाके की ठंड से जूझने के लिए तैयार करें ताकि मौसमी बीमारियों से बचाव हो। खान-पान में बदलाव करें, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करें, शरीर को गर्म रखने का उपाय करें। यह बातें एसकेआर योग एवं रेकी शोध प्रशिक्षण और प्राकृतिक संस्थान प्रयागराज रेकी सेंटर पर जाने-माने स्पर्श चिकित्सक सतीश राय ने लोगों से कही। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे ठंड बढ़ती है शरीर को ज्यादा ऊर्जा की जरूरत पड़ती है। सर्दियों में ठंड से बचने और ऊर्जा प्राप्त करने का सबसे सरल उपाय है, जमकर भोजन करना। सर्दी से बचने के लिए खान-पान और जीवन शैली में कुछ बदलाव जरूरी है। इसमें गर्मी देने वाले आहार जैसे अदरक, लहसुन, जायफल, हींग, काली मिर्च, गिलोय, अश्वगंधा, लौंग, घी, शहद, गुड़, तिल, मौसमी फल आदि को किसी भी रूप में अपने भोजन में शामिल जरूर करें। सतीश राय ने कहा कि प्राकृतिक उपचार फैलाव और सिकुड़न पर आधारित है। सर्दियों में शरीर के रोम छिद्र सिकुड़ कर कम हो जाते हैं। ऐसे में शरीर को जरूरी ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। ऐसे में शरीर को गर्माहट से ज्यादा फायदा होता है। गर्माहट से त्वचा फैलती है। इसके लिए लाइफ रूटीन में कुछ छोटे बदलाव करने हैं। सुबह उठे तो तुरंत न उठकर बिस्तर पर ही गहरी लम्बी सांस लें और छोड़ें। अपने हाथ पैरों को इधर-उधर चलाएं बिस्तर छोड़ने के पश्चात रोजाना हल्की एक्सरसाइज करने की आदत डालें।

सतीश राय ने कहा कि स्पर्श-ध्यान को अपने जीवन का हिस्सा बनाने से मौसम बदलने पर स्वास्थ से जुड़ी मौसमी चुनौतियों से बचाव होगा। प्राकृतिक उपचार से ही अपने रोगों को ठीक करने की आदत डालें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शरीर दर्द दूर करने के लिए लोग तुरंत दर्द की दवा खा लेते हैं, इससे किडनी को बहुत नुकसान पहुंचता है। दर्द निवारक दवाइयां खून के प्रवाह पर असर करती हैं जिसकी वजह से दर्द कम महसूस होता है। इससे पेट में एसिडिटी एवं अल्सर होने की सम्भावना बढ़ जाती है। पेन किलर का अंधाधुंध सेवन शरीर से पानी और सोडियम निकालने की किडनी के रफ्तार को धीमा कर देता है। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा 50 प्रतिशत बढ़ जाता है। सतीश राय ने कहा जिन लोगों का ब्लड सर्कुलेशन कम रहता है, उन लोगों को ठंड ज्यादा लगती है। कभी-कभी ज्यादा ठंड लगना जानलेवा भी हो जाता है। शरीर की धमनियां संकुचित हो जाने से रक्त प्रवाह कम हो जाता है। ऐसे में हमारी चिकित्सा ऐसी होनी चाहिए जो शरीर के अंदर रोगों से लड़ने वाली सुरक्षा शक्तियों को कोई नुकसान न पहुंचाएं। ठंडे मौसम में बैक्टीरिया, वायरस सक्रिय हो जाते हैं जो कमजोर इम्यूनिटी वालों को परेशान करते हैं। ऐसे में आध्यात्मिक उपचार के विकल्प अपनाकर हमें अपने को अंदर से मजबूत बनाना चाहिए, जो बिना खर्च के किया जा सकता है।

# आईएएस अफसरों के बाद उप्र में बड़े पैमाने पर आईपीएस के तबादले

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ, 30 जनवरी (हि.स.)। उत्तर प्रदेश में एक बार फिर तबादला एक्सप्रेस चली है। आईएएस अधिकारियों के तबादले के बाद मंगलवार दोपहर को बड़े पैमाने पर आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए थे। जबकि सोमवार की आधी रात को आठ जिलों के जिलाधिकारी समेत कई आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ था।

तबादले में अतुल शर्मा को सेनानायक 24वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद से सेनानायक 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, आशीष श्रीवास्तव को पुलिस पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट कानपुर, गौरव बंशवाल को पुलिस अधीक्षक वीआई सुरक्षा लखनऊ से पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण एवं सुरक्षा लखनऊ, पूजा यादव को पुलिस मुख्यालय से हटाकर उन्हें सेनानायक 24 वाहिनी पीएसी मुरादाबाद बनाया गया है। इसी तरह अमित कुमार को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी से पुलिस अधीक्षक एटीएस लखनऊ, रईस अख्तर को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर लखनऊ से पुलिस अधीक्षक तकनीक सेवाएं लखनऊ, रवीना त्यागी को पुलिस अधीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, विक्रांत वीर को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी से सेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ बनाया गया है।

प्रमोद कुमार को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी, एसएम कासिम आब्दी को अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पुलिस महानिदेशक लखनऊ और हृदेश कुमार पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी भेजा गया है।

इसी तरह आनंद कुमार को पुलिस अधीक्षक 01वीं वाहिनी एसएसफ लखनऊ से सेना नायक 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर, श्रवण कुमार सिंह को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर, शिवा जी को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, प्रबल प्रताप सिंह को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, शैलेन्द्र कुमार राय को पुलिस अधीक्षक पीटीएस मेरठ से पुलिस अधीक्षक कानून एवं व्यवस्था लखनऊ,




डॉ0 दुर्गेश कुमार को पुलिस अधीक्षक/स्टॉफ आफिसर टू डीजीपी, मुख्यालय सेना नायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, डी प्रदीप कुमार को पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू वाराणसी से सेना नायक 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र, बबिता साहू को पुलिस अधीक्षक (प्रशासन) पुलिस मुख्यालय लखनऊ से सेना नायक 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर भेजा गया है। राजधारी चौरसिया को पुलिस अधीक्षक (प्रशासन) पुलिस मुखयालय लखनऊ, रमेश प्रसाद गुप्ता को पुलिस अधीक्षक अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ से पुलिस अधीक्षक लॉजिस्टक लखनऊ, रामसेवक गौतम को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर, सुरेन्द्र नाथ तिवारी को पुलिस अधीक्षक (स्थापना) पुलिस मुख्यालय लखनऊ, मो. तारिक पुलिस अधीक्षक रूल्स एंड मैन्युअल लखनऊ से पुलिस अधीक्षक (मानवाधिकार) पुलिस मुख्यालय लखनऊ, पंकज कुमार पाण्डेय को पुलिस अधीक्षक मुख्यालय से सेना नायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी, अजीत कुमार सिन्हा को पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम लखनऊ से सेना नायक 33वीं वाहिनी पीएसी झांसी, सुशील कुमार शुक्ला को पुलिस अधीक्षक यूपी 112 से सेना नायक 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़ बनाया गया है।

इसके साथ ही दयाराम को पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ से सेना नायक 02वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, सर्वानंद यादव को पुलिस अधीक्षक यातायात निदेशालय लखनऊ, सेना नायक 12वीं वाहिनी पीएसी फतेहपुर, कमलेश दीक्षित पुलिस अधीक्षक रूल्स एंड मैन्युअल लखनऊ से सेना नायक 37वीं वाहिनी कानपुर नगर, अरुण कुमार श्रीवास्तव को सेना नायक 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र से सेना नायक 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी, सलमानताज पाटिल को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, विद्यासागर मिश्रा को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, तेज स्वरूप को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, डा. महेन्द्र पाल सिंह को पुलिस अधीक्षक एएनटीएफ लखनऊ से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ और श्याम नारायण सिंह को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी बनाया गया है।

वहीं, तबादले के क्रम में रमित शर्मा को पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज और डा. संजीव गुप्ता को पुलिस महानिरीक्षक (सचिव गृह) से अपर पुलिस महानिदेशक (सचिव गृह) के पद पर पदोन्नति की गई है। इसी तरह आनंद प्रकाश तिवारी को अपर पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर से पुलिस महानिरीक्षक भवन एवं कल्याण पुलिस मुख्यालय लखनऊ, धर्मेन्द्र सिंह को पुलिस महानिरीक्षक आरटीसी चुनार मीरजापुर, एल आर कुमार को पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था लखनऊ, अब्दुल हामिद को पुलिस महानिरीक्षक एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स लखनऊ बनाया गया है।इसी तरह पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर से पिछले साल छह अप्रैल को किया गया पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी के पद पर किया गया स्थानांतरण निरस्त, संतोष कुमार मीना को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर, अभिजीत कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक बरेली से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज, श्रुति श्रीवास्तव को अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी, पुनीत द्विवेदी को अपर पुलिस अधीक्षक एवं परिसहाय राज्यपाल उप्र, शिव सिंह को अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर, नीतू को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी, आकाश पटेल को अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी बनाया गया है।

तबादले क्रम को जारी रखते हुए शलभ माथुर को पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़, आकाश कुलहरि को पुलिस महानिरीक्षक/सयुंक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, रोहन पी कनय को पुलिस उपमहानिरीक्षक तकनीकी सेवाये लखनऊ, संजय सिंह को सेना नायक 2वीं वाहिनी पीएसी से पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी गोरखपुर, वैभव कृष्ण को पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण एवं सुरक्षा लखनऊ पुलिस उपमहानिरीक्षक (वीआई) सुरक्षा लखनऊ, प्रभाकर चौधरी को सेना नायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ से पुलिस उपमहानिरीक्षक (स्थापना) पुलिस मुख्यालय लखनऊ, संजीव त्यागी को क्षेत्रीय अभिसूचना अयोध्या से पुलिस उपमहानिरीक्षक, अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ,पूनम को सेना नायक 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़ से पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी सेक्टर आगरा, सत्यार्थ अनिरूद्ध पंकज को पुलिस अधीक्षक (स्थापना) को पुलिस उपमहानिरीक्षक उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ, राठौर किरीट कुमार को हरिभाई सेना नायक 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी सेक्टर लखनऊख शैलेश कुमार यादव को पुलिस अधीक्षक (मानवाधिकार) पुलिस मुख्यालय से पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी सीतापुर, शफीक अहमद को पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षण) निदेशालय से पुलिस उपमहानिरीक्षक ईओडब्ल्यू लखनऊ बनाया गया है।

# बोनी कपूर जेवर में बनाएंगे फिल्म सिटी

## अक्षय कुमार और टी सीरीज को पछाड़ लगाई सबसे बड़ी बोली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ उत्तर प्रदेश में फिल्म सिटी बनाने का सीएम योगी का सपना अब जल्द हकीकत बनने वाला है। गौतमबुद्ध नगर के जेवर में बनने वाली फिल्म सिटी को लेकर अंतिम मुहर लग गई है।

निर्माता-निर्देशक बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप मिलकर जेवर में फिल्म सिटी बनाएंगे। इस परियोजना के लिए मंगलवार को फाइनेंशियल बिड खोली गई, जिसमें बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के ज्वाइंट वेंचर बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने हाईएस्ट बिड देकर प्रोजेक्ट हासिल कर लिया। कंपनी की ओर से 18 परसेंट ग्रॉस रेवेन्यू शेयर के साथ बोली लगाई थी। तकनीकी रूप से योग्य पाई गई संस्थाओं में से जो संस्था अधिकतम ग्रॉस रेवेन्यू शेयर प्राधिकरण को देगी उसे सेलेक्टेड बिडर के रूप में चयनित किए जाने का प्राविधान था। अभिनेता अक्षय कुमार भी प्रोजेक्ट के लिए दौड़ में शामिल थे।

### रेवेन्यू शेयर पर्सेंटेज के आधार पर लगी बोली

फाइनेंशियल बिड में कंपनियों द्वारा ग्रॉस रेवेन्यू शेयर पर्सेंटेज के आधार पर बोली लगाई गई। बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी की ओर से 18 पर्सेंटेज की सफल बोली लगाई गई। वहीं 4 लायंस फिल्म्स प्रा लि ने 15.12%, सुपरसोनिक टेक्नोबिल्ड प्रा लि ने 10.80% और सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज प्रा लि ने 5.27% पर बोली लगाई। यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह के अनुसार रेवेन्यू शेयर का अर्थ ये है कि फिल्म सिटी का निर्माण करने के बाद कंपनी को जो भी आय होगी, उसका 18 प्रतिशत वह प्राधिकरण को देगी। प्राधिकरण की ओर से उसे लैंड के अलावा अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराया जाएगा, जबकि फिल्म सिटी के अंदर सभी कंस्ट्रक्शन और सुविधाओं का विकास कंपनी को स्वयं करना होगा।

### कैबिनेट की मंजूरी के बाद मिलेगा लेटर ऑफ अवार्ड

बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी द्वारा 2 अन्य फर्म के साथ कंसोर्टियम करते हुए निविदा प्रस्तुत की गई है। कंसोर्टियम में बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी का 48% शेयर है और उसका रोल ऑपरेशनल और मेंटिनेंस का है। वहीं परमेश कंस्ट्रक्शन कंपनी लि का 26% शेयर है और उसका रोल फाइनेंशियल होगा। इस कंपनी के ओनर प्रेम भूटानी और आशीष भूटानी हैं। इसी तरह शेष 26% शेयर नोएडा साइबरपार्क प्रा. लि. का है, जिसका रोल टेक्निकल सपोर्ट का है। पीपीपी गाइडलाइंस के अनुसार संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत फाइनेंशियल बिड को पीपीपीबीईसी समिति की संस्तुति सहित कमेटी ऑफ सेक्रेट्रिएट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जिसकी संस्तुति को कैबिनेट के अनुमोदन मिलने के बाद हाईएस्ट बिडर के रूप में सफल बिडर के रूप में लेटर ऑफ अवार्ड जारी किया जाएगा।

### अक्षय कुमार, केसी बोकाडिया और टी सीरीज भी थे रेस में

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी परियोजना में रविवार को बिड करने वाली चारों कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया था। प्रेजेंटेशन में कंपनियों द्वारा फिल्म सिटी परियोजना को विकसित किए जाने के संबंध में अपना विजन, कॉन्सेप्ट, टाइमलाइन, हाइलाइट्स पर जोर दिया गया था। चारों कंपनीज को टेक्निकली क्वालीफाइड पाया गया और फाइनेंशियल बिड के लिए भेज दिया गया। बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी की तरफ से बोनी कपूर, आशीष भूटानी, सीईओ भूटानी इंफ्रा, अश्विनी चैटलें एवं अली चैटलें, राजीव अरोड़ा, अरविन्द कुमार बिन्नी द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। इसके अलावा 4 लायंस फिल्म्स प्रा. लि. की तरफ से केसी बोकाडिया, सुपरसोनिक टेक्नोबिल्ड प्रा. लि. की तरफ से फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार, दिनेश विजन मैडॉक फिल्म्स और सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज प्रा. लि. (टी सीरीज) की।

# मानको के विपरीत डाली जा रही है पेयजल की लाइन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। जलकल विभाग के अधिकारियो की लापरवाही के चलते जलकल विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यो में ठेकेदार द्वारा मनमानी की जा रही है जिससे की विभाग को चूना लगना तय है। ज़ोन 6 के अम्बरगंज इलाके में अम्बरगंज पुलिस चौकी से लेकर महबूब गंज तिराहे तक पेयजल की 4 इंची पाइपलाइन डाली जा रही है।

पाइपलाइन डाले जाने के दौरान यहाँ मानकों की अनदेखी हो रही है। यहाँ ठेकेदार द्वारा यह पेयजल की पाइपलाइन मानको के विपरीत मात्र डेढ़ फिट पर डाल दी गयी है जिसकी जानकारी संबंधित अवर अभियंता को भी है किन्तु कार्य पूरी गति से चलता रहा और पाइप लाइन डालने के बाद मिट्टी से बंद कर दी गई। विभाग द्वारा निर्धारित गहरान से कम गहराई पर डाली गई ये वाटर सप्लाई लाइन मुख्य मार्ग पर होने के कारण इसके जल्दी ही छतिग्रस्त होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। यदि भविष्य में ऐसा हुआ तो विभाग का बड़ा नुकसान होना तय है। वहीं ज़ोनल अधिकारी से जब बात की गयी तो उनका कहना था की मैं खुद मौके पर जा कर निरीक्षण करूंगा यदि लाइन डालने में मानकों की अनदेखी हो रही है इस पर जो उचित कार्यवाही होगी वह की जायेगी।

# संविधान बचाने के लिए पीडीए पंचायत की गई आयोजित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मोहनलालगंज लखनऊ। मंगलवार को मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के समेसी एवं पतौना में पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य रूप से पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने पंचायत में मौजूद पीडीए के लोगों से संविधान बचाने के लिए इस लड़ाई के साथ देने के लिए अनुरोध किया व पिछड़ों दलितों पर हो रहे अत्याचार को समाप्त करने के लिए आने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों जिताने के लिए अपना वोट देने का अनुरोध किया और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ समाजवादी पार्टी के पक्ष में भारी जनमत देने की अपील की। इस दौरान, पूर्व मंत्री देवकली रावत, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, पूर्व प्रधान जब्बार हुसैन, अतुल यादव, अनुज यादव, बीड़ीसी श्याम सुन्दर रावत, बरजोर यादव, सुजीत यादव, प्रधान दिलीप रावत, महेन्द्र यादव, अर्चना रावत, हरीशंकर रावत एवं सभी बूथ प्रभारीगण व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# सरकारी मिट्टी बेंच रहे पीएनसी के कर्मचारी

## भाजपा नेता ने सरकारी मिट्टी की बिक्री को किया उजागर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सरोजनीनगर । एक तरफ़ कम्पनी के अधिकारी कहते हैं कि रोड बनाने के लिये मिट्टी नहीं मिल रही वहीं दूसरी तरफ़ कम्पनी के ही बड़े अधिकारी पीएनसी कम्पनी की मिट्टी जो बनी ग्राम सभा में जहां पर कम्पनी ख़ुद काम कर रही तालाब के पास वहाँ पर पीएनसी ने मिट्टी कई ढेर लगवाये थे और अब बनी के ही एक व्यक्ति को बेंच दिया जो अपने जेसीबी और ट्रेक्टर से अपने घर पर डलवा रहा है।

एक भाजपा नेता के अनुसार जब उन्होंने पीएनसी के अधिकारी ट्ष्ख्व दिलीप से बात किया तो उन्होंने कहा कि इनको मिट्टी की ज़रूरत थी इस लिये इनको दे दिया नेता ने कहा रोड के काम के लिये मिट्टी नही मिला पा रही आप लोगों को और आप मिट्टी बेंच रहे हो तो कुछ भी जवाब ना देकर फोन को काट दिया गया। नेता ने बताया कि उसके बाद उन्होंने एसडीएम सरोजनीनगर को फोन किया तो उन्होंने बताया कि अप्लिकेशन दे दो फिर मैं देखता हूँ अब देखने वाली ये बात है कि कोई क्राइम हो रहा हो और अगर उससे सम्बन्धित किसी भी अधिकारी को सूचना दी जाती है तो कहतें हैं कि ऐप्लिकेशन दे दो उस टाईम पर क्राइम को रोकने के लिये कोई उचित करवाई ना करके अधिकारी अप्लिकेशन माँगते हैं। नेता ने कहा की सरेआम मिट्टी उठाई जा रही है पीएनसी अधिकारी दिलीप जो SPN रैंक के अधिकारी हैं जब वही ऐसा काम करवा रहे है और एसडीएम अप्लिकेशन माँग रहे है उस काम को रोकने की जगह अप्लिकेशन माँग रहे है ऐसे में क्या उम्मीद किया जाये की भ्रष्टाचार रोका जा रहा जहां योगी जी की सरकार भ्रष्टाचार पर पूरे ज़ोर सोर से कहती है कि भ्रष्टाचार नही होने देंगे वहीं ये लोग खुले आम सरकार को चुनौती देते नजर आ रहे हैं।

### पशु सेवा मे लगा रहता है ताला

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । इन गोसाईगंज क्षेत्र के गांव महुरा खुर्द का पशु सेवा केंद्र चर्चा का विषय बना हुआ है।गांव से मिली जानकारी के अनुसार वहां हर समय ताला लटकता हुआ दिखाई पड़ता है।अस्पताल मे तैनात पशु चिकित्सक कब आते है कब लौट जाते है इसकी खबर किसी को लग ही नहीं पाती है। लोगो का मानना है कि अधिकतर दिनो मे पशु सेवा केंद्र मे ताला लटकता रहता है। यहां डाक्टर अखंड प्रताप सिंह के ड्यूटी पर तैनात की बात कही जा रही है लेकिन यह बात बहुत ही कम लोगो को मालूम है।सभी की नजर मे यही है कि इस पशु सेवा केंद्र पर कोई डॉक्टर कार्यरत नहीं है। इस संबंध गोसाईगंज पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बृजेश से जानकारी लेने पर पता चला कि महुरा खुर्द मे अस्पताल मे अखंड प्रताप सिंह तैनात है लेकिन इन दिनों उनकी ड्यूटी पशु टीकाकरण के कार्य मे लगी हुई थी।अब उनको इस कार्य से फुर्सत मिल गई है। वे अपनी ड्यूटी पर मौजूद मिलेंगे।

### पुलिस महानिदेशक ने 11 प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारियों से की शिष्टाचार भेंट

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में 11 प्रशिक्षु आईएफएस (भारतीय विदेश सेवा) अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की।उक्त प्रशिक्षु आई.एफ.एस. अधिकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप पुलिस विभाग की कार्य प्रणाली से भिज्ञ होने के लिए पुलिस मुख्यालय में आगमन किए। भेंटवार्ता के दौरान प्रशिक्षु आई.एफ.एसअधिकारियों को पुलिस कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए उनके जिज्ञासा भरे प्रश्नों का उत्तर दिया। उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सुन्दर काण्ड का आयोजन हुआ

गोसाईगंज लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । गोसाईगंज के अमेठी कस्बे में पावर हाउस अमेठी में सुन्दर काण्ड का आयोजन व भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे अमेठी पावर हाउस के उपखण्ड अधिकारी समय त्रिवेदी, अवर अभियन्ता राकेश कुमार शुक्ला तथा कर्चचारी, सुखदेव सिंह , राजकुमार , जय सिंह , संजीव , आलोक व अमेठी के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

### मामा के घर रह रही किशोरी से युवक ने की छेड़छाड़

मोहनलालगंज लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव मे सोमवार की रात घर मे घुसकर छेड़छाड़ कर रहे युवक व उसके साथी को पकड़कर पिटाई के बाद पुलिस के हवाले कर दिया, लेकिन कार्रवाई के बजाय चौकी इंचार्ज खुजौली पंचायत करने लगे, मामले की भनक इंस्पेक्टर को लगने पर, इंस्पेक्टर ने चौकी इंचार्ज को फटकार लगाने के साथ ही आरोपियो के विरूद्व केस दर्ज कराया। मोहनलालगंज के एक गाँव की 16 वर्षीय किशोरी इलाके के एक गाँव मे अपने मामा के यहा रहती थी, सोमवार की रात आरोपी अर्जुन घरकी दिवार फाद कर किशोरी के कमरे मे घुस गया आहट मिलने पर नीद खुलने पर किशोरी के मामा ने आरोपी को पकड लिया जिसपर आरोपी ने उसे वसीम के द्वारा भेजने की बात कबूली। लोगो ने वशीम को भी मौके पर बुलाया और पकडे गये दोनो आरोपियो की पिटाई कर दी। किशोरी के मामा ने पूरे मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी जिसके बाद मौके पर पहुची 112 की पुलिस दोनो आरोपियो को थाने ले आई। आरोपी के मामा ने थाने पर मौजूद खुजौली पुलिस चौकी इंचार्ज को आरोपियो के विरूद्व तहरीर दी लेकिन चौकी इंचार्ज ने कार्रवाई के बजाया दोनो पक्षो को मंगलवार की सुबह चौकी पर आने की बात कही। मंगलवार को पूरे दिन चौकी पर सुलह की पंचायत चलती रही। चौकी पर पंचायत की सूचना सोशल मीडिया पर वायरल होने पर इंस्पेक्टर ने चौकी इंजार्च को जमकर फटकार लगाई और दोनो आरोपियो को हिरासत मे लेने और मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए।

### प्रदेश में तेजी से बदला मौसम, खुली तेज धूप, गिरा पारा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । प्रदेश का मौसम बीते दो दिनों में तेजी से बदला है। बुधवार से इसमें फिर बदलाव के आसार मौसम विभाग ने जताए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 31 जनवरी से प्रदेश में गरज–चमक के साथ बारिश के आसार बन रहे हैं। चार फरवरी तक फिलहाल बूंदाबांदी–बौछारों के आसार जताए जा रहे हैं।आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ी है। इसके कारण पृथ्वी की सतह पर हवा का रुख बदला हुआ है। ज्यादातर इलाकों में गलन समाप्त हो गई है। वहीं एक के बाद एक यानी दो पश्चिमी विक्षोभों का प्रभाव 31 जनवरी से एक फरवरी को दिखेगा। इस दौरान प्रदेश के उत्तरी तराई भाग उसके मध्यवर्ती हिस्से में गरज–चमक और 30 से 40 किमी की रफ्तार से चलने वाली हवा के आसार हैं।

# श्री राजपूत करणी सेवा की मासिक बैठक का आयोजन

## अवधेश सिंह सूर्यवंशी को जिला अधिवक्ता सभा व प्रयागराज के अभय प्रताप सिंह को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहनलालगंज। लखनऊ, पीजीआई स्थित कार्यालय में श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू की अगवाई में मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें दूर दराज छेत्र व अन्य जिलों के कार्यकर्ता पदाधिकारी सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए। आयोजित की गई बैठक में विभिन्न समस्याओं में चर्चा कर निदान करने व कार्यकर्ताओं के साथ हो रहे अन्याय व शोषण के खिलाफ करणी सेना हमेशा तत्पर रहती है। संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने कहा की आम जनमानस के साथ हो रहे अत्याचार व शोषण के खिलाफ करणी सेना हमेशा आगे रहेगी और असहाय की मदद में हमेशा तत्पर रहेगी। आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सक्रिय कार्यकर्ता अवधेश सिंह सूर्यवंशी को जिला अध्यक्ष अधिवक्ता सभा के पद पर मनोनीत किया गया। वही प्रयागराज से आए सकरी कार्यकर्ता अभय प्रताप सिंह को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने फूलो की माला पहना कर मिठाई खिलाकर मनोनीत अध्यक्षों का तालियो की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। मासिक बैठक बैठक में मुख्य रूप से युवा जिला अध्यक्ष अमर सिंह पुष्पराज सिंह विनीत सिंह स्वप्निल पांडे अधिवक्ता संजीव मिश्रा समाज सेवी राकेश तिवारी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डायट प्राचार्य ने नेट सी,डी और ई ग्रेड वाले विद्यालयों के स्टॉप की ली बैठक



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सरेजनीनगर। विकासखंड में डायट प्राचार्य अजय सिंह द्वारा नेट में सी,डी व ई ग्रेड वाले समस्त विद्यालयों के स्टाफ की बैठक ली गई द्य प्राचार्य द्वारा एक एक करके सभी विद्यालय की समस्याओं को बहुत धैर्य से सुना गया और बहुत ही प्रेरक तरीके से समाधान भी बताया गया।विद्यालय का नामांकन ही उस विद्यालय की समाज मे स्वीकार्यता को प्रस्तुत करता है। इसलिए अधिक से अधिक नामांकन ही हमारा मुख्य लक्ष्य होना चाहिए।

विद्यालय में अधिक नामांकन व बच्चों का ठहराव तभी संभव है जब हम अपने विद्यालय के बच्चों के साथ आत्मीय सम्बन्ध बना पाएंगे, क्योंकि छोटे बच्चे केवल सहज और सरल व्यवहार से ही जुड़ पाते हैं। अभिभावकों से लगातार सम्पर्क में रहना और उनकी चुनौतियों को समझकर अपनी चुनौतियों से उनका सामंजस्य करके उनका समाधान भी करना होता है ।तभी हमे अपने लक्ष्यों में सफलता मिलती है। प्राचार्य ने मौजूदा स्टाफ को विद्यालय के तमाम तौर तरीकों के बारे में भी बताया।

# बाल कल्याण एवं संरक्षण समित बचाओ, बेटी पढ़ाओ वन स्टॉप सेंटर टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति/बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ/वन स्टॉप सेंटर टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सीतापुर में बैठक में मिशन वात्सल्य की कार्य/प्रगति पर चर्चा की गई। सुरक्षा एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को सुरक्षात्मक वातावरण उपलब्ध कराए जाने हेतु ग्राम स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय बैठकों की समीक्षा, बच्चों को नियमित शिक्षा उपलब्ध कराए जाने हेतु शिक्षा विभाग की समीक्षा तथा बाल विवाह एवं बाल श्रम रोकथाम पर चर्चा की गई।


मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्पॉन्सरशिप योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड एवं सामान्य के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर रहे बच्चों को गुणवत्तापरक निशुल्क शिक्षा पोषण व आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा विभिन्न ब्लॉकों से चिन्हित बच्चों को पात्रता की स्थिति में लाभान्वित कराए जाने के लिए कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा बाल श्रम में लगे एवं भीख मांगने वाले बच्चों को मुख्य धारा से जोड़े जाने हेतु बच्चों को चिन्हित कर योजनाओं से लाभान्वित कराये गए बच्चों की समीक्षा व जनपद में लिंगानुपात के सुधार के दृष्टिगत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत किए गए प्रचार प्रसार पर चर्चा व विभन्न स्थानों पर वॉल पेंटिंग कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों से बच्चों से संबंधित मुद्दों जैसे बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल विवाह की रोकथाम, बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधा पर चर्चा कर अपने-अपने विभाग द्वारा बच्चों को लाभान्वित कर सूचना जिला बाल संरक्षण अधिकारी को प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रतिनिधि (क्षेत्राधिकारी सदर), मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ग्राम विकास, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतिनिधि, संयुक्त निदेशक सहायक श्रमायुक्त, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला क्रीडा अधिकारी प्रतिनिधि, प्रभारी ए0एच0टी0यू0 अधिशासी अधिकारी खैराबाद, तंबौर, पैंतेपुर, हरगांव, सिधौली व महोली तथा जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

# घने कोहरे के कारण ट्रैक्टर ट्राली व चार पहिया वाहन की आपस मे हुई जोरदार टक्कर पांच ज़ख्मी

## सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर भारत पेट्रोल पंप के सामने हुई जोरदार भिडंत दोनो वाहन हुए क्षतिग्रस्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



झरेखापुर-सीतापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत झरेखापुर पुलिस चौकी से क़रीब आधा किलो मीटर दूर भारत पेट्रोल पंप के ठीक सामने गुड़ बेल पर गन्ना लेकर आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली UP,34,AL,8784 जो कि गलत साइड आ रहा था अत्यधिक कोहरा होने कारण सामने से आ रहे चार पहिया वाहन ठच्च 32 ख्रङ 6899 की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई दोनो गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जिसे देख ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया आस पास लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजवाया गया

वही पर मौजूद राहगीरों ने बताया ट्रैक्टर ट्रॉली गलत साइड में आ रहा था और घने कोहरे की वजह से सामने से आ रही टाटा पंच की जोरदार टक्कर हो गई जिससे कार में सवार क़रीब पांच लोग ज़ख्मी हो गए जो सभी जिला लखीमपुर खीरी के रहने वाले थे जो किसी काम से लखनऊ जा रहे थे जिसमें कार सवार अनुज वर्मा और राजन वर्मा निवासी गड़ी मजरिया जिला लखीमपुर, देशपाल लखीमपुर, अरविन्द कुमार तेडवा फूलबेहड़ लखीमपुर, मोइन खान गुड़वारा लखीमपुर के रहने वाले थे प्राप्त जानकारी अनुसार गंभीर रूप घायल मोइन खान को डाक्टरों ने गंभीर स्थिति में देखते हुए लखनऊ ईलाज के लिए रेफर कर दिया वही थानाध्यक्ष हरगांव अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया क्षतिग्रस्त हुए दोनों वाहनों को कब्जे में लिया है।

# भाजपा कार्यालय पर गांव चलो अभियान के तहत कार्यशाला हुई आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर गांव चलो अभियान के तहत एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी नीरज सिंह द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को विजय का मंत्र दिया गया साथ ही पार्टी निर्देश के क्रम में गांव चलो अभियान में गांवों में जाकर पार्टी द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की चर्चा किए जाने संबंधी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा बताया गया कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत प्राप्त कराने के लिए कार्यकर्ताओं को पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों पर एकाग्रचित होकर कार्य करना है इसी क्रम में गांव चलो अभियान के तहत प्रत्येक कार्यकर्ता गांव में जाकर माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से लोगों को अवगत करा के उनका आशीर्वाद प्राप्त करना है जिससे 2024 में भारतीय जनता पार्टी विजय श्री का इतिहास रचे । और इस विजय में गांव का विशेष योगदान होगा। साथ ही गांव चलो अभियान से जिले की चारों सीटों को जीतने के साथ संपूर्ण भारत पर कमल निशान छा जाए। कार्यक्रम में लोकसभा संयोजक अजय गुप्ता क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर रोहित सिंह उदित बाजपेई सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पन्ना प्रमुख बनने की स्वयं भी जिम्मेदारी लें प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता : दिनेश कुमार

गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी के गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय रानीडीहा में भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ गोरखपुर क्षेत्र की बैठक हुई। इसमें लखनऊ में होने वाले सहकारिता सम्मेलन की तैयारियों की रुपरेखा बताई गयी।भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा की, पूर्व की सरकारों ने सहकारिता क्षेत्र में विकास कम, भ्रष्टाचार अधिक फैलाया था। हालत यह बन गयी थी कि अनेक सहकारी बैंक एवं साधन सहकारी समितियां कंगाली के कगार पर पहुंच गयीं और अंततः उन्हे बंद करने की नौबत आ गई। लेकिन भाजपा सरकार ने अच्छी नीति बनाकर इन्हें उबारने की कोशिशें शुरु की और अब सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सहकारिता के महत्व को समझा और अब उसे आम जनमानस से जोड़कर एक नई ऊंचाई पर पहुंचा रही है। सहकारिता के क्षेत्र में बड़ा काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से हम समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति से संपर्क साध रहे हैं।

इसके बाद उन्होंने लखनऊ में होने वाले आगामी सहकारिता सम्मेलन की तैयारियों की रुपरेखा रखी।सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि गोरखपुर क्षेत्र में सहकारिता प्रकोष्ठ के द्वारा 24 हजार लोगों को नमो ऐप डाउनलोड करवा कर उन्हें जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता प्रकोष्ठ के सभी लोग की जिम्मेदारी है कि वह अपने बूथ को मजबूत करें और पन्ना प्रमुख बनने की स्वयं भी जिम्मेदारी लें।बैठक को भूमि विकास बैंक के सभापति संतराज यादव, उत्तर प्रदेश राज्य भंडारण निगम के सभापति वाल्मीकि त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक के सभापति जितेंद्र बहादुर सिंह ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर फैक्सफ़ेड के निदेशक मार्कण्डेय राय, चिरंजीव चौरसिया, जिला सहकारी बैंक देवरिया निदेशक रवींद्र प्रताप मल्ल, विजय प्रताप सिंह गोरखपुर, आदि उपस्थिति रहे।

# सी एच सी मछरेहटा पर कुष्ठ रोग जागरुकता अभियान सपथ समारोह



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मछरेहटा / सीतापुर। भारत सरकार का प्रभावी कदम चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिनांक 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ रोग के बारे में एक जनजागरण जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है जिसकी शुरुआत का एक महत्वपूर्ण कदम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा में स्पर्श कुष्ठ रूप जागरूकता अभियान की शपथ लेकर शुरुआत की गई इस शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन अधीक्षक डॉ कमलेश कुमार के नेतृत्व में किया गया जिसके साथ , ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय से लेकर राजकीय इंटर कॉलेज में किया जाना है जिसकी शुरुआत 30 जनवरी से 13 फरवरी तक समस्त ग्राम सभाओं में सुचारु रूप से क्रियानवित किया जाएगा इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कमलेश कुमार चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित श्रीवास्तव बीएमडब्ल्यू पवन सेठ यो रमेश चंद्र गुप्ता बीपीएम हुआ सीपीएम सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा है ।

# बच्चों के बीच खुशियां बांटी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बिसवां सीतापुर। समाज के प्रति प्रेम और सेवा भाव हो तो समाज सेवा किसी भी तरह की जा सकती है । ऐसी ही सोच के साथ बीते कई वर्षों से क्षेत्र पंचायत बिसवा की ग्राम पंचायत सरैया मिर्ज़ापुर के गांव मिर्ज़ापुर निवासी सुंदरी अवस्थी जो की पूर्व माध्यमिक विद्यालय के रिटायर्ड प्रधानाध्यापक छन्नू लाल अवस्थी की धर्मपत्नी है । गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस को हर्षोउल्लास एवं उमंग के साथ नन्हे मुन्ने बच्चों के मध्य मानती आ रही हैं । इस गणतंत्र दिवस को भी उन्होंने इस साधना के साथ प्राथमिक विद्यालय सरैया मिर्ज़ापुर में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्रों के साथ इस शुभ दिन की खुशियां बाँटी । सुंदरी अवस्थी बताती हैं कि हमारे गांव के विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे हमारे देश के बच्चे हैं वह इन बच्चों को स्कूली बैग कॉपी पेंसिल रबर बिस्किट देकर उनका हौसला अफजाई करती करती हूं जिससे हमें आत्म संतुष्टि मिलती है ।

गौरतलब हो कि उनके द्वारा लगभग दस वर्षों से लगातार विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रत्ता दिवस की प्रभात फ़ेरी में शामिल होकर विद्यालय प्रांगण में बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले लेखन रंगोली निबंध आदि प्रतियोगिताएं में सहभागिता करती हैं तत्पश्चात विद्यालय प्रांगण में ही उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को अपने हाथों से पुरस्कार वितरण कर उनका मनोबल बढ़ाने का क्रम निरंतर गतिमान है । यही नहीं सुंदरी अवस्थी बताती है कि देश की आजादी में हमारे पूर्वजों ने देश के लिए अपने प्राणों को निछावर किया था हमारी सोच है कि हमारे यह नन्हे मुन्हे बच्चे देश की आजादी के महत्व को समझे और सभी आजादी के महानायको के बारे मे जानकर उनके पागचिंन्हो पर चल सके यह हमारे गांव के ही नहीं हमारे देश के बच्चे हैं यही बच्चे कल देश का भविष्य बनेंगे और आगे बढ़ेंगे तो कल देश के भविष्य उज्जवल और बेहतर बनाएंगे । हमारा इसके पीछे कोई राजनीतिक लक्ष्य नहीं है इसी के चलते इन बच्चों के मध्य जाकर उनका हौसला अफजाई की।

# सीएचसी गोला में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शंखनाद



गोला गोकर्णनाथ-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ डॉक्टर गणेश कुमार व अन्य स्टाफ ने शपथ लेकर किया उन्होंने बताया की स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी 2024 से 13 फरवरी 2024 तक चलेगा इसमें कुष्ठ रोगियों की जांच, इलाज समय से होगा। इसके लक्षण में चमड़ी पर दाग एवं सुन्नपन हो सकता है। कुष्ठ रोग की शंका होने पर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर संपर्क किया जा सकता है तथा कुष्ठ पूरी तरह ठीक किया जा सकता है उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग माइक्रोबैक्टीरियल नामक जीवाणु से होता है। इसमें शरीर पर हल्के रंग के दाग धब्बे होना व सुन्न होना इसका प्रमुख लक्षण है ऐसे किसी भी व्यक्ति की जानकारी होने पर उसको नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क अवश्य करना चाहिए। जहां से उसका कुष्ठ रोग ठीक हो सकता है।

इस मौके पर अधीक्षक डॉक्टर गणेश कुमार, डॉक्टर अजय वर्मा, डॉ देवराज वर्मा, डॉ शंकर दयाल गोस्वामी, पुष्पेंद्र कुमार, चीफ फार्मासिस्ट मुन्नालाल, रावत, रंगलाल आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# विद्युत विभाग में उजागर हो रहा व्यापक फर्जीवाड़ा

> लगभग 90 फीसदी मीटरों में रीडिंग डिफॉल्ट

> बिना केबल कनेक्शन के आ रहे लाखों के बिल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सकरन(सीतापुर)। ग्रामीण इलाकों में सरकार द्वारा विद्युत व्यवस्था को लेकर किए गए तमाम दावे खोखले नजर आ रहे हैं। आलम यह है कि यहां 24 घण्टे विद्युत सप्लाई वाले दावे के औसत में महज 4 से 5 घंटे ही सप्लाई मिल पा रही है। यहां क्षेत्र में जहां एक तरफ विद्युत संचार प्रणाली डग्गामार है, वहीं दूसरी तरफ विद्युत विभाग व्यापक फर्जीवाड़ों तथा अव्यवस्थाओं से भरा पड़ा है। क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिजली विभाग के कर्मचारी महज 4 से 5 घंटे बिजली देने के औसत में उन्हें प्रतिमाह सैकड़ों रुपए की बिल रसीद थमा जाते हैं। इनमें से कुछ उपभोक्ता तो ऐसे भी हैं, जिनके यहां सालों से बंद पड़े घर में लगे विद्युत मीटर में लाखों के बिल आ गए। सिर्फ इतना ही नहीं,यहां विद्युत विभाग के कर्मचारी मीटरों में प्री सेव्ड रीडिंग के आधार पर लाखों का बिल निकाल उपभोक्ताओं को 440 वोल्ट का झटका देने में लगे हुए हैं। मीडिया द्वारा क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं से बात चीत में पता चला कि यहां बिलिंग एजेंसी के मीटर रीडर अपनी मनमानी कर रहे हैं। यहां मीटर रीडर मौके पर जाकर रीडिंग लेने की बजाए घर या उपकेंद्रों पर बैठकर रीडिंग भर रहे हैं। यही वजह है कि दिसंबर माह में क्षेत्र के लगभग 2 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को रीडिंग डिफ़ेक्ट (आरडीएफ) श्रेणी का बिल मिला। उपभोक्ताओं का यह भी आरोप है कि उन्हें कनेक्शन प्रदान करते समय विद्युत विभाग की तरफ से सालों से पड़े प्री- एक्टिवेटेड श्रेणी के मीटर प्रदान कर दिए गए, जिसके बदौलत उन्हें महज एक से दो एलईडी बल्ब के विद्युत खपत के एवज में सैकड़ों या फिर कहीं- कहीं हजारों रुपए के बिल रसीद मिल रहे हैं। इनमें से कुछ मामले तो ऐसे भी हैं,जिनमें उपभोक्ता को कनेक्शन तो घरेलू श्रेणी का प्रदान किया गया परंतु उपभोक्ता को प्राप्त बिल रशीद में विद्युत बिल कामर्शियल श्रेणी के अनुसार जारी किए गए बिल जैसा है। मीटरों में रीडिंग डिफ़ेक्ट तथा बढ़ी हुई विद्युत रीडिंग को सही कराने के लिए अब उपभोक्ता उपकेंद्रों का चक्कर लगा रहे हैं, जहां रीडिंग डिफ़ेक्ट सही करने के लिए विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ता से हजारों रुपए का चढ़ावा कमीशन के तौर पर लिया जा रहा है। विद्युत विभाग द्वारा पहले भारी भरकम बिल पकड़ा देना तथा फिर संशोधन के नाम पर धन उगाही का यह खेल लगभग सभी उपखंडों में चल रहा है। नतीजा यह है कि ग्रामीण विद्युत उपभोक्ता विद्युत विभाग के कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर है परंतु समस्या निवारण के नाम पर उन्हें मिलता है तो सिर्फ अगले दिन का हवाला।

# सफाईकर्मियों की हीलाहवाली, गंदे रास्ते बजबजाती नाली

सकरन/सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक सकरन की ग्राम पंचायतों सैदापुर,खानपुर,पतरासा,ताजपुर सलौली,पटना ,कोंसर में तैनात सफाईकर्मचारी गण शमीम अहमद अंसारी,कमाल अहमद,कौशल, श्यामलाल व नत्थाराम व हुलासी जो कभी भी तैनात ग्रामपंचायतों में नहीं करते साफ सफाई,आम रास्ते व गंदगी से पटी बजबजाती नालियां ग्रामीणों को दे रहीं बीमारियों की दावत पर अफसोस कि उक्त कर्मचारियों के वेतन पावती पर कैसे हो जाते हस्ताक्षर?अपनी ड्यूटी से विमुख गली गली,नाली नाली में गंदगी के जिम्मेदारों पर कब होगी कार्यवाई?सोचने वाली बात यह है कि अपनी ड्यूटी न करनेवाले सफाईकर्मियों के खिलाफ क्यों नहीं हो रही कार्रवाई, किस अदृश्य शक्ति के संरक्षण में झाड़ू लगाने की कला भूल चुके पदासीन बन बैठे मठाधीश?गांव गांव गली गली गंदगी के जिम्मेदारों के बाबत जब डीपीआरओ सीतापुर व एडीओ पंचायत सकरन से फोन पर जानकारी लेने का किया गया प्रयास तो स्विच ऑफ मिला फोन।यदि जिम्मेदार अधिकारियों के ऐसे ही स्विच ऑफ रहेंगे फोन तो ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करेगा कौन?

# राम मंदिर निर्माण में लगे 8 करोड़ हिंदुओं के सवा रुपए : प्रवीण तोगड़िया

औरैया। राष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष का औरैया पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। संस्थापक अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया राम भक्तों का धन्यवाद करने के लिए प्रत्येक जिले में पहुंच रहे हैं। जिसके तहत मंगलवार को वह औरैया पहुंचे जहां से फिरोजाबाद के लिए रवाना हो गए।पत्रकारों से वार्ता करते हुए विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि राम मंदिर का भव्य निर्माण हो चुका है और उसमें भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा भी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण में 8 करोड़ हिंदुओं का सब रुपया लिया गया था। कहा कि 32 वर्षों तक 60000 घनफिट पत्थर तैयार किए गए जो मंदिर निर्माण में लगे हैं। कहा इसमें व्यापारी के करोड़ों रुपयों का कोई भी महत्व नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में कोई भी हिंदू अकेला नहीं है।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्वास्थ्य-समिति की बैठक, दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर-खीरी। स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए मंगलवार शाम को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई, जिसमें मुख्य रुप से सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता मौजूद रहे।

बैठक के शुरू में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बैठक के एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति बताई। बैठक में जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संकेतको की अद्यतन स्थिति, प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा हुई।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि पूरे स्वास्थ्य महकमे को फील्ड में एक्टिवेट करें व स्वास्थ्य संकेतको में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं। सभी अधीक्षक लीडरशिप रोल लेते हुए अपने-अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए डेली मॉनिटरिंग करें। मरीज व उनके तीमारदारों से चिकित्सक बेहतर व्यवहार करें। मरीजों को दिया जाने वाला भोजन की गुणवत्ता एमओआईसी स्वयं चेक करें। सीएचसी व पीएचसी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाए। निर्देश दिए कि सभी पोर्टल्स पर फीडिंग को अपडेट रखा जाए, वही आपरेटर का समयबद्ध भुगतान भी सुनिश्चित कराया जाए। सभी एमओआईसी सुनिश्चित कराए कि सभी चिकित्सालियों से संस्थागत प्रसव की रिपोर्टिंग प्रॉपर हो। सभी आशा संगीनियों का नियमित, समयबद्ध भुगतान हो इसे सुनिश्चित कराए।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने समीक्षा करते हुए कहा की जन्म मृत्यु पंजीकरण, आरसीएच सहित अन्य पोर्टल पर डाटा एंट्री ससमय शत-शत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ब्लॉकवार आयुष्मान गोल्डन कार्ड की समीक्षा की, प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

डीएम ने चिकित्सालयो में ओपीडी प्रगति,आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरण, उसके सापेक्ष उपचारित लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति, जन्म पंजीकरण, स्टिलबर्थ रेश्यो, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग, न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, ईसंजीवनी आईपीडी, ओपीडी, संचारी रोग, कवच एप्लीकेशन से परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की, जरूरी दिशा निर्देश दिये।

इनकी रही मौजूदगी :

बैठक में डिप्टी सीएमओ डॉ लालजी पासी, डॉ धनीराम, डीटीओ डॉ प्रमोद, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, सीएमएस, डीपीएम अनिल यादव, डीपीओ, सभी एमओआईसी, सीडीपीओ मौजूद रहे।

# महिला ने सरकारी अस्पताल की इमारत पर चढ़कर काटा बवाल, मची अफरातफरी

लखीमपुर-खीरी। जनपद के मोतीपुर ओयल स्थिति जिला अस्पताल में मंगलवार सुबह उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक युवती अस्पताल की तीन मंजिला इमारत पर चढ़ गई वहां से कूदकर आत्महत्या करने की धमकी देने लगी। इसकी जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। फौरन पुलिस और अग्निशमन को बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद युवती को नीचे उतारा गया। युवती मानसिक मंदित बताई गई है, जिसे इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है।

जिला अस्पताल के सीएमएस आईके चंदानी ने बताया कि पटेल नाम की युवती सोमवार शाम को किसी मरीज के साथ 108 एंबुलेंस से आई थी। मंगलवार सुबह वह तीसरी मंजिल पर चढ़ गई और वहां से कूदने की धमकी देने लगी। सीएमएस ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को बुलाकर काफी मशक्कत के बाद युवती को नीचे उतारा गया। मेडिकल जांच में मानसिक मन्द बुद्धि पाई गई उसे इलाज के लिए लखनऊ भेजा गया है।

# एसपी ने पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में बच्चों को किया जागरूक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




अमेठी । पुलिस अधीक्षक ने पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के तहत राम लखन यशोदा देवी इंटर कालेज के बच्चों को मिशन शक्ति, यातायात नियमों, साइबर अपराध आदि के बारे में जागरूक किया गया।पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने मंगलवार को श्री रामलखन यशोदा देवी इण्टर कालेज रामपुर कुड़वा गौरीगंज में ‟पुलिस की पाठशाला‟ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा विद्यालय के छात्र,छात्राओं व उपस्थित शिक्षकों को ‟मिशन शक्ति‟ नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत महिला शिक्षा, सुरक्षा, अधिकार व आत्मरक्षा पर विशेष जोर देकर जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप सब लोग आपात स्थिति में पुलिस आपातकालीन सेवा 112 पर फोन कर सकती हैं। पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं को 1090 वीमेन पावर लाइन,181महिला हेल्प लाइन,108 एम्बुलेंस सेवा,1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन आदि के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही साथ यातायात नियमों ओवर स्पीड वाहन न चलाने, सीट बेल्ट लगाने, दो पहिया वाहनो पर हेलमेट लगाकर चलने आदि यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में जागरूक किया गया तथा विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध व उनसे बचने के उपाय जैसे साइबर अपराध होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने पर चौबीस घण्टे से अड़तालिस घण्टे के अंतराल में आपके धन को वापस कराने की अधिक संभावना रहती है।सिम ब्लाक,संदेश प्राप्त होने पर दिये गये नम्बरों पर वार्तालाप न करें किसी भी प्रकार के साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क करें और सोशल साइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे फोटो, मोबाइल नम्बर आदि शेयर न करें।

# पुलिस ने चोरी की पांच साइकिल के साथ युवक को पकड़ा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जगदीशपुर अमेठी,थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा चोरी की पांच अदद साइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने पकड़े गए युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को उप निरीक्षक कृष्ण कुमार मय हमराही तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन, तलाश वांछित के दौरान मुखबिर की सूचना पर कमल चन्द्र कौशल पुत्र स्वर्गीय सूरज लाल निवासी हलियापुर थाना हलियापुर जनपद सुलतानपर उम्र करीब तीस वर्ष को रानीगंज मेन रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के कब्जे से बरामद एक अदद साइकिल के बारे में पूछने पर बताया कि यह साइकिल मैने दिनांक उनतीस जनवरी को कस्बा रानीगंज में एक इलैक्ट्रानिक्स की दुकान के बाहर से चोरी की थी इससे पहले भी मैने कस्बा रानीगंज से और भी चार अदद साइकिल चोरी की थी जिन्हें मैंने पुराने चिकित्सालय के खण्डर में छुपाकर रखा है।युवक की निशानदेही पर बताये गये स्थान से चार अदद साइकिलों को बरामद किया गया। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा चोरी और माल बरामदगी की धाराओं में मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## गांजा कारोबारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना भाले सुलतान शहीद स्मारक पुलिस ने थौरी गांव के पास से एक किलो एक सौ ग्राम गांजा व गांजा बिक्री के पांच हजार आठ सौ पचास रुपयों के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत मंगलवार को उप निरीक्षक कृष्ण कुमार मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अवधेश पाण्डेय पुत्र भैरव प्रसाद पाण्डेय निवासी ग्राम थौरी थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतालिस वर्ष को ग्राम थौरी के पास कादूनाला रोड से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक के कब्जे से एक किलो एक सौ ग्राम गांजा व गांजा बिक्री के पांच हजार आठ सौ पचास रुपये बरामद हुये है।थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा गिरफ्तार कारोबारी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# आईटीआई तिलोई में आयोजित रोजगार मेले में 172 अभ्यार्थियों को मिला रोजगार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



तिलोई अमेठी । उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तिलोई में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें एक सौ बहत्तर अभ्यर्थियों को रोजगार मिला।कार्यकम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार उर्फ मुन्ना सिंह द्वारा फीता काटकार मेले का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार सिंह,खण्ड विकास अधिकारी विजय कुमार अस्थाना एंव प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन किया गया। प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह ने कार्यकम की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक बेरोजगारों को रोजगार उनके द्वार पर मिले इस कड़ी में छह प्लेसमेंट कम्पनी ग्रीन काल, वन इंडिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, एसआईएस सिक्योरिटी, ऊषा सिलाई मशीन, पुखराज हेल्थ केयर, आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 172 अभ्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार सिंह द्वारा प्रतीक स्वरूप दस रोजगार प्राप्त अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में जिला समन्वयक आर के अग्निहोत्री, प्लेसमेंट सेल अधिकारी अजय कुमार सिह जिला प्रबन्धक मृत्युंजय तिवारी, संदीप कुमार सिंह, विवेक द्विवेदी एंव राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तिलोई से संजय प्रकाश, सुनील विश्वकर्मा, जैनेन्द्र कुमार, शिव कुमार सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

# ब्लाक से जिला मुख्यालय पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा का हुआ स्वागत

## तीन से छह फरवरी तक ब्लाक संवाद कार्यक्रम शुरु करेगी कांग्रेस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव व प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के निर्देश पर सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश मे भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन मे अमेठी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के कुशल मार्गदर्शन मे अमेठी संसदीय क्षेत्र के सत्रह ब्लाकों से निकलकर मंगलवार को जिला मुख्यालय पहुंची। न्याय यात्रियों का जगह जगह पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्याय मकसूद खान,जिलाध्यक्ष सिंघल के नेतृत्व मे पैदल चलकर बी मार्ट,फलमंडी तिराहा, बसस्टाप,हनुमान तिराहा होते हुये कांग्रेस कार्यालय पहुंची। राहुल गांधी की न्याय यात्रा के समर्थन मे शामिल यात्रियों के व्यापक उत्साह को देख कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने गुंजायमान नारों से जबरदस्त स्वागत किया।कस्बा गौरीगंज,मुसाफिरखाना, शाहगढ, जामो,अमेठी, भादर भेटुआ संग्रामपुर तिलोई, सिंहपुर, बहादुरपुर, जगदीशपुर,शुकुल बाजार, बल्दीराय, सलोन,डीह,छतोह की न्याय यात्रा गौरीगंज पहुंची।केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश सचिव फरहान वारसी ने अपने सम्बोधन मे कहा हमारे नेता राहुल गांधी देश के नव जवानो, किसानों, महिलाओं के हक के लिये लड रहे और और ऐतिहासिक यात्रा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन मे पूरे प्रदेश मे यात्रा हो रही और आम जनमानस का खूब सहयोग मिल रहा है।मुख्य अतिथि मकसूद खान जी ने कहा अमेठी की धरती गांधी नेहरू परिवार की धरती है यहां मैं पहली बार आया हूं यहां से प्रधानमंत्री बनते है गांधी परिवार यहां से जो भी चुनाव लड़ेगा उसे अधिक से अधिक वोटो से जिता कर भेजना है।

जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने यात्रियों कों धन्यवाद दिया और अमेठी लोकसभा के पांचो विधानसभा के प्रभारियों कों ब्लाक संवाद कार्यक्रम तीन फ़रवरी से छह फ़रवरी सुनिश्चित कार्यक्रम कों सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने की रुपरेखा तय करें। इस मौके पर विधानसभा अमेठी के पूर्व प्रत्याशी आशीष शुक्ला,युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह, अनिल सिंह ममता पाण्डेय,देवेन्द्र सिंह, सुनील सिंह, धर्मराज बहेलिया,सबीना,अरविन्द चतुर्वेदी, रमाकांती,राम श्री विस्वकर्मा, कमरूल निशा,शकील इदरीशी किरन देवी, शांती देवी,सुशीला,कमला देवी, राजकुमारी तिवारी,वीरेन्द्र मिश्रा,अशोक शुक्ल,तारकेश्वर चौहान,रामबरन कश्यप, सौरभ मिश्र तुलसीराम,सुमित तिवारी सहित सैकड़ो कांग्रेस जन यात्रियों के साथ गौरीगंज नगर की पदयात्रा की।

## पुलिस ने ग्यारह ग्राम स्मैक के साथ युवक को जेल भेजा

**तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना शिवरतनगंज पुलिस ने मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत ग्यारह ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत मंगलवार को उप निरीक्षक विनोद कुमार वर्मा मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर सोनू पुत्र रामकृष्ण निवासी ग्राम मुरादगंज मजरे सातनपुरवा थाना शिवरतनगंज उम्र करीब छब्बीस वर्ष को सातनपुरवा से अहोरवा भवानी रोड के पास से गिरफ्तार किया गया।पुलिस टीम को गिरफ्तार युवक के कब्जे से ग्यारह ग्राम स्मैक बरामद हुई है।इस सम्बंध में थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है और इस कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ अभियान अनवरत जारी रहेगा।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**जगदीशपुर अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा एक अवैध अदधी, एक अवैध तमंचा व तीन जिन्दा कारतूस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गये दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उप निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार मिश्रा मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर विनय सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी हारीमऊ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब तीस वर्ष को कालिका उपाध्याय पुरवा मोड़ के पास से समय करीब 09:40 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया।इसी क्रम में उप निरीक्षक अतेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर विवेक विक्रम सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी पूरे शुब्बा का पुरवा मजरे मिश्रौली थाना जगदीशपुर को मिश्रौली मोड़ हाइवे के पास से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार विनय सिंह के कब्जे से एक अवैध अदधी व दो जिन्दा कारतूस व विवेक सिंह के कब से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये दोनों युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि विनय सिंह के विरुद्ध थाना जगदीशपुर पर विभिन्न धाराओं में कुल छह अभियोग पंजीकृत हैं।

## राम मंदिर निर्माण में लगे 8 करोड़ हिंदुओं के सवा रुपए : प्रवीण तोगड़िया

औरैया। राष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष का औरैया पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। संस्थापक अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया राम भक्तों का धन्यवाद करने के लिए प्रत्येक जिले में पहुंच रहे हैं। जिसके तहत मंगलवार को वह औरैया पहुंचे जहां से फिरोजाबाद के लिए रवाना हो गए। पत्रकारों से वार्ता करते हुए विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि राम मंदिर का भव्य निर्माण हो चुका है और उसमें भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा भी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण में 8 करोड़ हिंदुओं का सब रुपया लिया गया था। कहा कि 32 वर्षों तक 60000 घनफिट पत्थर तैयार किए गए जो मंदिर निर्माण में लगे हैं। कहा इसमें व्यापारी के करोड़ों रुपयों का कोई भी महत्व नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में कोई भी हिंदू अकेला नहीं है। संगठन द्वारा हिंदू हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। कहा कि यह नंबर 24 घंटे सेवा में रहता है। जिस पर फोन करने के बाद तत्काल प्रभाव से उसकी रक्षा एवं समस्या को दूर करने के लिए संगठन के पदाधिकारी पहुंच जाते हैं।

## बड़ी पटिया जानकी नगर में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार युवक को रौंदा,मौत

वाराणसी। भेलूपुर थाना क्षेत्र के बड़ी पटिया जानकी नगर के समीप मंगलवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार 18 वर्षीय युवक को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद भाग रहे ट्रैक्टर चालक को क्षेत्रीय लोगों ने दौड़ा कर पकड़ लिया। चालक की पिटाई के बाद लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। शिनाख्त आदि की कार्यवाही के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिगरा लल्लापुरा क्षेत्र का निवासी आयुष कुमार मोदनवाल ककरमत्ता जानकीनगर के रास्ते पूर्वाह्न में बड़ी पटिया की ओर जा रहा था।

# गांव-गांव जाकर भाजपा कार्यकर्ता जनसंवाद करेंगे: अनिल यादव

**एजेंसी**

चित्रकूट । भारतीय जनता पार्टी चित्रकूट की गांव चलो अभियान की जिला कार्यशाला कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी डॉ अनिल यादव की उपस्थिति तथा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला पंचायत चित्रकूट के सभागार में आहूत की गयी। जिला कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि रहे अनिल यादव ने कहा की भाजपा गांव की ओर चलेगी। गांव-गांव जाकर भाजपा कार्यकर्ता जनसंवाद करेंगे। भाजपा को घर-घर व जन-जन तक पहुंचाना है। भाजपा अभियानों के माध्यम से प्रभावी जनसंवाद व जनसम्पर्क का काम कर रही है। कार्यकर्ता बेहतर प्रबंधन से अभियान को सफलतापूर्वक पूरा कर सकते हैं। भाजपा की मूल ताकत उसकी बूथ समिति है। भाजपा आज तक निरंतर जनसम्पर्क से ही सशक्त हुई है। गांव चलो अभियान के माध्यम से पदाधिकारी गांव में 24 घंटे रहकर जनता से जुडने का काम करेंगे। कार्यकर्ता लाभार्थियों से मिल कर उनका अनुभव जानेंगे। जो नवमतदाता बने है उन युवाओं को 10 साल पूर्व की सरकारों के द्वारा किये गये भ्रष्टाचार के कामों को बताने का काम करेंगें। मोदी सरकार की नीतियों से महिलाओं के जीवन में आए बदलावों के बारे में चर्चा करेंगे। किसानों- गरीबों के कल्याण के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा करेंगे। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि गांव चलो अभियान को सभी को मिलकर पूरा करने का काम करना है। मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की पुनः सरकार बने इसके लिये सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ को पार्टी द्वारा चलाये जा रहे अभियानो में समर्पित सहभाग करना है। जिला संयोजक व जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कार्यशाला का संचालन करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर भाजपा का विस्तार सुनिश्चित करें। गांव के प्रवासी कार्यकर्ता बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों की बैठक करके गांव में 24 घंटे का प्रवास करें। भाजपा की डबल इंजन सरकार की विकास यात्रा के अनुभव व रिकार्ड जन जन के साथ साझा करना है। गांव चलो अभियान की जिला टोली में जिला सह संयोजक के रूप में अखिलेश रैकवार तथा श्रीमती राजेश्वरी द्विवेदी हैं। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय , पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता,ब्लाक प्रमुख अरविंद कुमार मिश्रा,सुशील द्विवेदी,गंगाधर मिश्र,जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# गैस से भरा कैंटर लूटकर ड्राइवर और क्लीनर की हत्या करने वाले दो बदमाशों को आजीवन कारावास

**एजेंसी**

गाजियाबाद। लोनी इलाके में गैस से भरा कैंटर लूटकर ड्राइवर और क्लीनर की हत्या करने वाले दो लोगों को अदालत ने सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 90 -90 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि दिल्ली निवासी रीटा यादव की एसएस ट्रांसपोर्ट कंपनी है। 15 अक्टूबर 2013 को ट्रांसपोर्ट कंपनी में कार्यरत ड्राइवर दीपक और क्लीनर बिल्लू लोनी स्थित गैस के प्लांट से गैस से भरा टैंकर सुल्तानपुर के लिए लेकर रवाना हुए थे। रास्ते में बदमाशों ने गैस से भरा टैंकर लूट लिया और ड्राइवर दीपक व क्लीनर बिल्लू की हत्या कर दी। ट्रांसपोर्ट कंपनी की मालिक रीटा यादव ने मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई थी। पुलिस ने नरेंद्र ,सुभाष और राजकुमार को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करते हुए उनके कब्जे से डेढ़ लाख रुपए बरामद किए थे। साथ ही जेवर के पास से खाली टैंकर भी बरामद किया था।मामले की सुनवाई एडीजे 7 कोर्ट के न्यायाधीश नेत्रपाल सिंह की कोर्ट में चली। हत्या और लूट के आरोपी राजकुमार की केस के विचारण के दौरान मृत्यु हो गई थी। सोमवार को कोर्ट ने मामले की अंतिम सुनवाई करते हुए आरोपी नरेंद्र और सुभाष को दोषी करार दिया था। मंगलवार को कोर्ट ने सजा के प्रश्न पर सुनवाई करते हुए नरेंद्र और सुभाष को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक अभियुक्त पर 90-90 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

# उद्यान विभाग द्वारा बेरोजगार युवकों को दी जा रही आर्थिक सहायता

**एजेंसी**

बरेली । उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की ओर सें प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत योजनाए संचालित है।जिसको लेकर उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना सें संबंधित उद्योगों को लगाने के लिए 10 लाख रुपए तक की सरकार द्वारा आर्थिक सहायता दी जा रही है। ऐसे उद्योग के ज़रिये बेरोजगार युवक खुद को आत्मनिर्भर बन सकते हैं जिसमें कई तरह के प्लांट लगाए जा सकते हैं। नमकीन उद्योग,बेकरी उद्योग, अचार मुरब्बा इकाई, आटा चक्की, तेल मिल,दाल मिल, राइस मिल, मसाला मिल समेत अन्य उद्योग के ज़रिये ऋण की राशि उपलब्ध कराई जा रही है। हालांकि वह व्यापारी भी इसका लाभ लें सकते हैं जिनके पास पहले से छोटा प्लांट हैं और वह भी अपने उद्योग को बड़ा कर सकते हैं। हालांकि व्यापारी द्वारा लागत का दस फीसद की धनराशि स्वयं वाहन करना होगा। शेष 90 फीसदी बैंक ऋण के रूप में व्यापारी को दिया जाएगा। उसके लिए व्यापारी को आधारभूत संरचना कार्यशील पूंजी प्लांट मशीनरी अथवा फर्नीचर पर 35 फीसद अधिकतम 10 लाख रुपए तक की सब्सिडी दी जाएगी। वही डीआरपी(जिला रिसॉर्स पर्सन) के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अब तक 502 आवेदन आए हैं जिसमें 145 लोगों के लोन सैंक्शन हुए जिसमें 136 लोन लंबित हैं। बाक़ी बैंक की ओर सें भी आवेदन में खामियां पाई गई हैं। उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार ने बताया कि अभी उनके विभाग में किसानों कों बीज का वितरण किया जा रहा हैं। जिसमें 120 हेक्टर मसाला बीज व 55 हेक्टर प्याज के बीज का वितरण किया जाना हैं। जिसको लेकर लगातार विभाग की ओर सें ग्रामीण क्षेत्रों में कैप लगाये जा रहे हैं।

# व्यास जी के तहखाने के मामले में न्यायालय में बहस पूरी, आज होगा फैसला

**एजेंसी**




वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी के तहखाना में पूजा पाठ संबंधी याचिका पर मंगलवार को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई। याचिका पर अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया। बुधवार को अदालत फैसला सुना सकती है।

## अदालत निर्णय देगा कि तहखाने में पूजा पाठ होगा कि नहीं

वादी शैलेन्द्र पाठक के याचिका पर उनके अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, सुधीर त्रिपाठी, सुभाष नंदन चतुर्वेदी व दीपक सिंह ने बहस किया। वादी पक्ष के अधिवक्ताओं के एक आवेदन को अदालत ने स्वीकार कर लिया, जिसमें व्यास जी के तहखाने को जिलाधिकारी की सुपुर्दगी में दिए जाने का अनुरोध किया गया था। वादी पक्ष ने याचिका में कहा है कि ज्ञानवापी में बैरिकेडिंग नंदी जी के सामने की गई है उसे खोल दिया जाए और व्यास जी के तहखाने में पूजा पाठ के लिए आने जाने दिया जाए। इस पर आदेश किए जाने का अनुरोध किया गया है। इस पर प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताते हुए कहा कि व्यास जी का तहखाना मस्जिद का हिस्सा है। यहां पूजा पाठ की अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आदेश के लिए बुधवार की तिथि नियत की है। गौरतलब है कि वादी शैलेन्द्र पाठक के परिजन वर्ष 1993 तक तहखाने में पूजा पाठ करते थे। 1993 के बाद तत्कालीन सपा सरकार के आदेश पर ज्ञानवापी के व्यास जी के तहखाने में पूजा पाठ बंद हो गई। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सुनवाई के दौरान मंदिर पक्ष के वकीलों ने अदालत को जानकारी दी थी कि 1993 तक भूखंड आराजी संख्या 9130 (ज्ञानवापी) में मौजूद देवी-देवताओं का नियमित पूजा-पाठ होता था। 6 दिसंबर 1992 को विवादित ढांचा ध्वंस के बाद 1993 में यहां पहले बांस-बल्ली और उसके बाद लोहे की ऊंची बैरिकेडिंग करा दी गई।

# जिला अस्पताल के जन औषधि केंद्र पर गैलोर फार्मा की दवाएं खुलेआम बिक रही




### जन औषधि केंद्र का ऐसा नियम है कि कोई दूसरी जेनरिक दवा भी नहीं बेच सकते

प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के स्टेट डिप्टी मैनेजर अनीश ने कहा कि उनके केंद्र से ब्रांडेड छोड़िए, कोई दूसरी जेनरिक दवाएं भी नहीं बेच सकता है।हर केंद्र पर दवा की आपूर्ति के लिए केंद्र सरकार ने राज्य स्तर पर स्टोर बनाया है।उनके यहां की हर दवा पर प्रधानमंत्री जन औषधि की मुहर लगी रहती है।उनकी जेनरिक दवाओं की एमआरपी पहले से फिक्स कर दी गई है।जबकि खुले बाजार में बिकने वाली जेनरिक दवाओं की एमआरपी तय नहीं होती है।अगर उनके किसी औषधि केंद्र से कोई दूसरी दवाओं के बिक्री की शिकायत मिलती है तो वह संबंधित केंद्र पर कार्रवाई के लिए केंद्रीय अधिकारियों को लिखते हैं।

### अधिकारियों की अनुमति से ही ब्रांडेड दवा बेच रहा : सूत्र

जिला अस्पताल में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र मेरा ही है।अधिकारियों से अनुमति लेने के बाद ही दूसरे कंपनी की दवाएं बेच रहा हूं।ऐसा करने के लिए मुझे मौखिक अनुमति मिली हुई है।पीएम जनरिक के साथ ही एथिकल और ब्रांडेड जनरिक भी रखा हूं। ... जैसा कि खुद को दुकान मालिक कहने वाले व्यक्ति ने बताया।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जरूरतमंद और गरीब मरीजों को सस्ते दाम पर ब्रांडेड दवा मुहैया कराने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने देशभर में जन औषधि नाम से दवा की दुकान खोली है। लेकिन उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिले में सरकार की आंख में धूल झोंककर इन दवा की दुकानों पर खुलेआम गैलोर फार्मा और ब्रांडेड दवाएं बेची जा रही हैं।यह हो रहा है

गोंडा जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज के परिसर में संचालित हो रही जन औषधि केंद्र की दुकान पर।वहां सस्ती और जेनेरिक दवा बेचे जाने का बोर्ड लगाकर मरीजों के साथ खुलेआम ठगी की जा रही है।60 प्रतिशत तक के छूट को दरकिनार कर उन्हें ब्रांडेड दवाएं एमआरपी रेट पर बेची जा रही हैं।सूत्र बता रहे है कि ड्रग इंस्पेक्टर से लेकर अस्पताल प्रशासन तक इस काम में उनका भरपूर मदद कर रहा है।मरीजों को जन औषधि का नहीं मिल रहा लाभ दवा लेने वाले मरीजों के परिजनों का कहना है। हमें यहां जन औषधि की दवाइयां नहीं मिलती हैं हमें बाहरी कंपनियों की दवाइयां ऊंचे दाम में दी जा रही है।उन्हें ने कहाँ कि जन का अंतर समझ नहीं आया।मनकापुर निवासी बदला हुआ नाम रामू ने बताया कि जन औषधि के नाम पर जनता को लूटने का कारोबार किया जा रहा है।प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना की दवाइयां मिलती हैं।

# मोतीगंज पुलिस की मिलीभगत से धड़ल्ले से कट रहे हरे पेड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र में आए दिन स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से हरे पेड़ों की कटाई का क्रम आए दिन से जारी रहता है।सूत्र बता रहे है कि ट्रैक्टर-ट्राली पर लादकर लकड़ी को आरा मशीनों पर पहुंचाया जा रहा है।लकड़ी माफिया और स्थानीय पुलिस एवं विभागीय कर्मचारी मिल-जुलकर हरे पेड़ की कटाई के खेल में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।अगर यही हालात रही तो क्षेत्र पेड़ों से खाली हो जाएगा।पर्यावरण को संतुलित रखने के लिये पेड़-पौधों का होना आवश्यक है।उसके लिये सरकार द्वारा बड़े-बड़े स्लोगन लिखवाए जाते हैं,प्रचार-प्रसार किया जाता है।पौधे लगाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे है पर सच यह है कि पेड़ तो कम लगते हैं अलबत्ता उनकी कटाई जोरों पर हो जाती है।

हरे पेड़-पौधों की कटाई से अवैध कमाई तो लकड़ी माफियाओं के साथ साथ मोतीगंज पुलिस और वन विभाग को होती है।मोतीगंज पुलिस लकड़ी माफियाओं से प्रति पेड़ की मोटी रकम वसूलती है।जिस तरह से क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटाई हो रही है,इसके भयावह परिणाम से आम आदमी की जिंदगी को भारी खतरा है।पेड़ों की कटाई के कारण ऑक्सीजन जैसी आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है।क्या उच्च अधिकारी लेंगे मामले को संज्ञान या फिर वह भी इसी मामले में संलिप्त होकर कर देंगे मामला रफा-दफा पहले की तरह कर दिया जाएगा।

# एसपी विनीत जायसवाल ने थाना खोड़ारे का किया औचक निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने थाना खोड़ारे का औचक निरीक्षण किया गया।जिसमें थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय,विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस अधीक्षक रिकॉर्डो को अद्यावधिक करने साफ सफाई रखने एवं महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को थाने पर आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके प्रति सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए तत्काल निस्तारण कराने हेतु संबंधित के आवश्यक निर्देश दिए गए।तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने थाने के हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर,त्योहार रजिस्टर,मासिक निरीक्षण रजिस्टर व अपराध रजिस्टर का अवलोकन ऑपरेशन क्लीन के तहत मालों का निस्तारण किए जाने तथा सभी अभिलेखों को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए।इसी दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग को प्रभावी बनाने,रात्रि गश्त व पिकेट को प्रभावी बनाने एचएस चेकिंग,लम्बित विवेचनाओ को गुणदोष के आधार पर निस्तारण व वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश भी दिए।इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक खोड़ारे सुरेन्द्र कुमार शर्मा,पीआरओ पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भले ही बापू हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनके विचार आज भी जिंदा है: कमांडेंट शक्ति सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वी वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर के नेतृत्व में 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा परिसर व वाहिनी के अधीनस्थ समवायों में शहीद दिवस के उपलक्ष्य में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में मौन धारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वाहिनी व अधीनस्थ समवाय के आधिकारियो तथा कार्मिकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए कार्यवाहक कमांडेट 59वीं वाहिनी ने कहा कि 30 जनवरी 1948 के दिन दिल्ली के बिड़ला हाउस परिसर में नाथूराम गोडसे ने महात्मा गाँधी की गोली मार कर हत्या कर दी थी। भारत की आजादी में बापू के योगदान को हम भुला नहीं सकते हैं बापू दुनिया के प्रभावशाली नेताओं में से एक थे इसी वजह से भारत में उनकी पूण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। हर साल 30 जनवरी को राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और तीनों सेनाओं के प्रमुख दिल्ली के राजघाट पर बापू की समाधि पर श्रध्दांजलि अर्पित करते हैं। भले ही बापू हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनके विचार आज भी जिंदा है जो देशवासियों को जोश, साहस और कामयाबी की ओर बढ़ते रहने के लिए प्रेरित करते है। कार्यक्रम के दौरान शेखर बजाज उप-कमांडेंट, हिमांशु दुबे उप- कमांडेंट सहित समस्त अधीनस्थ अधिकारी व अन्य बल कार्मिक उपस्थित रहे।

### गांव-गांव जाकर भाजपा कार्यकर्ता जनसंवाद करेंगे: अनिल यादव

चित्रकूट। भारतीय जनता पार्टी चित्रकूट की गांव चलो अभियान की जिला कार्यशाला कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी डॉ अनिल यादव की उपस्थिति तथा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला पंचायत चित्रकूट के सभागार में आहूत की गयी।जिला कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि रहे अनिल यादव ने कहा की भाजपा गांव की ओर चलेगी। गांव-गांव जाकर भाजपा कार्यकर्ता जनसंवाद करेंगे। भाजपा को घर-घर व जन-जन तक पहुंचाना है। भाजपा अभियानों के माध्यम से प्रभावी जनसंवाद व जनसम्पर्क का काम कर रही है। कार्यकर्ता बेहतर प्रबंधन से अभियान को सफलतापूर्वक पूरा कर सकते हैं। भाजपा की मूल ताकत उसकी बूथ समिति है। भाजपा आज तक निरंतर जनसम्पर्क से ही सशक्त हुई है। गांव चलो अभियान के माध्यम से पदाधिकारी गांव में 24 घंटे रहकर जनता से जुडने का काम करेंगे। कार्यकर्ता लाभार्थियों से मिल कर उनका अनुभव जानेंगे। जो नवमतदाता बने है उन युवाओं को 10 साल पूर्व की सरकारों के द्वारा किये गये भ्रष्टाचार के कामों को बताने का काम करेंगें। मोदी सरकार की नीतियों से महिलाओं के जीवन में आए बदलावों के बारे में चर्चा करेंगे।

# पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान सीओ ने सुनी फरियादियों की जन समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। सीओ सदर शिल्पा वर्मा ने मंगलवार को जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनका त्वरित निस्तारण किया।संबंधित थानों के थानाध्यक्षों को भी तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान सीओ सदर शिल्पा वर्मा ने पुलिस कार्यालय पर सुबह दस बजे पहुंच गईं और उन्होंने पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनका त्वरित निस्तारण किया। मोतीगंज,धानेपुर,इटियाथोक,मनकापुर,खोडारे,छपिया, तरबगंज,परसपुर,कोतवाली करनैलगंज, कटरा,कौड़िया, खरगूपुर, इटियाथोक,नवाबगंज,देहात कोतवाली, कोतवाली नगर महिला थाने से आए फरियादियों की समस्याएं सुनने के बाद थानों के प्रभारी निरीक्षकों और थानाध्यक्षों को मामले की जांच कर समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया।सीओ सदर शिल्पा वर्मा ने कहा कि समस्या लेकर आने वाले फरियादी निराश न जाए यही उनकी प्राथमिकता है।

# गांधी जी की पुण्यतिथि पर अधिवक्ता संघ ने की श्रद्धांजलि सभा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन नानपारा के अधिवक्ताओं ने संघ के सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता संघ अध्यक्ष मोहम्मद अरशद एडवोकेट ने की तथा संचालन प्रेम कुमार त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर सभी अधिवक्ताओं ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी और हृदय तल से याद किया। श्रद्धांजलि सभा में अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए हरीश शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी अपने व्यक्तित्व कृतित्व और आदर्शों के बलबूते महात्मा कहलाए। उन्होंने अपने व्यवहार और कार्यशैली के चलते पूरे विश्व में अमिट छाप छोड़ी लेकिन द्वेष भावना रखने वाले ने उनकी हत्या कर दी जो निंदा योग्य है। जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि गांधी जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे जिन्होंने सत्य और अहिंसा के बल पर हमें आजादी दिलाई। ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट ने गांधी जी को नमन करते हुए कहा कि महात्मा गांधी मानव इतिहास में सर्वश्रेष्ठ महापुरुष के तौर पर जाने जाते हैं उनकी 76वीं पुण्यतिथि पर सादर नमन है, महात्मा गांधी के नैतिक मूल्यों से प्रभावित होकर विश्व के तमाम लोगों ने अपनी लेखनी चलाई है। महात्मा गांधी को सत्य अहिंसा और अंशन का पुजारी माना जाता है। उन्हें गीता के उपदेश कंठस्थ थे और उनके रग रग में राम बसे थे। जिनके दम पर हमें बिना खडक बिना ढाल आजादी मिली उन्हें अराजक तत्वों ने षड्यंत्र रचकर मौत के घाट उतार दिया। अंत समय में गांधी जी के मुख से हे राम शब्द का चीत्कार हुआ और दुनिया से महापुरुष ने विदाई ली। हमें उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। इसके अलावा मोहम्मद जुबेर, धीरेंद्र सिंह, रूप नारायण जायसवाल, रामगोपाल वर्मा आदि अधिवक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## फुट पेट्रोलिंग कर कोतवाल नानपारा ने दिलाया सुरक्षा का एहसास



नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंगलवार को नानपारा कोतवाली थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार राय ने पुलिस दल बल के साथ नगर में शहीद स्मारक, इमामगंज चैराहा, गांधी पार्क, राजा बाजार से होते हुए शहर के कई स्थानों पर फुट पेट्रोलिंग की। नगर में सुरक्षा व शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए फुट पेट्रोलिंग की गई ताकि लोगों मे सुरक्षा की भावना बनी रहे। इस दौरान सड़को के किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों को व्यवस्थित ढ़ंग से खड़ी करने को कहा ताकि आने जाने वाले राहगीरों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और जाम की समस्या भी उत्पन्न न हो। कोतवाल मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाये रखने व अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पैदल गश्त व रात्रि गश्त जारी है।

## 02 फरवरी को मनाया जायेगा अन्तर्राष्ट्रीय वेटलैण्ड दिवस एवं बर्ड वाचिंग फ़ेस्टिवल

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। विलुप्त हो रही आर्द्र भूमि (वेटलैण्ड) के संरक्षण तथा स्वच्छ पेयजल एवं पेयजल स्रोतों के संवर्द्धन हेतु ''एक जनपद-पारिस्थितिकीय गंतव्य'' की थीम पर कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार में 02 फरवरी 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय वेटलैण्ड दिवस एवं बर्ड फ़ेस्टिवल 2024 के अवसर पर विभिन्न जनजागरूकता कार्यकम एवं प्रतियोगिता का आयोजन कर जनमानस को आर्द्र भूमि के संरक्षण एवं बेहतर प्रबन्धन के लिए प्रेरित किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी. शिव शंकर ने बताया कि 02 फरवरी 2024 को वन क्षेत्र कतर्नियाघाट अन्तर्गत महादेवा ताल पर प्रातः 07:00 बजे से पूर्वान्ह 10:00 बजे तक नेचर गाइड, प्रकृति प्रेमियों, वन्यजीव विशेषज्ञों, शारदा सहायक परियोजना इण्टर कालेज गिरिजापुरी व बप्पा जी इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं के महादेवा ताल का भ्रमण, वर्ड वाचिंग, मोबी वॉक व कैमरा वॉक का आयोजन किया गया है। पूर्वान्ह 11:00 बजे से नेचर इंटरप्रेटेशन सेन्टर कतर्नियाघाट में विषय विशेषज्ञों द्वारा आर्द्रभूमि एवं पक्षी सम्बन्धी पारिस्थितिकी विषय पर व्याख्यान होगा तत्पश्चात बर्ड स्केचिंग, क्ले माडलिंग तथा वेस्ट मैनेजमेन्ट से सम्बन्धित गतिविधियां संचालित की जाएंगी। कार्यक्रम के अन्त में जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

## शादी के तीन दिन बाद अस्पताल से फरार हुई दुल्हन

मेरठ। नौचंदी थाना क्षेत्र में शादी के तीन दिन बाद पेट दर्द का बहाना करके अस्पताल पहुंची दुल्हन गर्भवती निकली। अपनी पोल खुलने के डर से ससुरालियों को अस्पताल में छोड़कर दुल्हन फरार हो गई। दुल्हन की सास ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत करके कार्रवाई की मांग की।नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रनीगर निवासी मुक्ता शर्मा के बेटे नितिन की शादी 25 जनवरी को गाजियाबाद जनपद के लोनी निवासी युवती से हुई थी। शादी के तीन दिन बाद 28 जनवरी को दुल्हन ने अपने पेट में दर्द की बात कही तो ससुराल वाले उसे लेकर गढ़ रोड बैंक कॉलोनी में डॉ. सीमा अग्रवाल के अस्पताल में ले गए। वहां पर अल्ट्रासाउंड आदि जांचें की गई। मंगलवार को एसएसपी कार्यालय पहुंची दुल्हन की सास ने बताया कि जांच के बाद डॉक्टर ने बहू को बाहर भेजकर उन्हें अंदर बुलाया। डॉक्टर ने बताया कि उनकी बहू गर्भवती है ।

# बिना पार्किंग के निजी नर्सिंग होम को कैसे मिल गया लाइसेंस, विभाग की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम को लाइसेंस देते वक्त तमाम नियम शर्तों को पूरा किया जाना है।अस्पताल या नर्सिंग होम शुरू करने से पहले विभाग की टीम को मौके पर पार्किंग दिखाना होता है।आखिर वे अस्पताल जो संचालित हो रहे हैं,लेकिन उनके पास पार्किंग व्यवस्था नहीं है।उनको स्वस्थ विभाग ने किस तरह से लाइसेंस जारी कर दिया।अब अस्पतालों के सामने वाहनों को खड़ा किया जा रहा है जिससे सड़क जाम हो रही है।आम जनता इससे खासी परेशान है।

### गायत्री हॉस्पिटल, नूर हॉस्पिटल के सामने वाहनों का जमावड़ा

नेहरू नगर में मित्तल स्टेशन रोड गायत्री हॉस्पिटल व नूर हॉस्पिटल के सामने वाहनों का जमावड़ा हर वक्त देखने को मिल रहा है।इससे यहां यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है।अस्पताल शुरू करने से पहले नियम के मुताबिक पार्किंग व्यवस्था किया जाना है।यहां पार्किंग व्यवस्था नहीं होने की वजह से लोग सड़क पर ही वाहन खड़ी कर अस्पताल के भीतर जा रहे हैं।वे जब तक नहीं लौटते सड़क में वाहन कतार में खड़ी रहती है।दूसरे अस्पतालों को लाइसेंस जारी करने से पहले विभाग ने उनके पार्किंग का जाकर जायजा लिया।तब ऐसा ही तमाम निजी अस्पतालों के साथ क्यों नहीं हुआ।

### बिना पार्किंग के नहीं जारी करते लाइसेंस

बिना पार्किंग की सुविधा देखे स्वस्थ विभाग लाइसेंस जारी नहीं करता।लाइसेंस जारी करने से पहले चीफ मेडिकल हेल्थ ऑफिसर के निर्देश पर एक टीम मौके का जायजा लेती है।पार्किंग समेत तमाम व्यवस्था देखने के बाद ही लाइसेंस जारी की जाती है।गोण्डा जिले में स्वस्थ विभाग ने लाइसेंस जारी करते वक्त इन नियमों व शर्तों की अनदेखी की है या और कोई वजह से लाइसेंस जारी कर दिया।अब यह सवाल उठ रहे हैं।

### पर्यावरण का एनओसी देखा

स्वस्थ विभाग के अधिकारियों ने पर्यावरण विभाग से मिलने वाले एनओसी को तो जांच कर लिया लेकिन अस्पताल और नर्सिंग होम में पार्किंग व्यवस्था को नजर अंदाज किया।अगर पार्किंग की व्यवस्था न हो तो लाइसेंस देने से पहले व्यवस्था करने निर्देश देना है। व्यवस्था होने के बाद लाइसेंस जारी करना था।हॉस्पिटल के सामने सड़कों पर वाहनों को खड़ा किया जा रहा है।स्वस्थ विभाग की अनदेखी के कारण नगर में यातायात व्यवस्था चरमरा रही है।

### यहां उठ रहे सवाल

विभाग की कार्य शैली पर यहां सवाल उठना लाजमी है। इस निजी अस्पताल में पार्किंग नहीं होने के बाद भी कैसे लाइसेंस जारी हुआ।विभाग के किस अधिकारी के हस्ताक्षर से लाइसेंस जारी किए।लाइसेंस जारी करने से पहले किसके नेतृत्व में अस्पताल का जायजा लेने टीम पहुंची थी। टीम में कौन-कौन सदस्य थे।पार्किंग व्यवस्था नहीं है यह जानते हुए भी लाइसेंस जारी करने वाले जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई की जाएगी।

# खादिमुल हुज्जाज (हाजी सेवक) के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । हज कमेटी ऑफ इन्डिया, मुम्बई द्वारा हज-2024 के लिए हज यात्रियों की सुविधा हेतु सऊदी अरब में खादिमुल हुज्जाज (हाजी सेवक) के चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। ऐसे इच्छुक पुरूष अथवा महिला कार्मिक जिन्होंने पूर्व में हज अथवा उमरा किया हुआ है और उनकी आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं है, हज कमेटी की वेबसाइट हज कमेटी डाट जीओवी डाट इन पर 15 फरवरी 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक 300 पुरूष अथवा महिला हज यात्रियों पर 01 खादिमुल हुज्जाज (हाजी सेवक) का चयन किया जायेगा।

खादिमुल हुज्जाज (हाजी सेवक) के लिए आवेदक का सरकारी अथवा सरकार के अधीन पब्लिक सेक्टर अण्डरटेकिंग/संवैधानिक संस्था का होना आवश्यक है। अस्थायी, अंशकालिक, सीज़नल, आउटसोर्स, संविदा, तदर्थ कर्मचारी, केन्द्र व राज्य सरकार में प्रथम श्रेणी अथवा समकक्ष अधिकारी तथा आंशिक/पूर्ण रूप से दिव्यांग आवेदन नहीं कर सकेंगे। खादिमुल हुज्जाज (हाजी सेवक) के रूप में हज-2023 में जाने वाले अथवा दो बार से अधिक बार जाने वाले कर्मचारी अर्ह नहीं होंगे। आवेदक के पास मशीन पठित पासपोर्ट जो 15 फरवरी, 2024 या उससे पूर्व जारी हों एवं उसकी वैद्यता 31 जनवरी 2025 तक होना आवश्यक है साथ ही आवेदक इण्टरनेट व स्मार्ट फोन के उपयोग में भी अभ्यस्त हो।

खादिमुल हुज्जाज (हाजी सेवक) हज यात्रियों से किसी प्रकार का वित्तीय प्रतिफल नहीं प्राप्त करेगा, समस्त सेवाएं निःशुल्क देनी होंगी। हाजी सेवक के साथ उनके परिवार का कोई सदस्य हज पर जाने हेतु पात्र नहीं होगा। आवेदक का शारीरिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है, जिसके लिए सरकारी चिकित्सालय से स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पूर्व में गये ऐसे हाजी सेवक जिनके बारे में कॉन्सल जनरल आफ इण्डिया द्वारा प्रतिकूल प्रविष्टि की गयी है, ऐसे कर्मचारियों का चयन नहीं किया जायेगा।

## वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद बहराइच प्रदेश में वन सम्पदा से आच्छादित मुख्य जनपदों में से एक है जिसमें बहुमूल्य प्रजाति के साल, शीशम एवं सागौन आदि के वृक्षों के साथ-साथ अनेकानेक वन्य जीवों का भी प्राकृतवास है। यह जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच ने बताया कि वर्तमान समय में 15 फरवरी से 15 जून 2024 तक का समय अग्निकाल का है। उन्होंने बताया कि अग्निकाल में वनों/वन्य जीवों की अग्नि से सुरक्षा/संरक्षण हम सभी का पुनीत कर्तव्य है जिसके लिए आवश्यक है कि वनों को अग्नि से बचाया जाये एवं वनों में माचिस, बीड़ी, मिट्टी का तेल आदि अग्नि सम्बन्धी वस्तुओं तथा वाहनों आदि का अनाधिकृत प्रवेश पूर्णतया वर्जित हों।उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि हम सभी यह दृढ़संकल्प शपथ लें कि वनों/वन्य जीवों की अग्नि से सुरक्षा को परमधर्म से राष्ट्रधर्म मानते हुए वनों एवं उसमें प्राकृतवास करने वाले वन्य जीवों की प्रत्येक दशा में रक्षा करेंगे। वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रभागस्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 05252-233160 तथा प्रदेश मुख्यालय के हेल्पलाइन का दूरभाष संख्या 0522-2207951 पर वनाग्नि की सूचना दी जा सकती है।

# गांव चलो अभियान के तहत भाजपा कार्यालय पर हुई कार्यशाला

## हर गांव में भाजपा के कार्यकर्ता प्रवास कर 10 प्रतिशत वोटरों को पार्टी से जोड़ेंगे



**विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा से जुड़ेंगे युवा मतदाता**

**भाजपा कार्यकर्ता करेंगे जनपद के सभी गांव में प्रवास**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक योजनाओं को गांव चलो अभियान के तहत जन जन तक पहुंचायेंगे भाजपा कार्यकर्ता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।भाजपा जिला कार्यालय पर गांव चलो अभियान के तहत जिला कार्यशाला आयोजित की गई।जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रभारी गुलशन आनन्द रहें।इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने की संचालन जिला मंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक मंगली प्रसाद वर्मा ने किया।कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि हम सभी को जनता के बीच अपना प्रत्याशी''कमल का फूल'' बताना है।और केंद्र की मोदी सरकार को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।ऐसा संकल्प लेकर हम सभी को इस ''गांव चलो अभियान'' को शुरू करना है।इस अभियान से लोकसभा चुनाव में उतरने की तैयारी तय जिसमें मुख्य अतिथि ने कहा कि यह अभियान बूथ स्तर तक पहुंचाने का कार्य हम सभी जिला पदाधिकारी,मण्डल पदाधिकारी,मोर्चा पदाधिकारी,प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को पहुंचाना है।राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व में जिले की सभी गांवों में भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव गांव लेकर जाना है।

और एक दिवसीय प्रवास कर बूथ अध्यक्ष और अन्य कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर भाजपा की नीतियों के माध्यम से 10% मतदाता बीजेपी के पक्ष में करवाना है।मंचासीन अतिथियों में पूर्व सांसद बलराज पासी,बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद,पूर्व विधायक किशन लाल,पीसीयू चेयरमैन सुरेश गंगवार,लोकसभा संयोजक दीपक अग्रवाल,ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा,अजय सिंह गंगवार,महिप सिंह,आशुतोष दीक्षित उर्फ राजू, जिला महामंत्री लेखराज भारती, जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार,सुषमा देवी,जिला मीडिया प्रभारी स्वतंत्र देवल,सह मीडिया प्रभारी विपिन मिश्रा,जिला कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, जिला कार्यालय मंत्री हेमराज दिवाकर,महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गीता मिश्रा सहित मण्डल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा ने लोकसभा चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन



**-पूर्ण विधि-विधान और यज्ञ कर किया लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन**

**-जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष ने फीटा काटकर किया लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रदेश के लगभग सभी जिलों में एक साथ लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

इस लोकसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र तिवारी द्वारा पूर्ण विधि-विधान और पूजन कर यज्ञों उपरांत पूर्ण आहुति के साथ जिला प्रभारी गुलशन आनन्द,जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह एवं लोकसभा संयोजक दीपक अग्रवाल ने फीटा काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया।जल्द ही पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा पीलीभीत, बरखेड़ा,पूरनपुर,बीसलपुर और बहेड़ी में इसी प्रकार चुनाव कार्यालय जल्द ही खुलेंगे।इस लोकसभा चुनाव कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व सांसद बलराज पासी, विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, पीसीयू चेयरमैन सुरेश गंगवार,पूर्व विधायक किशन लाल,ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल,चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित,जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार,सुषमा देवी,जिला मीडिया प्रभारी स्वतंत्र देवल,हेमराज दिवाकर,नमन राजपूत,विकास बाल्मीकि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान में पहुंचा प्रशिक्षु आईएएस अफसरों का दल

वाराणसी। 'भारत दर्शन कार्यक्रम' के तहत वाराणसी आए प्रशिक्षु 18 आईएएस अधिकारियों का दल मंगलवार को शहंशाहपुर रोहनिया स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान परिसर पहुंचा। परिसर में अधिकारियों के दल को संस्थान की गतिविधियों से परिचित कराया गया।

संस्थान के निदेशक डॉ. तुषार कान्ति बेहेरा ने देश में सब्जी फसलों के उत्पादन, किसानों की आय संवर्धन में इन फसलों की उपयोगिता और आम लोगों के जीवन में सब्जियों की पोषण संबंधी जरूरतों की जानकारी दी। उन्होंने शोध कार्यक्रमों और सब्जियों में किये जा रहे नवाचारों के बारे में भी बताया।

प्रशिक्षु अफसरों ने सब्जी शोध प्रक्षेत्र का भ्रमण किया, जिसमें विभिन्न सब्जियां जैसे मिर्च, गाजर, बैंगन, मटर, गोभी इत्यादि की नयी किस्मों एवं संकरों के विकास एवं गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही हाई-टेक नर्सरी व ग्राफटिंग इकाई का भी भ्रमण कराया गया। प्रशिक्षुओं ने आण्विक प्रजनन प्रयोगशाला, उत्तक संवर्धन इकाई, जैव प्राद्यौगिकी प्रयोगशाला का भी भ्रमण किया। जहां दल ने जीनोम एडिटिंग, जीन पिरामिडिंग इत्यादि के बारे में जानकारी हासिल की। कार्यक्रम का संचालन डॉ नकुल गुप्ता ने किया। इस अवसर पर संस्थान के विभागध्यक्षों के साथ ही वैज्ञानिक भी उपस्थित रहे।

## इण्डो अमेरिकन विद्यालय तक रबर मोल्ड इंटरलाकिंग सड़क का हुआ शिलान्यास

अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह ने हाजीपुर सिंहपुर में गुरूप्रसाद के घर से इण्डो अमेरिकन विद्यालय तक रबर मोल्ड इंटरलाकिंग सड़क का शिलान्यास किया। 182 मी सड़क की लागत 10.90 लाख रूपये है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार भारतीय संस्कृति के विभिन्न रंगों को समाहित करते हुए सर्वांगीण विकास की अवधारणा को धरातल पर उतार रही है। अंतिम व्यक्ति के उत्थान की परिकल्पना को हर पात्र को योजनाओं का लाभ देकर सार्थक किया है। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर उनका स्वागत स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया।

उन्होंने कहा कि गांवों को मुख्य मार्गो से जोड़ा जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके। बेहतर आवागमन की सुविधा होने से गांवों में समृद्धि का द्वार खुलेगा। किसानों को अपनी फसल एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में सुविधा होगा। इससे रोजगार सृजन भी होगा। अयोध्या को जोड़ने वाले सभी मार्गो का चौड़ीकरण किया जा रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को वैश्विक मानकों के अनुसार सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार कटिबद्ध है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या को विश्व की सर्वोत्तम नगरी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके लिए अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाएं प्रदान की गई है।

## भाजपा ने किया बरेली लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

बरेली । भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है इसके चलते बरेली लोकसभा चुनाव कार्यालय नेहरू पार्क कालोनी में खोला गया। इस अवसर पर चुनाव कार्यालय में हवन का आयोजन किया गया। हवन के मुख्य यजमान पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद संतोष कुमार गंगवार और उनकी धर्मपत्नी सौभाग्यवती गंगवार रही। हवन के उपरांत भाजपा के क्लस्टर प्रभारी एवं पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। खासबात यह है कि बरेली लोकसभा क्षेत्र से आठ बार पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद संतोष गंगवार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उद्घाटन समारोह के अवसर पर पूर्व मंत्री एवं क्लस्टर प्रभारी सुरेश राणा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चौमुखी विकास हुआ है और देश का जनमानस नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हैवहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद संतोष गंगवार ने कहा कि भाजपा इस बार 400 पार का लक्ष्य तय करेगी। क्योंकि मोदी है तो मुमकिन हैइस अवसर पर महापौर डॉ उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, नवाबगंज विधायक डॉ एम पी आर्य, मीरगंज विधायक डॉ डीसी बर्मा, लोकसभा प्रभारी राकेश गुप्ता, बरेली लोकसभा संयोजक राजकुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा , महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

## डीजे, डीएम, एसएसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

मेरठ। जिला न्यायाधीश रजत सिंह जैन, जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने मंगलवार को जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन) और सूरजकुंड बाल गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।जिला कारागार में जिला न्यायाधीश और जिलाधिकारी द्वारा बैरक का निरीक्षण कर जेल अधीक्षक को दिशा-निर्देश दिए गए। जिला कारागार के पास स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरों से परिजनों की मुलाकात, बायोमैट्रिक उपस्थिति, सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया गया। बाउंड्री रोड स्थित नारी निकेतन में जिला न्यायाधीश व जिलाधिकारी द्वारा पाकशाला का निरीक्षण किया गया। सूरजकुंड स्थित राजकीय बाल गृह में भोजनालय, स्वास्थ्य केन्द्र, स्टॉक रजिस्टर, मुलाकाती रजिस्टर, हैल्थ रजिस्टर आदि का निरीक्षण करके व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरीराम, जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार, जेल अधीक्षक जिला कारागार शशिकांत मिश्र, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, नारी निकेतन अधीक्षिका रीमा राठी, सूरजकुंड बाल गृह का स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

## प्रतापगढ के 50 कृषकों का समूह करेगा राज्य स्तरीय भ्रमण

प्रतापगढ़। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत राज्य स्तरीय कृषक भ्रमण हेतु कृषि विभाग परिसर से 50 कृषकों के समूह के बस को उप कृषि निदेषक विनोद कुमार यादव ने मंगलवार को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।कृषकों को केन्द्रीय औषधीय एवं संगध पौधा संस्थान (सीएमआईआर-सीमैप) में भेजा गया, कृषकों को जन औषधीय एवं संगध पौधों की खेती एवं बाजार वैज्ञानिक-उद्योग-कृषक संवाद, उन्नत पौध सामग्री व प्रकाशनों का विक्रय उन्नय पौध किस्मों व सीमैप उत्पादों का प्रदर्शन, आसवन इकाईयों/प्रसंस्करण का सजीव प्रदर्शन तथा अगरबत्ती व गुलाब जल बनाने का प्रशिक्षण जिसमें किसान मेले में प्रतिभागी किसान औषधीय एवं संगध पौधों के बारे में अनुसंधान एवं विकास के साथ बाजार की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी जायेगी।जानकारी प्राप्त करने हेतु जनपद के विकास खण्डों से गोपाल शरण सिंह, ओम प्रकाश पटेल आदि कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

# गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर सपा नेता को किया गया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व को लेकर गुरुद्वारों में धार्मिक आयोजन किया जा रहे हैं हाईवे पर स्थित मोहनपुर जपती गुरुद्वारा में प्रकाश पर के उपलक्ष्य में भव्य दीवान सजाया गया।

शबद कीर्तन कर गुरबाणी का आयोजन हुआ। यहां पहुंचे सपा नेता ने गुरुद्वारे में मत्था टेका। इस दौरान उन्हें सरोपा भेट किया गया। अटूट लंगर चला।गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व को लेकर गुरुद्वारों में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव मोहनपुर जप्ती में स्थित गुरुद्वारे को प्रकाश पर के आयोजन को लेकर गुरुद्वारे को सजाया गया। यहां दीवान सजाकर गुरवानी का बखान किया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार उर्फ राजू ने गुरुद्वारे में पहुंचकर माथा टेंका। इस दौरान संगत के लोगों ने उन्हें सरोफा भेंट कर सम्मानित किया। सपा नेता ने गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों की काफी सराहना की है। उन्होंने बताया समाज कल्याण में गुरु जी के इस योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान गुरुद्वारे में अटूट लंगर चला। यहां पहुंची संगत ने लंगर छका। इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## भदोही में पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित हुई शिक्षिका ममता गंगवार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।मिशन पर्यावरण संरक्षण के संरक्षक राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कार शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पूरे देश व प्रदेश से पर्यावरणविदों को बुलाकर ''पर्यावरण हमारी आवश्यकता है। या मजबूरी'' एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।जिसमें पर्यावरण से जुड़े हुए ज्वलंत मुद्दों को उठाते हुए उनके समाधान को सबने अपने ढंग से रखा है।उसके पश्चात जिलाधिकारी भदोही गौरांग राठी एवं मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह एवं डायट प्राचार्य अनिल कुमार मिश्रा द्वारा सभी पर्यावरणविदों को पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया है।जिसमें पीलीभीत से राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कंपोजिट विद्यालय बरहा की शिक्षिका ममता गंगवार को पर्यावरण मित्र के सम्मान से सम्मानित किया गया है।उन्होंने पीलीभीत के स्मृति चिन्ह के रूप में जिलाधिकारी भदोही को एक बांसुरी भी भेंट की है।

## पीलीभीत के लाल ने दिल्ली में प्रोफ़ेसर बनकर किया जिले का नाम रोशन

पीलीभीत।महेंद्र पाल सिंह राजस्व निरीक्षक तहसील कलीनगर पीलीभीत के बड़े पुत्र डॉ महीप भारती का चयन असिस्टेंट प्रोफ़ेसर दयाल सिंह कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय में हुआ। राजस्व निरीक्षक वर्तमान में राजीव कॉलोनी पीलीभीत के निवासी हैं।आपने प्रारंभिक शिक्षा विद्या मंदिर पीलीभीत से पूर्ण की साथ ही उच्च शिक्षा स्नातक, परास्नातक व शोधऽकार्य इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूर्ण की।इनका पुत्र वर्तमान में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद आईसीएसएसआर दिल्ली से पोस्ट डॉक्टोरल फैलो हैं।डाक्टर महीप भारती प्रोफ़ेसर ने आपकी सफलता का श्रेय गुरुजनों, माताऽपिता का आशीर्वाद व स्वयं के परिश्रम को जाता है।

## परिषदीय विद्यालय में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।कम्पोजिट स्कूल चंदोई में वार्षिकउत्सव ब शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन कुछ इस तरह किया गया। अभिभावकों की मीटिंग करने के बाद अभिभावकों को खेल खिलाऐ गए।जिसमें महिला अभिभावकों ने अधिक प्रतिभाग किया है।और जीत हासिल की है।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साजदा खातून ने सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए हैं।वार्षिक उत्सव में खेल खेलने का यह तरीका बहुत पसंद आया इस मौके पर सभी स्टाफ और बच्चों ने इसमें अपना सहयोग किया है।

# तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का मंत्री दानिश आजाद ने किया शुभारंभ




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में लखनऊ जोन की तीन दिवसीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ आज मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी द्वारा गुब्बारे उड़ाकर किया गया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रथम दिवस एथलेटिक्स , वालीबाल एवं कुश्ती तथा द्वितीय दिवस बैडमिंटन एवं कबड्डी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

राज्य मंत्री का स्वागत युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रथम बार '' उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग'' के अंतर्गत किया जा रहा है। ''उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग '' का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री द्वारा गोरखपुर में किया गया था। युवा कल्याण विभाग ग्रामीण ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा पुरस्कार वितरण कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया गया। इसके अंतर्गत विकास खंड ,जनपद ,जोन व राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में किया जाता है।

कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय श्रीमती शिल्पी पांडेय, उप निदेशक, लखनऊ जोन द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा अयोध्या व लखनऊ मंडल के 11 जनपदों से आए खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा गया है कि व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्तमान सरकार खेलों के विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। इस अवसर पर लखनऊ मंडल के सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

प्रथम दिवस के कार्यक्रम का समापन व पुरस्कार वितरण केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंत्री द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा यह कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए युवा कल्याण विभाग का सराहनीय योगदान है।उनके द्वारा विभिन्न जनपद से आए हुए खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया गया तथा यह भी कहा गया कि खेलों में प्रतिभाग करके युवाओं की ऊर्जा को एक सकारात्मक दिशा दी जा सकती है। नशा मुक्ति को दूर करने में खेलों को महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनके द्वारा सांसद खेल स्पर्धा के आयोजन फरवरी माह में होने के संबंध में उपस्थित खिलाड़ियों को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 18 वर्ष से ज्यादा उम्र की महिलाओं को साड़ी पहन कर 5 द्वन्द्व की मैराथन में प्रतिभाग कराया जा रहा है जिससे हर घर खेल से जुड़े।

# मोदी के सूनामी में उड़ जाएगा विपक्ष : महेश चंद्र श्रीवास्तव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में महानगर जिले की गांव चलो अभियान की कार्यशाला जिला पंचायत सभागार में हुई। मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी एवं पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि देश की तरक्की का रास्ता गांव से होकर जाता है और आज भी भारत गांव में ही बसता है। नगर हो या गांव, हर जगह मोदी के नाम और काम की सूनामी चल रही है और इस लहर में विपक्षी दलों का पता भी नहीं चलेगा।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं गांव गरीब किसानों के लिए और गांव के विकास को समर्पित है। उन्होंने कहा विकसित भारत के निर्माण यात्रा के दौरान मोदी सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया गया। जिसका व्यापक असर दिखा और यात्रा का स्वागत भव्य तरीके से किया गया। उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा गांव के हर घर में दस्तक देगी और मोदी सरकार की सभी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएगी।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि गांव चलो अभियान सिर्फ अभियान नहीं बल्कि एक मिशन है जो 4 फरवरी से 11 फरवरी तक गांव एवं नगर क्षेत्र में चलेगा। इस अभियान को संगठन की रचना के अनुसार सभी संगठनात्मक कार्यों को चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत बूथों को सशक्तिकरण करना है और समाज के सभी सम्मानित और प्रभावशाली लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के ट्रिपल इंजन की सरकार गरीबों और वंचितों की सेवा में लगी हुई है जिसके कारण उनके जीवन में विकास का बदलाव दिखाई दे रहा है।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि कार्यशाला के अंतर्गत सभी करणीय कार्यों का जिक्र किया गया और 1 व 2 फरवरी को गांव चलो अभियान सभी मंडलों में आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का संचालन कुंज बिहारी मिश्रा व समापन वरुण केसरवानी ने किया।कार्यशाला में प्रमुख रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर, सांसद केशरी देवी पटेल, प्रकल्प, विभाग के महानगर संयोजक, मंडल संयोजक, सहसंयोजक, प्रभारी सह प्रभारी, प्रवासी आदि मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 23.02.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा किया जायेगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 000502024 दिनांक 29.01.2024 |
| 2 | कार्य का नाम | सहायक मंडल इंजीनियर प्रतापगढ़ के तहत बनारस–जंघई–रायबरैली–अमेठी (प्रस्तावित 130 किमी प्रति घंटे अनुभाग) और जंघई–फाफामऊ अनुभाग पर आरसीसी बॉक्स के साथ स्टोन स्लैब पुलों (44 संख्या) का प्रतिस्थापन का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 9,60,01,951.21 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 6,30,000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 09.02.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 23.02.2024 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 308/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# फिर नीतीश का यू टर्न

पिछले कुछ समय से बिहार में इंडिया गठबंधन की गांठें खुलने के कयास लग रहे थे। रविवार की सुबह नीतीश के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफ़े और शाम को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने ने उन कयासों को हकीकत बना दिया। बिहार में फिर आयाराम-गयाराम का मुहावरा चरितार्थ हुआ। नीतीश ने गठबंधन से अलग होने का भी ऐलान किया है। वर्ष 2022 में राजग गठबंधन से अलग हुए नीतीश फिर राजग के साथ मिलकर मुख्यमंत्री बने हैं। निस्संदेह, उनका एनडीए में जाना इंडिया गठबंधन के लिये एक बड़ा झटका है। वह भी तब जब लोकसभा चुनाव बेहद करीब हैं। बहरहाल, भाजपा ने दिल्ली में सत्ता की राह के लिये निर्णायक चार बड़े राज्यों में से उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र व बिहार में समीकरण अपने पक्ष में साध लिये हैं। बिहार के वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील मोदी का वह बयान भी सिरे चढ़ा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि राजनीति में दरवाजे कभी पूरी तरह बंद नहीं होते। बहरहाल, सुशासन बाबू कहे जाने वाले नीतीश कुमार की साख पर इसकी आंच जरूर आएगी। लेकिन एक बात तय है कि आज शुचिता व मूल्यों की राजनीति की जगह सिर्फ वोट के समीकरण जुटाने की राजनीति ने हथिया ली है। भाजपा अब यह प्रचार जोर-शोर से करेगी कि विपक्षी गठबंधन के सूत्रधार रहे नीतीश बाबू अब राजग का हिस्सा हैं। निस्संदेह भाजपा ने एक तीर से कई निशाने साधकर विपक्ष की धार को कुंद किया है। बहरहाल, एक बेहद सीमित प्रतिशत वाली जाति के नेता नीतीश ने राज्य में तीसरे नंबर की पार्टी होने के बावजूद अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी बरकरार रखी है। वहीं कहीं न कहीं मोदी की तीसरी जीत की राह भी आसान कर दी है। एक समय 2022 में राजग गठबंधन से अलग होने के बाद भाजपा के सूत्रधार अमित शाह ने कहा था कि नीतीश की राजग में वापसी नहीं होगी। लेकिन राजनीतिक समीकरणों ने उनकी वापसी सुनिश्चित कर दी। अब भाजपा को भी कहने का मौका मिल गया है कि जो विपक्षी एकता के सूत्रधार थे और जिनके नेतृत्व में पटना में इंडिया गठबंधन की पहली बैठक हुई थी, वो अब राजग का हिस्सा हैं। अब नीतीश के बयानों से ही इंडिया गठबंधन पर हमले बोले जाएंगे। बहरहाल, बार-बार पाला बदलकर सत्ता को साधने वाले नेता के रूप में नीतीश कुमार की यह पहचान फिर पुख्ता हुई है। इस तरह इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग करके बिहार में सोशल इंजीनियरिंग करने वाले नीतीश ने इंडिया गठबंधन के लोकसभा चुनाव में सशक्त विपक्ष के सपने को तोड़ा है। कभी जय प्रकाश नारायण के आंदोलन से उपजे नीतीश ने कालांतर अपने साथियों लालू प्रसाद यादव व जार्ज फर्नांडिस से किनारा करके सत्ता की राह तलाशी। अपनी पांच दशक की राजनीति में वे सुविधा के हिसाब से लगातर पाले बदलते रहे। वर्ष 1996 में भाजपा से गठबंधन किया। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में कई विभागों में केंद्रीय मंत्री भी रहे। फिर बिहार में लालू यादव का विकल्प बनकर उभरे। पिछले एक दशक में वे पांचवीं बार पाला बदल चुके हैं।

बिहार में फिर आयाराम-गयाराम का मुहावरा चरितार्थ हुआ। नीतीश ने गठबंधन से अलग होने का भी ऐलान किया है। वर्ष 2022 में राजग गठबंधन से अलग हुए नीतीश फिर राजग के साथ मिलकर मुख्यमंत्री बने हैं। निस्संदेह, उनका एनडीए में जाना इंडिया गठबंधन के लिये एक बड़ा झटका है। वह भी तब जब लोकसभा चुनाव बेहद करीब हैं। बहरहाल, भाजपा ने दिल्ली में सत्ता की राह के लिये निर्णायक चार बड़े राज्यों में से उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र व बिहार में समीकरण अपने पक्ष में साध लिये हैं।

# बापू, सेंट स्टीफंस कॉलेज और दलित बच्चे

महात्मा गांधी हमारे स्वाधीनता आंदोलन के सिर्फ नायक या समाज सुधारक मात्र ही नहीं थे। वे नौजवानों और विद्यार्थियों से मिलना-जुलना भी बेहद पसंद करते थे। वे स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में लगातार जाया करते थे। वे पहली बार राजधानी दिल्ली 12 मार्च, 1915 को आए तो सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही ठहरे। वे वहां पर सेंट स्टीफंस कॉलेज और हिन्दू कॉलेज के छात्रों और फैक्ल्टी से भी मिले। उनके तमाम सवालों के उत्तर दिए। उनसे दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद से जुड़े बहुत सारे सवाल पूछे गए थे। उसके बाद वे 1918 में फिर दिल्ली आए तो पुनः सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही ठहरे। उन्हें यहां पर ब्रजकृष्ण चांदीवाला नाम के एक छात्र मिले जो आगे चलकर उनके पुत्रवत से हो गए। जब गांधी जी की 30 जनवरी, 1948 को हत्या हुई तो ब्रज कृष्ण चांदीवाला बिड़ला हाउस में ही थे। 31 जनवरी,1948 को गांधीजी की अत्येष्टि होनी थी। गांधीजी को अंतिम बार स्नान उनके परम शिष्य ब्रज कृष्ण चांदीवाला ने रात को दो बजे करवाया था। हालांकि तब बापू के सबसे छोटे पुत्र देवदास गांधी भी वहां ही थे। सेंट स्टीफंस कॉलेज में गांधीजी के नाम से एक अध्ययन केन्द्र भी चलता है। देश का यह शिखर कॉलेज गांधी जी और उनके सहयोगी दीनबंधु सी.एफ.एंड्रयूज से प्रेरणा पाता है। दीनबंधु एंड्रयूज उसी दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) से जुड़े हुए थे जिसने सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की थी। अब गांधीजी के सत्य और अहिंसा के विचारों को मानने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) सेंट स्टीफंस कैम्बिज स्कूल स्थापित करने जा रही है। यह स्कूल दिल्ली से सटे हरियाणा के राई क्षेत्र में खुल रहा है। इस स्कूल को खोलने के पीछे मकसद यही है ताकि देश के गांवों और पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा मिल सके। संयोग से सेंट स्टीफंस कैमब्रिज स्कूल वहां खुल रहा जिसे किसानों के रहनुमा और स्वाधीनता सेनानी चौधरी छोटूराम का गढ़ माना जाता है। चौधरी छोटूराम किसानों के मसीहा कहे जाते थे और उनकी शिक्षा दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही हुई थी। वे आजादी से पहले पंजाब सूबे की कैबिनेट के सदस्य थे। उनका जन्म मौजूदा रोहतक जिले में 1881 में हुआ था। तब रोहतक पंजाब का ही हिस्सा था। दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और हरियाणा का जाट समाज चौधरी छोटूराम को लेकर बहुत आदर का भाव रखता है। इस बीच, गांधीजी दिल्ली में दलित बच्चों को भी पढ़ाते रहे। यह तथ्य कम ही लोग जानते हैं। यहां उनकी पाठशाला चलती थी। वे अपने छात्रों को अंग्रेजी और हिन्दी पढ़ाते थे। उनकी कक्षाओं में सिर्फ बच्चे ही नहीं आते थे। उसमें बड़े-बुजुर्ग भी रहते थे। वे मंदिर मार्ग के वाल्मिकि मंदिर में 214 दिन रहे। 1 अप्रैल 1946 से 10 जून 1947 तक। वे शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। उनकी पाठशाला में खासी भीड़ हो जाती थी। बापू अपने उन विद्यार्थियों को जरूरत के मुताबिक फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में साफ-सुथरे होकर नहीं आते थे। वे स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते थे। वे मानते थे कि स्वच्छ रहे बिना आप ज्ञान अर्जित नहीं कर सकते। यह संयोग ही है कि इसी मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्तूबर 2014को स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी। कहना न होगा कि स्वच्छ भारत अभियान से देश में साफ-सफाई के लिए एक तरह की अद्भुत जागरुकता पैदा हुई। वह मंजर यकीनन यादगार था जब प्रधानमंत्री मोदी स्वयं झाड़ू लेकर दिल्ली की सड़कों पर सफाई करने उतरे थे। उनके पीछे-पीछे उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों से लेकर सरकारी बाबुओं तक का हुजूम भी सड़कों पर उतर आया था। 2014 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन ही प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन का आगाज किया था। महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें इससे बेहतर श्रद्धांजलि शायद दी भी नहीं जा सकती थी। अब स्वच्छता अभियान के असर देश के गांवों में भी दिखाई देने लगा हैं। गांधीजी कहते थे कि भारत की आत्मा गांवों में ही बसती है। खैर, गांधीजी वाल्मीकि मंदिर के जिस

संयोग से सेंट स्टीफंस कैमब्रिज स्कूल वहां खुल रहा जिसे किसानों के रहनुमा और स्वाधीनता सेनानी चौधरी छोटूराम का गढ़ माना जाता है। चौधरी छोटूराम किसानों के मसीहा कहे जाते थे और उनकी शिक्षा दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही हुई थी। वे आजादी से पहले पंजाब सूबे की कैबिनेट के सदस्य थे। उनका जन्म मौजूदा रोहतक जिले में 1881 में हुआ था। तब रोहतक पंजाब का ही हिस्सा था। दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और हरियाणा का जाट समाज चौधरी छोटूराम को लेकर बहुत आदर का भाव रखता है। इस बीच, गांधीजी दिल्ली में दलित बच्चों को भी पढ़ाते रहे। यह तथ्य कम ही लोग जानते हैं। यहां उनकी पाठशाला चलती थी। वे अपने छात्रों को अंग्रेजी और हिन्दी पढ़ाते थे। उनकी कक्षाओं में सिर्फ बच्चे ही नहीं आते थे। उसमें बड़े-बुजुर्ग भी रहते थे। वे मंदिर मार्ग के वाल्मिकि मंदिर में 214 दिन रहे। 1 अप्रैल 1946 से 10 जून 1947 तक। वे शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। उनकी पाठशाला में खासी भीड़ हो जाती थी। बापू अपने उन विद्यार्थियों को जरूरत के मुताबिक फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में साफ-सुथरे होकर नहीं आते थे। वे स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते थे। वे मानते थे कि स्वच्छ रहे बिना आप ज्ञान अर्जित नहीं कर सकते। यह संयोग ही है कि इसी मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्तूबर 2014को स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी।



कमरे में पढ़ाते थे, वह अब भी पहले की तरह ही बना हुआ है। यहां एक चित्र रखा है, जिसमें कुछ बच्चे उनके पैरों से लिपटे नजर आते हैं। गांधीजी की कोशिश रहती थी कि जिन्हें कतई लिखना-पढ़ना नहीं आता, वे कुछ हद तक तो लिख-पढ़ सकें। इसी वाल्मीकि मंदिर में गांधीजी से विचार-विमर्श करने के लिए नेहरू से लेकर सीमांत गांधी खान अब्दुल गफ्फार खान भी आते थे। सीमांत गांधी यहां बापू के साथ कई बार ठहरे भी थे। वाल्मीकि समाज की तरफ से प्रयास हो रहे हैं कि इधर गांधी शोध केन्द्र की स्थापना हो जाए। गांधीजी की संभवतः महानतम जीवनी 'द लाइफ आफ महात्मा गांधी' के लेखक लुई फिशर भी उनसे वाल्मीकि मंदिर में ही मिलते थे। वे 25 जून,1946 को दिल्ली आए तो यहां पर बापू से यहीं मिलने पहुंचे थे। उस समय इधर प्रार्थना सभा की तैयारियां चल रही थीं। 'द लाइफ आफ महात्मा गांधी' को आधार बनाकर ही फिल्म गांधी का निर्माण हुआ था। गांधीजी का बनारस से भी गहरा संबंध रहा। वे अपने जीवनकाल में 12 बार बनारस आए। उन्होंने 5 फरवरी 1916 को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों और अध्यापकों को संबोधित किया था। वहां पर तब बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी का स्थापना समारोह मनाया जा रहा था। साथ में बीएचयू के संस्थापक पं. मदन मोहन मालवीय, एनी बेसेंट, दरभंगा के राजा रामेश्वर सिंह के साथ कई रियासतों के राजा वहां मौजूद थे। गुजराती वेशभूषा (धोती, पगड़ी और लाठी) में आए गांधीजी ने मंच से लोगों के सामने तीन बातें रखी थीं। गांधीजी ने कहा था- देश की जनता, छात्र और आप सभी भारत का स्वराज कैसा चाहते हैं? इसी बीच गांधीजी की नजर वहां मौजूद राजाओं के आभूषणों पर पड़ी। उन्होंने कहा-अब समझ में आया कि हमारा देश सोने की चिड़िया से गरीब कैसे हो गया? आप सभी को अपने स्वर्ण जड़ित आभूषणों को बेचकर देश के जनता की गरीबी दूर करनी चाहिए। कहना न होगा कि गांधीजी देश के नौनिहालों से बीच जाकर बहुत बेहतर महसूस करते थे और उनमें देश का भविष्य देखते थे। **-आर.के. सिन्हा**

# धूमिल होते विपक्षी एकता के प्रयास

**सुरेश हिंदुस्तानी**

आजकल वर्तमान केंद्र सरकार को सत्ताच्युत करने के सपने देखने की राजनीति गरम है। केंद्र में विपक्ष की राजनीति करने वाली कांग्रेस सहित तमाम क्षेत्रीय दल एक साथ चलने का राग अलाप रहे हैं, लेकिन वर्तमान राजनीतिक शैली को देखते हुए सहज ही यह सवाल देश के वातावरण में अठखेलियां कर रहा है कि क्या आज की स्थिति और परिस्थिति को देखते हुए विपक्ष की भूमिका निभाने वाले राजनीतिक दल एक होकर चुनाव लड़ पाएंगे। यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि सारे दल इस जोर आजमाइश में लगे हैं कि किसको कितनी सीट दी जाएं। इस बारे में कांग्रेस के समक्ष बड़ी विकट स्थिति निर्मित होती जा रही है, क्योंकि जहां एक ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी कांग्रेस के अस्तित्व को बचाने के लिए एक और राजनीतिक यात्रा पर हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय दल कांग्रेस को कोई भाव नहीं दे रहे। इसके पीछे का कारण स्वयं कांग्रेस की राजनीति ही है, क्योंकि उसके नेताओं को न तो अपनी वास्तविक स्थिति का ज्ञान है और न ही उसके नेता वैसा आचरण ही कर रहे हैं। इसी कारण आज क्षेत्रीय दल कांग्रेस से ज्यादा प्रभावशाली हैं। वास्तविकता यह है कि कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों के सहारे की तलाश है और कांग्रेस इस सत्य को अभी समझने में पूरी तरह असमर्थ दिखाई दे रही है। देश में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के बाद यह लगने लगा है कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पुनः आसीन होने की ओर अग्रसर है। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि केंद्र की सरकार ने जो काम किए हैं उनके प्रति भारत की जनता का जुड़ाव दिखाई देता है। इसी कारण भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए जहां देश में विपक्ष के राजनीतिक दल एकता के लिए प्रयास करते दिखाई दे रहे थे, अब उन प्रयासों में बहुत बड़ा पेच सामने आ गया है। यह पेच इसलिए भी स्थापित हुआ है क्योंकि कांग्रेस को सारे क्षेत्रीय दल आंखें दिखाने की अवस्था में दिखाई देने लगे हैं। इसके पीछे क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का अस्तित्व बचाने का तर्क दिया जा सकता है, लेकिन सत्य यह भी है कांग्रेस वर्तमान में बहुत कमजोर हो गई है। इसलिए कांग्रेस को मन मुताबिक सीट देने को कोई भी दल तैयार नहीं है। पश्चिम बंगाल में एक तरफ ममता बनर्जी कांग्रेस को उसकी स्थिति के अनुसार सीट देने को तैयार नहीं है। वहीं उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी कांग्रेस को ज्यादा सीट देने के मूड में नहीं है। इंडी गठबंधन के लिए रही सही कसर पर नीतीश कुमार ने बिहार में कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फ़ेर दिया है। इस राजनीतिक घटनाक्रम के बाद स्वाभाविक रूप से विपक्षी एकता के गठबंधन को बहुत बड़ा आघात लगा है। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन की एकता के एक बड़े नेता के रूप में स्थापित हुए थे, जिन्हें कांग्रेस द्वारा महत्व नहीं दिया गया। नतीजा सामने हैं। नीतीश कुमार ने अपनी अलग राजनीतिक राह निर्मित कर ली। वर्तमान में राजनीतिक रूप से अस्तित्व बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे विपक्षी दलों के समक्ष एक बार फिर से अपनी एकता को बनाए रखने के लिए चुनौतियों का पहाड़ स्थापित होता दिखाई दे रहा है। जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो आज के हालात को देखते हुए निश्चित ही यह कहा जा सकता है कि जितने मुंह उतनी बातें हो रही हैं। विपक्ष के सारे दल किसी न किसी रूप में अपनी महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित कर रहे है। तू डाल डाल, मैं पात पात वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए कांग्रेस सहित क्षेत्रीय दल अपनी पहचान बनाए रखने के लिए एक दूसरे को आंखें दिखा रहे हैं। इससे एक बात पूरी तरह से स्पष्ट हो जाती है कि कांग्रेस के नेतृत्व को कोई भी दल सर्वसम्मति से स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है। लेकिन कांग्रेस का रवैया ऐसा दिखाई दे रहा है, जैसे उनका ही दल सब कुछ है। पश्चिम बंगाल और पंजाब के राजनीतिक स्वरों के निहितार्थ तलाशे जाएं तो यह कहने में कोई अतिरेक नहीं होगा कि कांग्रेस इन राज्यों में अपेक्षाकृत प्रदर्शन नहीं कर पाएगी। ऐसा इसलिए भी संभव है, क्योंकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का आधार और प्रभाव है और वह किसी भी प्रकार से अपने प्रभाव को कमजोर करने का काम नहीं करेंगी, क्योंकि ममता के पास पश्चिम बंगाल के अलावा कहीं भी राजनीतिक जमीन नहीं है। ऐसा ही पंजाब में आम आदमी पार्टी के बारे में कहा जा सकता है। इन दोनों दलों का व्यापक प्रभाव इन्हीं राज्यों में है, जिसे वह खोना नहीं चाहते।

## सेहत मंत्र

# मानसिक रोग है बाइपोलर डिसऑर्डर

बाइपोलर डिसऑडर एक प्रकार का मानसिक विकार है। इस बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति बहुत गंभीर मिजाज का हो जाता है और वह समझ नहीं पाता क्या करें क्या न करे। यानी वह हमेशा एक प्रकार की दुविधा में रहता है और अक्सर उसके द्वारा किये गये काम पूरे नहीं हो पाते। कई बार लोगों को पहचानने में भी दिक्कत होती है। इस बीमारी से गस्त होने पर मरीज को दवाओं को साथ-साथ अपने नजदीकी दोस्तों और रिश्तेदारों की बहुत जरूरत होती है। अगर आपका दोस्त भी द्विध्रुवी विकार से ग्रसित है तो आप उसके उपचार में उसकी मदद कर सकते हैं। आपके द्वारा दिये जाने वाले प्रोस्ताहन, मदद और देखभाल उसे वापस सामान्य स्थिति में आने में बहुत ज्यादा मदद करेगा। इस लेख में विस्तार से जानिए कि बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त दोस्त की मदद कैसे करें। बाइपोलर डिसऑर्डर क्या है- बाइपोलर डिसऑर्डर यानी द्विध्रुवी विकार को मानसिक रोग के नाम से भी जाना जाता है। इससे ग्रस्त व्यक्ति बहुत ही गंभीर मिजाज का हो जाता है। इसका असर कई सप्ताह या महीनों या कई सालों तक रहता है। एक अनुमान के मुताबिक प्रत्येक 100 में से 1 व्यक्ति इस मानसिक विकार से ग्रस्त होता है। बाइपोलर शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है जिसमें आदमी के मूड के दो रूपों को दिखाया गया है। पहला मूड का अचानक से अत्यधिक उच्च स्तर और दूसरा, अत्यधिक निम्न स्तर। व्यक्ति इन्हीं दोनों में उलझा रहता हैं। इस बीमारी के उच्च स्तर के होने पर दुखी रहना, ऊर्ज़ा में कमी, इच्छा में कमी, आत्मविश्वास में कमी, आत्महत्या की इच्छा करना और चिड़चिड़ा होना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। निम्न स्तर में होने पर बहुत अधिक खुशी, नींद की जरूरत घटना, बहुत अधिक बोलना, जोखिम लेना, अति आत्मविश्वास होना, बहुत अधिक जोश में रहना, आदि लक्षण दिखते हैं। यह महिलाओं और पुरुषों दोनों को किसी भी उम्र में हो सकता है। कैसे करें दोस्त की मदद-इस बीमारी से ग्रस्त दोस्त की मदद करना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि अक्सर वह आपपर भी झुंझलाता है और गुस्सा करता है। लेकिन खुशी की बात यह है कि अगर इस बीमारी के उपचार के दौरान दवाओं के साथ-साथ आपका खुशनुमा साथ भी आपके दोस्त को मिल जाये तो उसे सामान्य होने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा और जल्द ही वह सामान्य स्थिति में आ जायेगा।

## धर्म मंत्र


# पंचमुंडीय आसन पर विराजित हैं मां काली, दर्शन से होती है मन्नत पूरी

घसियारी मंडी के कालीबाड़ी में मां काली का प्राचीन मंदिर स्थित है। कहा जाता है कि यह मंदिर 147 साल प्राचीन है। यहां पर मां काली पंचमुंडीय आसन पर विराजमान हैं। कहा जाता है कि ये आसन नर, बंदर, सांप, उल्लू, चमगादड़ के सिर से बना है, जो मां काली को प्रिय है। यहां आकर जो भी भक्त मां से मन्नत मांगता है, वह अवश्य पूर्ण होती है।

कहा जाता है कि इस मंदिर की स्थापना तांत्रिक मधुसुदन मुखर्जी ने की थी। वे मां काली के भक्त थे। वे नीम के वृक्ष के नीचे बैठकर तप करते थे। मां ने मुखर्जी की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें मंदिर की स्थापना के लिए कहा। मां ने आदेश दिया कि वह मां काली की मिट्टी से प्रतिमा का निर्माण करवाए। उसके पश्चात उसे पंचकुंडीय आसन पर विराजमान करके पूजा करें। उसके बाद मंदिर में मां की पूजा-अर्चना शुरु हो गई। उसके बाद यहां पर दूर-दूर से भक्तजन मां के दर्शनों के लिए आने लगे। कहा जाता है कि नवरात्र में यहां आने से भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं। अष्टमी और नवमी को मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन होता है और शाम की आरती होती है।

माना जाता है कि नवरात्रों में मंदिर में जो भी भक्त 108 कमल के फूल अर्पित करता है उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर की विशेष बात यह है कि यहां पशु बलि की जगह पेठा फल और गन्ने की बलि दी जाती है।

## पर्यटन



# पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया

राजस्थान का अपना एक अलग समृद्ध इतिहास है, जो इसे सैलानियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनाता है। यहां के किले व महल अनजाने ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वैसे तो जयपुर के आमेर फोर्ट से लेकर जैसलमेर के किले लोगों के बीच काफी प्रसिद्ध हैं, लेकिन इन्हीं के बीच कुंभलगढ़ का किला अपना एक अलग महत्व रखता है। कुम्भलगढ़ किला पश्चिमी भारत में राजस्थान राज्य के उदयपुर के पास राजसमंद जिले में अरावली पहाड़ियों की एक विस्तृत श्रृंखला पर मेवाड़ का किला है। इस किले की खासियत है उसकी 36 किलोमीटर लंबी दीवार। यह राजस्थान के हिल फॉट्र्स में शामिल एक विश्व धरोहर स्थल है। 15 वीं शताब्दी के दौरान राणा कुंभा द्वारा निर्मित इस किले की दीवार को एशिया की दूसरी सबसे बड़ी दीवार का दर्ज़ा प्राप्त है। ग्रेट वॉल ऑफ चाइना के बारे में तो आपने सुना होगा, लेकिन कुंभलगढ़ को ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया कहा जाता है। 80 किलोमीटर उत्तर में उदयपुर के जंगल में स्थित, कुंभलगढ़ किला चित्तौड़गढ़ किले के बाद राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा किला है। किले की दीवार 36 किलोमीटर की विशाल लंबाई तक फैली हुई है और इसलिए इसे ''द ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया'' के नाम से जाना जाता है। अरावली रेंज में फैला कुंभलगढ़ किला मेवाड़ के प्रसिद्ध राजा महाराणा प्रताप का जन्मस्थान है। यही कारण है कि राजपूतों के दिलों में इस किले के प्रति एक विशेष स्थान है। 2013 में, किले को विश्व धरोहर समिति के 37 वें सत्र में यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया था। किले को सात विशाल द्वारों से बनाया गया है। इस भव्य गढ़ के अंदर मुख्य भवन बादल महल, शिव मंदिर, वेदी मंदिर, नीलकंठ महादेव मंदिर और मम्मादेव मंदिर हैं। कुम्भलगढ़ किला परिसर में लगभग 360 मंदिर हैं, जिनमें से 300 जैन मंदिर हैं, और बाकी हिंदू हैं। इस किले की एक खासियत यह भी है कि इस भव्य किले को वास्तव में युद्ध में कभी नहीं जीता गया था।

# 76वीं पुण्यतिथि पर रामधुन गाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को कांग्रेसियो ने किया याद

## पूर्व सांसद डॉ पीएल पुनिया ने किया कंाग्रेस जनो को सम्बोधित

### प्रादेशिक भारत जोड़ो न्याय यात्रा का किया गया रामधुन के साथ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भाजपा सरकार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार और संविधान खतरे में है इसे बचाने के लिए हमारे नेता जननायक राहुल गांधी जी मणिपुर से महाराष्ट्र तक पीड़ित, शोषित, किसान, युवा, मजदूर, महिलाओं को न्याय एवं उनका हक दिलाने के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं उनकी न्याय यात्रा को बल देने के लिए 26 जनवरी को ध्वज बंधन के बाद से आज 30 जनवरी गांधी जी की पुण्यतिथि के दिन तक जो आपने प्रादेशिक भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालकर गांधी प्रतिमा पर रामधुन गाकर यात्रा का समापन किया है इसके लिए प्रदेशीय नेतृत्व एवं जनपद के कंाग्रेस जन बधाई के पात्र हैं। आज हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के अवसर पर आप सभी के साथ पूज्य गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं और उनके विचारों एवं संविधान की रक्षा का संकल्प लेते हैं।



उक्त उद्गार पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने स्थानीय गांधी भवन में प्रादेशिक भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के अवसर पर रामधुन गाने के पश्चात जनपद के कोने-कोने से आए न्याय यात्रियों के बीच व्यक्त किए। न्याय यात्रा के समापन के अवसर पर मंडलीय प्रभारी प्रदेशीय उपाध्यक्ष सुशील पासी, प्रदेशीय महासचिव तनुज पूनिया एवं पूर्व प्रदेश कंाग्रेस के कोषाध्यक्ष नईम सिद्दीकी विशेष रूप से मौजूद थे।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विकासखंड बंकी की प्रादेशिक भारत जोड़ो न्याय यात्रा का शुभारंभ आज देवा चिनहट मार्ग पर पासिनपुरवा मोड पर स्थित नईम सिद्दीकी के फार्म हाउस से प्रदेशीय महासचिव तनुज पुनिया, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष नईम सिद्दीकी, ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश वर्मा तथा जिला पंचायत सदस्य शिव बहादुर वर्मा की अगुवाई में सैकड़ो मोटरसाइकिलों के साथ एक रथ पर राम धुन बजाते हुए मुबारकपुर, गदिया, रघई, असैनी, स्थानीय कचहरी से पटेल तिराहे पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, नाका सतरिख, पल्हरी चौराहा, नवीगंज, नाला पीर बटावन, घंटाघर, धनोखर चौराहा, निबलेट तिराहा, छाया चौराहा, घोसियाना होकर देवा रोड स्थित गांधी भवन पहुंची जहां पर जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से निकाली गई प्रादेशिक भारत जोड़ो न्याय यात्रा हरख से ब्लॉक अध्यक्ष संत शरण वर्मा, सिद्धौर से जलालुद्दीन गुड्डू, हैदरगढ़ से सियाराम यादव, त्रिवेदीगंज से सुशील वर्मा, मसौली से महेंद्र पाल वर्मा, रामनगर से पूर्व कंाग्रेस अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, सौरभ पांडे, महादेवा से सद्दाम हुसैन, फतेहपुर से इंद्रेश वर्मा, विजय बहादुर की अगुवाई में, निंदूरा से आमिर अयूब किदवई, देवा से फरीद अहमद, नगर में अल्पसंख्यक अध्यक्ष दिलशाद वारसी, महिला अध्यक्ष शबनम वारिस, नगर अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा फोटो वाला, राम हरख रावत, अरशद अहमद युवक कंाग्रेस अध्यक्ष सिकंदर अब्बास रिजवी के नेतृत्व में न्याय यात्राएं समापन के लिए गांधी भवन पहुंची जहां कंाग्रेसजनों ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर रामधुन गाकर यात्रा का समापन किया।

उक्त अवसर पर प्रदेश कंाग्रेस के प्रभारी उपाध्यक्ष सुशील पासी प्रदेशीय महासचिव तनुज पूनिया, नईम सिद्दीकी ने कंाग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ही नहीं उनके विचारों की भी हत्या की गई थी आज हमारे जननायक माननीय राहुल गांधी जी भारत भ्रमण करके नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का काम कर रहे हैं।

विभिन्न विकास खण्डों से निकाली गई प्रदेशीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के अवसर पर पूर्व प्रत्याशी तनुज पूनिया, सुशील पासी, नईम सिद्दीकी, जंग बहादुर पटेल, सरजू शर्मा, के.सी. श्रीवास्तव, इरफान कुरैशी, राजेंद्र वर्मा, एस.पी. सिंह, अंकुर यादव, सरवर सिद्दीकी, विजय बहादुर वर्मा, तस्लीमन खान, फरहान किदवई, अजीत वर्मा, रमेश कश्यप, मोहम्मद आरिफ, अरविंद वर्मा, कौशल किशोर वर्मा, राधेश्याम वर्मा, रामकुमार लोधी, हाजी सईद अहमद, मोहम्मद अकरम, मुइनुद्दीन अंसारी, सना शेख, राबिया बेगम, फिरोज हैदर, प्रशांत सिंह, नेकचंद्र त्रिपाठी, संजीव मिश्रा, भूलान सिंह, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, आकाश वर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में कंाग्रेस जन मौजूद थे।

# जमुरिया ड्रेन के जल भराव की समस्या से निदान के लिए बैठक सम्पन्न, कार्ययोजना के अनुसार कराए जा रहे हैं कार्यः डीएम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार झा की अध्यक्षता में जमुरिया ड्रेन के जल भराव की समस्या से निदान के सम्बन्ध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान अगस्त-सितम्बर 2023 में जमुरिया नाले में उफान के कारण बाराबंकी में हुए जलभराव के दृष्टिगत भविष्य में जलभराव से बचाव हेतु निराकरण पर चर्चा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जो कार्य योजना बनाई गई है, समस्त कार्य उसके अनुसार ही कराया जाना सुनिश्चित किया जाए जिससे कि भविष्य में जलभराव से बचाव हो सके। उन्होंने बताया कि इसके लिए जमुरिया नाले के शहरी भाग के मध्य खुदाई हेतु नाले को अतिक्रमण मुक्त एवं अन्य सभी कार्य कराए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार झा ने अधिशासी अभियंता विद्युत को जमुरिया के किमी. 0.000 से किमी0 6.000 के मध्य शहरी भाग में बिजली के तार, खम्मे इत्यादि को यथाशीघ्र हटवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को पेयजल की पाइप लाइन को सीमांकन क्षेत्र से हटाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि खुदाई का कार्य प्रारम्भ होने पर निकलने वाली मिटटी / मलवे को ट्रांसपोर्ट करके निस्तारण / डिस्पोज करें ताकि नाले के खुदाई कार्य में बाधा उत्पन्न न हों।इसके साथ ही उन्होंने शहरी क्षेत्र में बने हुए पुलों के साइड से कूड़ा करकट को नाले में जाने से रोकने हेतु पुल के दोनों साईड जाली लगाने के लिए निर्देशित किया गया। जमुरिया नाले में गिरने वाले घरेलु नालों को जोड़ते समय आउट फाल का लेवल जमुरिया के एफ0एस0एल0 के ऊपर रखा जाए। जमुरिया के अतिक्रमण को छोटे-छोटे पैचों में हटाने की कार्यवाही की जाए और जो मार्ग अतिक्रमण मुक्त हो जाए उसको खुदाई हेतु बाढ़ कार्य खण्ड, को अग्रसारित करते हुए बाढ़ से पूर्व सभी निमार्ण कार्य पूर्ण कर लिए जाए।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड-3 के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि जमुरिया के हेड (किमी0 0.000), पटेल चौराहा (किमी0 3.025), छाया चौराहा (किमी0 3.650), पर निर्मित पुराने पुल जिनका वाटर वे बहुत कम है उनको डिस्मेंटल करके नये पुल नये डिजाइन से कराने की कार्यवाही की जाए।अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ कार्य खण्ड को निर्देश देते हुए कहा कि जमुरिया नाले के किमी0 0.000 से किमी0 6.000 के मध्य खुदाई कराने हेतु अपनी कार्ययोजना छोटे-छोटे टुकड़ों में बनाकर कार्य हेतु पूर्ण तैयारी कर लें। जिससे जो भाग अतिक्रमण मुक्त हो जाए,उस भाग का कार्य कराया जा सके।

बैठक में एसडीएम नवाबगंज, अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ कार्य खण्ड,अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद,अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-3, सहायक अभियन्ता-द्वितीय, बाढ़ कार्य खण्ड, जिला वनाधिकारी, सहायक जिला पर्यटन अधिकरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# वाहन की जोरदार टक्कर से मासूम की हुई मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

टिकैतनगर बाराबंकी। कोतवाली टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम सिकलिकपुरवा में बनगाँवा मोड़ के समीप पिकअप वाहन की टक्कर से एक मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पी एम के लिए भेजा है।

कोतवाली टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम बनगाँवा मोड़ निवासी रुमाईशा (5) पुत्री मो0 अतीक घर से कुछ दूरी पर सड़क किनारे स्थित गुमटी (दुकान) से कुछ खाने का समान लाने जा रही थी। इसी दौरान दरियाबाद की ओर से आ रहे पिकअप वाहन ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। इतने में ही पिकअप चालक अपने वाहन को घटनास्थल पर ही छोड़कर गायब हो गया। मासूम की मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही पुलिस ने शव को पी एम के लिए भेजा है। कोतवाल संजीत कुमार सोनकर ने बताया कि उचित कार्रवाही की जाएगी।

# और श्री राम ने तड़का वध के साथ किया अहिल्या उद्धार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। ग्राम पंचायत बड़ागांव मे चल रही 5 दिवसीय रामलीला में मंगलवार को ताड़का वध का मंचन किया गया। इसके अलावा अहिल्या उद्धार का भी मंचन किया गया।

मंगलवार को रामलीला की शुरूआत विश्वामित्र के राजा दशरथ के पुत्रों राम-लक्ष्मण को मांगने से हुई। इसके बाद विश्वामित्र राम-लक्ष्मण को लेकर जंगल में पहुंचे जहां उन्होंने राम लक्ष्मण को ताड़का के बारे में बताया। इसके बाद विश्वामित्र भगवान राम को ताड़का का वध करने को कहते हैं जिसके बाद भगवान राम और ताड़का में काफी देर तक युद्ध हुआ। जब शाम होने को आई तो विश्वामित्र ने भगवान राम को आदेश दिया कि वह जल्द ताड़का का वध कर दे। गुरु का आदेश पाते ही भगवान राम ने क्षण भर में ताड़का का वध कर दिया। इसके अलावा कलाकारों ने मारीच सुबाहु दरबार व अहिल्या उद्धार का भी मंचन किया।



इस मौक़े पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष देवदत्त यादव, उपाध्यक्ष राजू जायसवाल, मेला सेक्रेटरी बब्लू वर्मा, राम सरन जयसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव 'पंकज', सुबोध श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव,श्यामचरण गुप्ता, अवधराम गुप्ता, पुजारी वर्मा, वेद प्रकाश वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# हड़ियाकोल मे नेत्र शिविर मे ऑपरेशन के बाद हनुमान जी का आशीर्वाद लेते नेत्र रोगी व सेवाभावी डॉक्टर्स



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रेट नदी का तट हड़ियाकोल के जंगल में स्थित स्वामी राम दास महाराज स्मृति चिकित्सालय (धमार्थ) में चल रहे विशाल निःशुल्क नेत्र (मोतियाबिन्द) शिविर मे बड़ी संख्या में नेत्र के आपरेशन फ़ेको बिधि से डा.जैकब प्रभाकर की टीम ने किये 29 जनवरी को हुए नेत्र के अपरेशन के मरीजों को ट्रस्ट के अध्यक्ष ने एक महीने की दवाई देकर बिदा किया। आज भी रोहतक पीजीआई के डा.रमेश हुड्डा ने अपनी टीम के साथ मरीजों की ओपीडी कर आपरेशन के लिए चयनित किया आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि सैफ़ेई मेडिकल कालेज इटावा से आपट्रोमैट्री (नेत्र सहायक) की पढ़ाई कर रहे 12 बच्चे आश्रम पर पहुचें ये बच्चे मरीजों को किस नम्बर का लेंस लगेगा मशीन से नम्बर निकाल कर मरीजों को दे रहे है।बाराबंकी डाक्टर एसोसिएसन की तरफ से वरिष्ठ डा.विनय जैन ने अपनी टीम के साथ देश भर से आये हुए सेवा भावी डाक्टरो का माल्यपर्ण कर सम्मान किया और के डाक्ट्रों से अवाहन किया की वह भी यहा पर हो रही निस्वार्थ सेवा को देखे व प्रेरणा लें अमेरिका से आये जान ब्रोक्शो के टीम में आस्ट्रेलिया से भी एक सदस्य एलेक्स एनडर भी जुड़ गये जान ब्रोक्शो के टीम में मिस्टर जेमी एसटेवल अमेरिका, मिसेज मेलिशा न्यूजीलैन्ड ने सीता रसोई में जाकर चूल्हे पर रोटी कैसे बनती है रसोईयों से रोटी बनने की तकनीक सिखी जान ब्रोक्शो ने कहा की हम लोगों ने कभी चूल्हे की रोटी नही खाई अमेरिका में केवल ब्रेड खाते है इतना स्वाडिस्ट भोजन हम लोगो ने कभी नही किया। आपरेशन के बाद घर जाने के लिए मरीज मन्दिर में रोगहरण हनुमान जी के दर्शन करते है और हनुमान को धन्यवाद देना नही भूलते है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। गांधी को गोडसे ने इसलिए मारा क्योंकि वह मुसलमानों की बहुत पैरवी करते थे। वह उनकी बात करते थे। असल बात यह थी कि गांधी मुसलमानों की वजह से मरे, मुसलमानों के लिए मरे, ना कि हिन्दूओं के लिए मरे। लेकिन दुःख है कि गांधी की इस बात को उन्होंने कबूल नहीं किया और उनकी शहादत को नहीं समझा। जिनके लिए गांधी मरे। यह कड़वा सच है। यह बात गांधी भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राहुल देव ने कही।

मंगलवार को आजादी के नायक महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए 11 बजे सभी ने एक मिनट मौन रहकर उनको श्रद्धांजलि भी दी। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि राहुल देव, वरिष्ठ पत्रकार शीतल सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा की अध्यक्षता पूर्व विधायक सरवर अली ने की।



राहुल देव ने अपने सम्बोधन में आगे कहा कि समाज में हिन्दू साम्प्रदायिकता है साथ ही मुस्लिम साम्प्रदायिकता भी है। समाज में आज नहीं सदियों से यह साम्प्रदायिकता बनी हुई है। इसे स्वीकारना पड़ेगा। एक तरफा बात नहीं होनी चाहिए। दिक्कतें दोनों जगह है। ऐसे में हमें साझा रास्ता निकालना पड़ेगा। तब गांधी हमें याद आएंगे।

वरिष्ठ पत्रकार शीतल पी सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों का प्रमुख आधार सत्य और अहिंसा है। जिसे उन्होंने देश और दुनिया के सामने रखा। जिसे दुनिया अजूबे की तरह देखती है। गांधी जी पूरे जीवन सत्य और अहिंसा का प्रयोग करते रहे और इसी प्रयोग में उन्होंने अपनी जान दे दी। वह कभी सत्य से विचलित नहीं होते थे। अगर एक समझौता हो गया कि बंटवारे में भारत पाकिस्तान को 55 करोड़ रूपए देगा। तो पूरी नेहरू सरकार के विरोध के बाद भी वह झूठ से कहां वास्ता कर सकते थे। वैसे ही कितना मुश्किल है अहिंसक होना। गांधी जी ने हिंसायुक्त बंगाल और नोआखाली में लोगों के बीच जाकर अहिंसा का पाठ पढ़ाया। जो कारगर साबित हुआ। हमें गांधी जी के उन्हीं विचारों को आत्मसात करना है जो उनके जीवन का मूलमंत्र था।

### शहर के गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट ने आयोजित किया कार्यक्रम।

### चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया नदी मे दीपदान


गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कहा कि भारत एक ऐसा देश बने जिसमें गांधी दर्शन के साथ-साथ लोगों में आपसी भाईचारा और सौहार्द कायम हो। आपसी भाईचारा से ही देश चलता है। गांधी हमारे बीच अभी भी जिन्दा हैं और वो हमेशा जिन्दा रहेंगे। आज के दिन उनके शरीर की हत्या हुई थी लेकिन गांधी विचारों की हत्या कोई नहीं कर सकता। वह हमेशा जिन्दा रहेंगे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कहा कि महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाया। सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को अंग्रेजों की दासता से मुक्त कराया। हमें गांधी जी के किसी के विचार को पढ़कर उसे आत्मसात करना चाहिए। ताकि हम अपने देश का भविष्य संवार सके।

वहीं मंगलवार की शाम आलापुर स्थित रेठ नदी पर शाम को 5 बजकर 17 मिनट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि देकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और फिर दीपदान किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अप्रवासी भारतीय जिया चौधरी, समाजसेवी मो उमैर किदवाई, विनय कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेश दीक्षित, कंाग्रेस नेता शिवशंकर शुक्ला, अताउर्रहमान 'सज्जन', मृत्युंजय शर्मा, पाटेश्वरी प्रसाद, सभासद अश्वनी शर्मा, मो. फैसल, मो आरिफ, मो इरफान, सोनू यादव, प्रदीप मौर्या, सलाउद्दीन किदवई, अशोक शुक्ला, हुमायूं नईम खान, साकेत संत मौर्य, सत्यवान वर्मा, सईद अहमद, फहीम सिद्दीकी, वरिष्ठ पत्रकार तारिक खान,पत्रकार संतोष शुक्ला,उमेश श्रीवास्तव, विजय कुमार सिंह, वीरेन्द्र मौर्या, जाहिद हुसैन, राजेश यादव, तौसीफ अहमद आदि नगर के कई संभ्रान्त नागरिक, अधिवक्ता, समाजसेवी व पत्रकार मौजूद रहे।

# नीलगाय को गहरे कुएं से फायर ब्रिगेड टीम द्वारा निकालकर बचाई जान



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।। रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हथौधा चौकी के निकट सोहेलपुर गांव में आज सुबह एक नीलगाय कुएं में गिर गई। उसके बाद ग्रामीणों ने नीलगाय को निकालने की काफी कोशिश की लेकिन नीलगाय को निकालने में सफल न हो सके ।इसके बाद ग्राम प्रधान आकाश सिंह ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है वन विभाग और फायर बिग्रेड की टीम के प्रभारी चंद्र भूषण शुक्ला अपने सहयोगी फायर मैन अभिषेक मणि तिवारी फायर मैन आशीष पाल कुलदीप चालक शाहनवाज खा एवं पत्रकार मान बहादुर सिंह मौके पर पहुंचेकर कड़ी मशक्कत के बाद नीलगाय को सुरक्षित निकाल लिया गया।इसके बाद मौके पर पशु चिकित्सक को बुलाकर नीलगाय काउपचार भी कराया गया ।

# घूस की रकम नहीं मिली तो प्रधान पति ने लाभार्थी के पति को पीटा,मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।आवास आवंटित होने के बाद पहले ही किस्त से ग्राम प्रधान ने लाभार्थी से 25000 ले लिए। दूसरी किस्त आई तो फिर 10हजार की मांग की। नहीं मिले तो लाभार्थी के पति की प्रधान पति ने जमकर पिटाई कर दी। लाभार्थी के पति ने इस मामले की शिकायत जिला अधिकारी से की। जिलाधिकारी के आदेश पर संबंधित प्रधान पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### विकास खंड रामनगर के ग्राम पंचायत सिलौटा का मामला।

### जिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में विकासखंड रामनगर की ग्राम पंचायत सिलौटा के बबुरिहा गांव निवासी राजित राम पुत्र तिलक राम ने कहा कि वर्ष 2022 में उसकी पत्नी संजू के नाम प्रधानमंत्री आवास आवंटित हुआ था पहली किस्त 40000 उसकी पत्नी के खाते में आई जिस पर प्रधान पति विनोद यादव ने डरा धमकाकर पच्चीस हजार रुपए जबरदस्ती यह कह कर ले लिया कि रुपया ब्लॉक में देना पड़ता है। इसके बाद 70000 की जो दूसरी किस्त पत्नी के खाते में आई तो प्रधान पति विनोद यादव ने फिर दस हजार रुपए मांगे। उसके द्वारा मना किए जाने के बाद गुस्साये प्रधान पति ने अपने सहयोगियों के साथ कई बार उसे गालियां दी बीते 28 नवंबर को शाम को 7 बजे जब अपने दरवाजे पर मौजूद था उसी समय विनोद यादव मदन यादव हरिप्रसाद यादव मुलायम यादव आ गए और फिर दस हजार रुपयों की मांग की।

भुक्त भोगी का आरोप है किस उसके द्वारा यह कहे जाने पर पच्चीस हजार रुपए दे चुके हैं अब और नहीं देंगे। इससे नाराज सभी लोगों ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए खड़ंजे पर गिरा कर मारा। और कहां इसको ले चलो घर पर बांधकर मारेंगे जब पैसा दे देगा तभी छोड़ा जाएगा। राजित राम का आरोप है कि चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग बचाने दौड़े तो जान से मार देने एवं फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवा देने की धमकी देते हुए चले गए जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में भुक्त भोगी ने कहा है कि प्रधान पति के द्वारा आये धमकियां दी जा रही है उनके द्वारा कहा जा रहा है की गौशाला में जहर फेंक कर राजित राम को फंसा देंगे। यही नहीं राजित राम के मुताबिक ग्राम प्रधान के पति से ग्राम पंचायत के बहुत लोग पीड़ित है उसके द्वारा दबंगई के बल पर लोगों से तरह-तरह की अवैध वसूली की जा रही है। इस पूरे मामले में जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रधान पति विनोद यादव उनके भाई मदन यादव पिता हरिप्रसाद एवं मुलायम के विरुद्ध स्थानीय थाने में भादवि की धारा 384 323 504 506 420 के तहत अभियोग दर्ज कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय ने बताया मुकदमा दर्ज का जांच शुरू कर दी गई है।

### ये लगाया आरोप

आवास निर्माण में लाभार्थी को मिलने वाली मनरेगा मजदूरी का भी पैसा प्रधान पत्नी दूसरे व्यक्ति के नाम मास्टर रोल भर कर निकाल लिया। राजित राम का आरोप है कि 18 अगस्त 2023 को आवास की मजदूरी का पैसा 18000 रुपये दूसरे के खाते में भेज कर प्रधान पति के द्वारा निकाल लिया गया है। जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में राजित राम ने इसकी भी शिकायत की है।

# 1 किलो 400 ग्राम पोस्ते के छिलके व 65 ग्राम मारफीन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

बाराबंकी। पुलिस ने मादक पदार्थो के दो तस्करो को गिरफ्तार करके एनडीपीएस एक्ट मे कार्यवाई की है दोनो ही नगर कोतवाली क्षेत्र के निवासी बताये जा रहे है।मिली जानकारी के अनुसार हैदरगढ़ पुलिस गश्त पर थी पुलिस ने गोमती नदी पुल पर दो युवकों को संदिग्ध अवस्था मे पकड़ा और दोनो की जामा-तलाशी ली तो उनके पास 65 ग्राम मारफीन बरामद हुई जबकि एक बोरी नुमा थैले मे 1 किलो 400 ग्राम पोस्ते का छिलका बरामद हुआ उसके बाद पुलिस ने दोनो को मौके से गिरफ्तार कर लिया और आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया है पुलिस ने बताया की पूँछताछ मे एक ने अपना नाम सलमान पुत्र साकिर अली निवासी मोहल्ला मदीना मस्जिद बड़ेल थाना कोतवाली नगर व दूसरे ने अपना नाम मो. कलाम पुत्र स्व.पीर मोहम्मद निवासी ग़ल्ला मंडी नाका सतरिख थाना कोतवाली नगर है।

# मोनिका पाठक बनी हरख की नवागत बीडीओ, संजीव गुप्ता भेजे गए हैदरगढ़,दरियाबाद पहुंचे संदीप श्रीवास्तव

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार ने दो खंड विकास अधिकारियो की तैनाती मे फ़ेरबदल करके खंड विकास अधिकारी दरियाबाद संजीव गुप्ता को हटाकर हैदरगढ़ ब्लॉक भेजते हुए उनके स्थान पर विकास खंड हरख मे तैनात संदीप श्रीवास्तव को दरियाबाद का प्रभार सौपा है। जबकि सिरौली गौसपुर विकास खंड मे तैनात बीडीओ मोनिका पाठक को हरख का खंड विकास अधिकारी बनाकर नवीन तैनाती दी गयी है।वही दरियाबाद ब्लॉक मे तैनात रहे बीडीओ संजीव गुप्ता का कार्यकाल सराहनीय व काबिलेतारीफ रहा।

# राहुल और जडेजा की चोटों ने बढ़ाई चयनकर्ताओं की मुश्किलें

एजेंसी



नयी दिल्ली। रविंद्र जडेजा और केएल राहुल को अचानक लगी चोटों से भारतीय टीम के सामने चयन की दुविधा पैदा हो गई है जिसे इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट में मिली हार के बाद श्रृंखला में वापसी करनी है। जडेजा और राहुल ने हैदराबाद टेस्ट में पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में शानदार खेल दिखाकर वापसी की। जडेजा को हैमस्ट्रिंग की चोट लगी है जबकि राहुल को दाहिने जांघ की मांसपेशी में दर्द है। हरफनमौला जडेजा की कमी पूरी कर पाना किसी के लिये भी मुश्किल है और राहुल सितंबर में सर्जरी के बाद वापसी से वनडे और टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं। विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट से वैसे भी बाहर हैं लिहाजा शुक्रवार से विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारत के सामने कई चुनौतियां होंगी। चयनकर्ताओं ने सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है। रजत पाटीदार हैदराबाद में भारत की 15 सदस्यीय टीम में थे। वह मध्यक्रम में राहुल की जगह ले सकते हैं जबकि जडेजा की जगह कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है। भारतीय टीम चार स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज के साथ भी उतर सकती है जैसा इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में किया था। ऐसे में मोहम्मद सिराज पर कुलदीप को तरजीह मिलेगी ताकि सरफराज या वॉशिंगटन को मध्यक्रम में उतारा जा सके। जडेजा की ही तरह सौरभ बायें हाथ के स्पिनर हैं और प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शतक भी लगा चुके हैं। हैदराबाद के एसीए वीडीसीए स्टेडियम पर अब तक दो टेस्ट खेले गए हैं और पिच बल्लेबाजों की मददगार रहती है। भारत ने 2019 में इस मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 502 रन बनाये थे। रोहित ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर पहली पारी में 176 रन जोड़े थे। महान स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि अंतिम एकादश में कुलदीप को जगह मिलनी चाहिये। उन्होंने कहा ,'' अगर भारत को लगता है कि सिर्फ एक तेज गेंदबाज से काम चल जायेगा तो कुलदीप को टीम में रखना चाहिये। उसके पास विविधता है और विकेट टर्न ले सकता है। चार टेस्ट के अपने कैरियर में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके आफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर भी चयन के दावेदार हैं। उन्होंने पांच पारियों में नाबाद 85 और नाबाद 95 रन बनाये हैं और दो विकेट भी लिये हैं। पूर्व चयनकर्ता शरणदीप सिंह ने कहा कि हरफनमौला उपयोगी होता है लेकिन अंतिम एकादश में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिये।

# आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी

एजेंसी



दुबई। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू श्रृंखला के पहले टी20 में मैच जीताऊ पारी खेलने के बाद आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज, जिन्होंने पहली बार मार्च 2020 में नंबर एक स्थान हासिल किया था और हाल ही में दिसंबर 2022 में शीर्ष पर थीं, ने 57 गेंदों में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 72 रन की शानदार पारी खेली, जिससे विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से जीत हासिल करने में मदद मिली। दक्षिण अफ्रीका की स्टार बल्लेबीज लौरा वोल्वार्ड्ट, जिन्होंने दूसरे मैच में 53 गेंदों में नाबाद 58 रन बनाकर बराबरी हासिल करने में मदद की, करियर के सर्वश्रेष्ठ 731 रेटिंग अंक तक पहुंच गई हैं, और महिलाओं की रैंकिंग में साप्ताहिक अपडेट के बाद तीसरे नंबर पर बनी हुई हैं। दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज तज़मीन ब्रिट्स बल्लेबाजी रैंकिंग में उल्लेखनीय प्रगति करने वाली एक और खिलाड़ी हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो पारियों में 100 रन बनाने के बाद तीन पायदान ऊपर करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गईं हैं। ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड (छह पायदान ऊपर 34वें स्थान पर) और दक्षिण अफ्रीका की मारिजैन कैप (पांच पायदान ऊपर 40वें स्थान पर) भी आगे बढ़ी हैं। आयरलैंड की सलामी बल्लेबाज एमी हंटर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 101 और 71 रनों की नाबाद पारियों के बाद बड़ी प्रगति की है, जिससे उनकी टीम को पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त मिल गई है। विकेटकीपर-बल्लेबाज अब आयरलैंड की सर्वोच्च रैंक वाली बल्लेबाज हैं, जो 21 स्थान की बढ़त के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ 18वें स्थान पर पहुंच गई हैं, वे गैबी लुईस से पांच स्थान ऊपर (तीन स्थान ऊपर 23वें स्थान पर) हैं। आयरलैंड की हरफनमौला खिलाड़ी ओर्ला प्रेंडरगास्ट (पांच पायदान ऊपर 46वें स्थान पर) और जिम्बाब्वे की मैरी-ऐनी मुसोंडा (चार पायदान ऊपर 47वें स्थान पर) और केलिस एनधलोवु (20 स्थान ऊपर 59वें स्थान पर) भी बल्लेबाजी रैंकिंग में ऊपर पहुंची हैं। आयरलैंड की कप्तान लौरा डेलाने चार पायदान ऊपर चढ़कर 56वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि उनकी टीम की साथी कारा मरे 58वें से संयुक्त 49वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने विज्क आन जी में दर्शकों पर लिंगभेद का आरोप लगाया

**नयी दिल्ली।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने आरोप लगाया है कि हाल ही में नीदरलैंड के विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान दर्शकों की ओर से लिंगभेद का सामना करना पड़ा जिनका फोकस उनके बाल, कपड़े और लहजे जैसी गैर जरूरी बातों पर था। नागपुर की 18 वर्ष की अंतरराष्ट्रीय मास्टर ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में अपने इस खराब अनुभव का ब्यौरा दिया है। उन्होंने लिखा ,'' मैं काफी समय से इस पर बोलना वाहती थी लेकिन टूर्नामेंट खत्म होने का इंतजार कर रही थी। मैने देखा है कि शतरंज में दर्शक महिला खिलाड़ियों को बहुत हलके में लेते हैं। उन्होंने आगे लिखा ,'' हाल ही में मैने खुद यह अनुभव किया। मैने कुछ मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया जिस पर मुझे गर्व है। मुझे लोगों ने बताया कि दर्शकों का ध्यान मेरे खेल पर था ही नहीं बल्कि बाकी गैर जरूरी चीजों जैसे मेरे कपड़े, बाल, लहजे पर था। देशमुख चैलेंजर श्रेणी में 4 . 5 स्कोर करके 12वें स्थान पर रही। उन्होंने कहा कि पुरूष खिलाड़ियों को उनके खेल के लिये जाना जाता है जबकि महिलाओं के मामले में उलटा है। उन्होंने कहा ,'' मैं इससे काफी दुखी थी। यह काफी दुखद है कि जब महिला शतरंज खेलती है तो वह कितना भी अच्छा खेले, लोग खेल पर ध्यान नहीं देते। महिला खिलाड़ियों को रोजाना इसका सामना करना पड़ता है और मैं तो 18 साल की ही हूं। मैने इतने साल तक ऐसी ही गैर जरूरी चीजों पर यह सब झेला है। मुझे लगता है कि महिलाओं को भी समान सम्मान मिलना चाहिये।

### वेस्टइंडीज के युवा सनसनी शमार जोसेफ ने पीएसएल फ्रैंचाइजी पेशावर जाल्मी के साथ किया करार

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट में अपनी गेंदबाजी से वेस्टइंडीज को ऐतिहासिक जीत दिलाने वाले तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने सोमवार को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) फ्रैंचाइजी पेशावर जाल्मी के साथ करार किया है। उम्मीद है कि वह शुरुआत में ही फ्रैंचाइज़ी में शामिल हो जाएंगे और पूरे टूर्नामेंट के दौरान उनके साथ बने रहेंगे। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार पहले जाल्मी ने जोसेफ को इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के आंशिक प्रतिस्थापन के रूप में घोषित किया था, हालांकि अब वह एटकिंसन की वापसी के बावजूद पूरे टूर्नामेंट के लिए जाल्मी के लिए उपलब्ध रहेंगे। एटकिंसन वर्तमान में 11 मार्च तक चलने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए भारत में इंग्लैंड टेस्ट टीम के साथ हैं। बता दें कि जाल्मी ने इससे पहले घोषणा की कि उन्होंने पूरे टूर्नामेंट के लिए अफगान लेगस्पिनर नूर अहमद, जो कि अनुपलब्ध थे, की जगह एटकिंसन को ले लिया है। लेकिन भारत में इंग्लिश टीम के साथ एटकिंसन की वर्तमान व्यस्तता ने इसे असंभव बना दिया होगा, और जाल्मी ने बाद में सोशल मीडिया पर घोषणा की कि जोसेफ उनकी जगह लेंगे। पीएसएल 17 फरवरी को गद्दाफी स्टेडियम में शुरू होगा और 18 मार्च तक चलेगा, जिसका फाइनल कराची के नेशनल स्टेडियम में होगा। कलंदर्स गत चैंपियन हैं, जिन्होंने पिछले दो संस्करणों में से प्रत्येक में खिताब जीता है।

### डी रॉसी के नेतृत्व में रोमा ने लगातार दर्ज की दूसरी जीत, सालेर्निटाना को 2-1 से हराया

**रोम।** रोमा के नए मुख्य कोच डेनिएल डी रॉसी के नेतृत्व में उनकी टीम ने सोमवार को सेरी ए में सालेर्निटाना को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद, रोमा ब्रेक के बाद पाउलो डायबाला ने 51वें मिनट में पेनल्टी के जरिये गोल कर अपना टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। मैच के 66वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी ने रिक कार्सडॉर्प के क्रॉस पर शानदार गोल कर रोमा की बढ़त 2-0 कर दी। ग्रिगोरिस कस्तानोस ने 70वें मिनट में सालेर्निटाना के लिए एकमात्र गोल किया और स्कोर 2-1 हो गया, अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। जीत के साथ, रोमा 35 अंकों के साथ अस्थायी रूप से पांचवें स्थान पर है, जबकि सालेर्निटाना सबसे निचले पायदान पर है।

### एफआईएच हॉकी5 विश्व कप क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से हारा भारत


**मस्कट।** मोहम्मद राहील की हैट्रिक के बावजूद भारत को एफआईएच हॉकी5 पुरूष विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को नीदरलैंड ने 7 . 4 से हरा दिया। राहील ( पहला, सातवां और 25वां मिनट ) के अलावा मनदीप मोर ( 11वां मिनट ) ने भारत के लिये गोल दागे। नीदरलैंड के लिये सैंडर डे विज्न ( चौथा और 15वां ) और अलेक्जेंडर शॉप ( 10वां और 26वां) ने दो गाल किये जबकि लुकास मिडेनडोर्प (12वां ), जैमी वान आर्ट ( 13वां ) और पेपिन रेयेंगा (20वां ) ने एक एक गोल किया। मैच की शुरूआत काफी अच्छी रही और भारत के लिये राहील ने पहले ही मिनट में गोल दागा। इसके बाद नीदरलैंड को सैंडर ने बराबरी दिलाई। भारत ने जवाबी हमले तेज किये और सातवें मिनट में राहील ने दूसरा गोल दाग दिया। इसे शॉप ने दसवें मिनट में उतारा। मनदीप ने अगले मिनट भारत को फिर बढत दिलाई। नीदरलैंड ने तेजी से मिले बोलना जारी रखा जिसमें मिडेनडोर्प और वान आर्ट ने गोल दाग दिये। हाफटाइम से ठीक पहले सैंडर ने दूसरा गोल करके नीदरलैंड को अच्छी बढत दिला दी। दूसरे हाफ में रेयेंगा और शॉप ने बढत में इजाफा किया। राहील ने 25वें मिनट में हैट्रिक पूरी की लेकिन भारत को जीत नहीं दिला सके। अब भारत का सामना पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में कीनिया से होगा।

### कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, दवा क्षेत्र के लिए पीएलआई योजनाओं में बदलाव पर विचार

**नयी दिल्ली।** सरकार कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण और दवा सहित कुछ क्षेत्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं में बदलाव करने पर विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि शीर्ष अधिकारियों से बदलावों की मंजूरी लेने के लिए मंत्रिमंडल टिप्पणी (नोट) को अंतिम रूप दिया गया है। बदलावों से इन क्षेत्रों को अधिक कंपनियों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। इस योजना की घोषणा 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2021 में 14 क्षेत्रों के लिए की गई थी। इसमें दूरसंचार, 'व्हाइट गुड्स', चिकित्सकीय उपकरणों का विनिर्माण, मोटर वाहन, विशेष इस्पात, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन विज्ञान सेल बैटरी, ड्रोन और दवा शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक जैसे कुछ क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि अन्य का प्रदर्शन अभी तक उतना अच्छा नहीं रहा है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर तक इलेक्ट्रॉनिक और दवा समेत आठ क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत 4,415 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में अक्टूबर तक कुल 1,515 करोड़ रुपये वितरित किए गए, जबकि 2022-23 में 2,900 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था।

# गेंदबाजी और बल्लेबाजी इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन कर रही है वॉरियर्स की टीम: निरोशन डिकवेला

एजेंसी



शारजाह। शारजाह वॉरियर्स ने पिछले कुछ मैचों में शैली और तरीके को बदल दिया है, उनकी नवीनतम जीत दुबई कैपिटल्स के खिलाफ 9 विकेट से है, जिसका नेतृत्व डेविड वार्नर कर रहे हैं। टॉम कोहलर-कैडमोर की कप्तानी में, वॉरियर्स ने हाल के मैचों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और दुबई कैपिटल्स के खिलाफ अपनी जीत के बाद अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। शुरुआती चरण में थोड़ी सी रुकावट के बाद, वॉरियर्स अच्छी फॉर्म में हैं, इतना ही नहीं, डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 में शीर्ष 5 सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ियों में से तीन वर्तमान में शारजाह टीम से हैं। दुबई कैपिटल्स के खिलाफ मैच के बाद निरोशन डिकवेला ने कहा, दुबई कैपिटल्स के खिलाफ जीतना बहुत अच्छा एहसास है। हम पहला मैच हार गए, और शुरुआत में कुछ उतार-चढ़ाव थे, लेकिन मुझे लगता है कि हम अब एक बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, और हम सही रास्ते पर हैं। सोमवार को शारजाह में शानदार प्रदर्शन पर श्रीलंकाई विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, कि डेविड वार्नर का विकेट लेना महत्वपूर्ण था, क्योंकि वह बहुत खतरनाक हो सकते थे। उन्होंने कहा, यह एक महत्वपूर्ण विकेट था, क्योंकि आप जानते हैं कि अगर वह लंबे समय तक टिके रहते और सिकंदर रजा के साथ साझेदारी बनाते, तो अंततः यह एक अलग मैच हो सकता था। लेकिन एक कीपर के रूप में, मुझे इन मौकों का फायदा उठाना होगा, यह टीम की ओर से शानदार गेंदबाजी और मैदान में भी अच्छा प्रदर्शन था। शारजाह वॉरियर्स के लिए, महेश थीक्षाना ने 4 विकेट लिए, जबकि डेनियल सैम्स ने 3 विकेट हासिल किए। मुहम्मद जवादुल्लाह ने डेविड वार्नर का महत्वपूर्ण विकेट हासिल किया और मार्क वॉट ने खतरनाक रहमानुल्लाह गुरबाज़ को आउट करके कैपिटल्स के बल्लेबाजी क्रम को पटरी से उतार दिया। डिकवेला ने कहा, शारजाह वॉरियर्स में, हम पूरी टीम में और मैदान में भी उच्च मानक बनाए रखने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। ताकि वहां से गेंदबाजी और बल्लेबाजी में गति आ जाए। हम परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ थे और हमें पता था कि विकेट थोड़ा धीमा हो सकता है। भले ही वे पांच विकेट से पीछे थे, हम उन्हें वापसी का कोई मौका नहीं देना चाहते थे। हम यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि हम उन्हें रोके रखें और उन्हें बहुत अधिक रन न बनाने दें। शारजाह वॉरियर्स का अगला मुकाबला एमआई अमीरात से होगा, जो अच्छी फॉर्म में है और तालिका में शीर्ष पर है। डिकवेला ने कहा, शारजाह वॉरियर्स अपने अगले मैच से पहले राहत की सांस लेंगे और फिर से जुटेंगे। टीम अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा, पहले हमारे पास कुछ दिन की छुट्टी है, और फिर हम अगले मैच के लिए मजबूती से वापसी करेंगे। हम, एक टीम के रूप में, अगले खेलों की तैयारी के लिए आवश्यक योजना और सब कुछ करेंगे, और अपना सब कुछ लगा देंगे।

## टी20 ब्लास्ट: तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन ने वार्विकशायर के साथ किया करार

लंदन। इंग्लैंड के लिए 34 साल की उम्र में पदार्पण करने वाले तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन ने सोमवार को टी20 ब्लास्ट 2024 के लिए वार्विकशायर के साथ अनुबंध किया है। पिछले सीज़न में वह लंकाशायर के लिए खेले थे, लेकिन सीज़न के अंत में उन्हें क्लब द्वारा रिलीज़ कर दिया गया था। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार हेनरी ब्रूक्स के तीन साल के सौदे पर मिडलसेक्स के लिए रवाना होने के साथ, वार्विकशायर अपनी टी20 टीम में समान प्रतिस्थापन के रूप में ग्लीसन का उपयोग करेगा। बियर्स ने पिछले साल 14 ग्रुप गेम में से 11 जीतकर नॉर्थ ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में एसेक्स से हार गए थे। वे मुख्य रूप से ब्लास्ट के लिए ससेक्स से जॉर्ज गार्टन को भी लाए हैं, जिन्होंने पिछले साल के अंत में तीन साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे।

# रणजी ट्रॉफी राउंड अप: यूपी ने रोका मुंबई का विजय रथ, तमिलनाडु, कर्नाटक ने की वापसी



नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी 2023-24 अपना आधा सफर तय कर चुका है, हालांकि अभी भी अधिकतर टीमें नॉकआउट दौर की रेस में बनी हुई हैं, 41 बार की चैंपियन मुंबई उत्तर प्रदेश से हार के बावजूद नॉकआउट के लिए अच्छी स्थिति में है। वहीं, तमिलनाडु और कर्नाटक ने वापसी की है। वानखेड़े स्टेडियम में, उत्तर प्रदेश ने आखिरकार मुंबई को पहली हार देने में सफलता प्राप्त की। 195 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी की टीम ने दो विकेट से जीत दर्ज की, जिसकी पटकथा आर्यन जुयाल (76) और करण शर्मा (67) ने लिखी। एक समय यूपी की टीम 4 विकेट पर 145 रन बनाकर मजबूत स्थिति में थी, लेकिन इसके बाद ऑफस्पिनर तनुश कोटियन ने महत्वपूर्ण विकेट लेकर यूपी को परेशानी में डाल दिया, हालांकि यूपी ने धैर्य बनाए रखा और अंत में जीत हासिल की। यूपी के लिए कप्तान नितीश राणा ने पहली पारी में 106 रन बनाए और भुवनेश्वर कुमार ने मैच में पांच विकेट लिए। इस मैच में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 198 रन बनाए, जवाब में यूपी ने 324 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 126 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद मुंबई ने अपनी दूसरी पारी में 320 रन बनाए और यूपी के सामने 195 रनों का लक्ष्य रखा, जिसे यूपी ने 8 विकेट खोकर हासिल कर लिया। हार के बावजूद, मुंबई अभी भी ग्रुप सी में शीर्ष पर है। आंध्र और बंगाल, जिन्होंने असम को बोनस अंक के साथ हराया, क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। मैच जिताऊ 245* रन बनाने के एक हफ्ते बाद, तमिलनाडु के एन जगदीसन ने 321 रन बनाकर टीम को चंडीगढ़ पर बोनस-पॉइंट जीत दिलाने में मदद की। इससे तमिलनाडु को नॉकआउट की दौड़ में वापस आने में मदद मिली। तमिलनाडु ने शुरुआत में गुजरात से हार का सामना किया था और उसके बाद त्रिपुरा के खिलाफ मौसम से बाधित मुकाबला ड्रा खेला था। इस बीच, कर्नाटक ने टूर्नामेंट के बीच में हुई गिरावट से उबरते हुए त्रिपुरा पर तनावपूर्ण जीत हासिल की, जो सीज़न में उनकी दूसरी जीत थी।

# एएफसी एशियाई कप: जॉर्डन ने इराक को हराया, मेजबान कतर ने फिलिस्तीन को दी शिकस्त

एजेंसी

दोहा। यज़ान अल अरब और निज़ार अल के दो स्टॉपेज टाइम गोल के साथ, जॉर्डन ने सोमवार को 10-सदस्यीय इराक को 3-2 से हराकर एएफसी एशियाई कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इराक बेहतरीन रिकॉर्ड के साथ नॉकआउट चरण में पहुंचा था, उसने सभी तीन ग्रुप स्टेज मैच जीते, जिसमें चार बार के विजेता जापान पर 2-1 की जीत भी शामिल थी, जबकि जॉर्डन चार सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमों में से एक के रूप में अंतिम 16 में पहुंचा था। पहले हाफ के इंजुरी टाइम में यज़ान अल नैमत ने सेंटर सर्कल से इराक की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बेहतरीन गोल कर जॉर्डन को 1-0 की बढ़त दिला दी। 68वें मिनट में सुआद नातिक़ ने कॉर्नर पर गोल करके इराक को बराबरी दिला दी। आठ मिनट बाद, अयमन हुसैन ने गोल कर इराक को 2-1 से आगे कर दिया। हालाँकि, इराक की ख़ुशी अल्पकालिक थी क्योंकि अत्यधिक जश्न मनाने के लिए हुसैन को दूसरा पीला कार्ड मिला और उन्हें मैदान से बाहर भेज दिया गया, जिससे मैच की गति पूरी तरह से बदल गई। जॉर्डन ने मैच के आखिरी मिनटों में अपना दबदबा बनाया और अंततः उनके प्रयासों को इंजुरी टाइम के छठे मिनट में सफलता मिली, जब अल अरब ने गोल कर टीम को 2-2 से बराबरी दिला दी। ठीक एक मिनट बाद, अल राशदान ने दूर से गोलकर जॉर्डन को 3-2 की निर्णायक बढ़त दिला दी और टीम को क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। सोमवार को 16वें राउंड के दूसरे मैच में मेजबान कतर ने फिलिस्तीन को 2-1 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। कतर क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान और थाईलैंड के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेगा।

# एलएंडटी को दुबई में सौर ऊर्ज़ा संयंत्र स्थापित करने का मिला ठेका



एजेंसी

नई दिल्ली। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को दुबई में सौर ऊर्ज़ा संयंत्र स्थापित करने की परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने बीएसई को दी जानकारी में बताया कि इस परियोजना के तहत दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) में सौर फोटोवोल्टकेनिक संयंत्र स्थापित करना शामिल है। एलएंडटी के पूर्णकालिक निदेशक एवं वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष (यूटिलिटीज) टी. माधव दास ने कहा, '' हम उस क्षेत्र में ऊर्ज़ा बदलाव को गति देने के लिए अपने नवीन नवीकरणीय ऊर्ज़ा समाधान तथा परियोजना प्रबंधन विशेषज्ञता का इस्तेमाल करने को प्रतिबद्ध हैं...'' लार्सन एंड टुब्रो 23 अरब अमेरिकी डॉलर की भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है।

# बजट से पहले सोने-चांदी की कीमतों में आया उछाल, इतना महंगा हुआ गोल्ड

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। बजट से पहले सोने-चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। पिछले दो दिनों से जारी तेजी के बीच आज भी गोल्ड-सिल्वर की कीमतों में उछाल आया है। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को भी सोने-चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली थी। एमसीएक्स एक्सचेंज पर आज भी सोने-चांदी की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर मंगलवार सुबह 5 अप्रैल 2024 की डिलीवरी वाला सोना 0.18 फीसदी या 113 रुपए की बढ़त के साथ 62,480 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, 5 फरवरी 2024 की डिलीवरी वाला सोना इस समय 0.32 फीसदी 198 रुपए की बढ़त के साथ 62,384 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा। चांदी के घरेलू वायदा भाव भी मंगलवार सुबह बढ़त के साथ ट्रेड करते दिखे। सोने के साथ ही चांदी की घरेलू वायदा कीमतों में भी मंगलवार सुबह तेजी देखने को मिली है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 5 मार्च 2024 की डिलीवरी वाली चांदी 0.08 फीसदी या 57 रुपए की तेजी के साथ 72,456 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखाई दी। सोने की वैश्विक कीमतों में मंगलवार सुबह तेजी देखने को मिली है। कॉमेक्स पर सोना वायदा 0.38 फीसदी या 7.70 डॉलर की तेजी के साथ 2052.30 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव 0.08 फीसदी या 1.55 डॉलर की तेजी के साथ 2034.78 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। सोने के साथ ही चांदी की वैश्विक कीमतों में भी मंगलवार सुबह तेजी देखने को मिली है। चांदी का वायदा भाव 0.23 फीसदी या 0.05 डॉलर की बढ़त के साथ 23.31 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 23.18 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

# नौसेना कमांडो ने पाकिस्तानी जहाज को बचाया, समुद्री डाकुओं को खदेड़ा

**एजेंसी**

नई दिल्ली। समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत हिंद महासागर के चारों ओर तैनात हैं। भारतीय नौसेना ने 36 घंटे के भीतर दक्षिणी अरब सागर में दो समुद्री डकैतियों को नाकाम किया है। ईरानी जहाज एफवी इमान को छुड़ाने के बाद भारत के नौसेना कमांडो ने पाकिस्तानी जहाज अल नईमी को समुद्री डाकुओं के चंगुल से मुक्त कराया है। इन दोनों ऑपरेशन में व्यापारिक जहाज़ों को छुड़ाने के साथ ही चालक दल के 36 सदस्यों को सुरक्षित बचाया है, जिसमें 17 ईरानी और 19 पाकिस्तानी नागरिक हैं। अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील दूर पश्चिम में सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने 28 जनवरी को मछली पकड़ने वाले ईरानी जहाज एमवी इमान का अपहरण कर लिया था। जहाज पर सवार 17 क्रू सदस्यों और अपहृत मछुआरों को बचाने के लिए भारतीय



नौसेना ने अपना युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को भेजा। युद्धपोत ने अपहृत इस जहाज को बचाने के लिए तत्काल ऑपरेशन शुरू किया। भारत ने मछली पकड़ने वाले जहाज इमान को सुरक्षित बचाकर सोमालियाई लुटेरों को निहत्था करके सोमालिया की ओर खदेड़ दिया। युद्धपोत पर मौजूद एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों ने अपहृत जहाज को चारों ओर से घेर लिया था, ताकि उस पर मौजूद समुद्री डाकुओं को चेतावनी दी जा सके। ईरानी जहाज को बचाने के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा इलाके से बाहर निकल गया।

**नौसेना ने 36 घंटे में दक्षिणी अरब सागर में दो समुद्री डकैतियों को नाकाम किया**

**बचाए गए चालक दल के 36 सदस्यों में 17 ईरानी और 19 पाकिस्तानी नागरिक**

भारतीय युद्धपोत यह ऑपरेशन पूरा करने के बाद सोमालिया के पूर्वी तट पर ही था, तभी उसे 29 जनवरी को एक और समुद्री लुटेरों की हरकत का पता चला। कोच्चि से लगभग 850 नॉटिकल मील पश्चिम में दक्षिणी अरब सागर में मिशन तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को मछली पकड़ने वाले पाकिस्तानी जहाज अल नईमी और उसके चालक दल के 19 पाकिस्तानी नागरिकों को बंधक बनाए जाने की सूचना मिली। इस पर उसे पाकिस्तानी जहाज को समुद्री लुटेरों से बचाने की कार्रवाई में लगाया गया। युद्धपोत सुमित्रा ने 29 जनवरी को अपने हेलीकॉप्टर की मदद से अपहृत जहाज को घेरकर पाकिस्तानी चालक दल और जहाज की सुरक्षित रिहाई के लिए 11 समुद्री लुटेरों को भागने के लिए मजबूर कर दिया।

पाकिस्तानी नाव के चालक दल को सुरक्षित बचाने के लिए भारतीय नौसेना के समुद्री कमांडो ने ऑपरेशन में हिस्सा लिया।

पिछले 36 घंटों में भारतीय नौसेना का यह दूसरा सफल समुद्री डकैती रोधी अभियान था। दूसरे सफल एंटी पाइरेसी मिशन को अंजाम देने वाले भारतीय नौसेना के स्वदेशी अपतटीय गश्ती जहाज आईएनएस सुमित्रा को सोमालिया के पूर्व और अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात किया गया था। भारतीय नौसेना ने समुद्र में सभी नाविकों और जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी समुद्री खतरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए क्षेत्र में एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता साबित की है।

# राहुल गांधी के कैंप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**एजेंसी**

अररिया। राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा का कारवां सोमवार को पश्चिम बंगाल से बिहार में प्रवेश किया। राहुल गांधी सोमवार शाम को अररिया पहुंचे। जहां मां खड्गेश्वरी काली मंदिर में पूजा अर्चना के बाद रात में एक सभा को संबोधित किया। इसके बाद राहुल गांधी एमएलडीपी यादव कॉलेज मैदान में बने कैंप में रात गुजारी। रात में राहुल गांधी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से कैंप में मुलाकात भी की और मंगलवार की सुबह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के मौके पर यादव कॉलेज मैदान में श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया। यादव कॉलेज मैदान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के श्रद्धांजलि सभा में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था। जहां राहुल गांधी समेत कांग्रेस के नेता जयराम रमेश,बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह,बिहार कंाग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान,कंाग्रेस जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन खान,आबिद हुसैन अंसारी,भोला शंकर तिवारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। यादव कॉलेज मैदान में प्रार्थना सभा में भाग लेने के बाद राहुल गांधी का कारवां पूर्णिया के लिए रवाना हुआ।मौके पर सुबह से ही यादव कॉलेज से लेकर पूरे रास्ते में फोरलेन सड़क के दोनों ओर भारी भीड़ राहुल गांधी को देखने के लिए जमा रही। इस दौरान राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर जमकर नारेबाजी हुई।

## देश में 718 हिम तेंदुए मौजूद, भूपेन्द्र यादव ने जारी की स्थिति रिपोर्ट

नई दिल्ली। भारत में हिम तेंदुए की आबादी का आकलन (एसपीएआई) कार्यक्रम के पहले वैज्ञानिक सर्वे के तहत देश में हिम तेंदुए की संख्या 718 है। मंगलवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की बैठक के दौरान भारत में हिम तेंदुओं की स्थिति पर रिपोर्ट जारी की। एसपीएआई के इस कार्यक्रम के दौरान कुल प्रयासों में हिम तेंदुए के संकेतों को रिकॉर्ड करने के लिए 13,450 किलोमीटर के क्षेत्र का सर्वेक्षण किया गया जबकि 1,80,000 ट्रैप रातों के लिए 1,971 स्थानों पर कैमरा ट्रैप तैनात किए गए थे। हिम तेंदुए का निवास 93,392 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में दर्ज किया गया था, जिनकी अनुमानित उपस्थिति 100,841 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में पाई गई है। कुल 241 अद्वितीय हिम तेंदुओं की तस्वीरें खींची गईं। डेटा विश्लेषण के आधार पर हिम तेंदुए की संख्या लद्दाख में 477, उत्तराखंड में 124, हिमाचल प्रदेश में 51, अरुणाचल प्रदेश में 36, सिक्किम में 21, और जम्मू तथा कश्मीर में 9 है। इस स्थिति रिपोर्ट में बताया गया है कि पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत डब्ल्यूआईआई में एक समर्पित हिम तेंदुआ प्रकोष्ठ स्थापित करना का प्रस्ताव है। इसका प्राथमिक ध्यान अच्छी तरह से तैयार किए गए अध्ययन डिजाइन और लगातार क्षेत्र सर्वेक्षण की मदद से इसकी दीर्घकालिक आबादी निगरानी पर होगा। हिम तेंदुओं का लंबे समय तक अस्तित्व बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जरूरत है। इसके लिए राज्य और केंद्रशासित प्रदेश हिम तेंदुए की रेंज में आवधिक जनसंख्या आकलन दृष्टिकोण (प्रत्येक चौथे वर्ष) अपनाने पर विचार कर सकते हैं।

## कांग्रेस पर भाजपा का पलटवार– वंशवाद की राजनीति को मतदाताओं ने किया खारिज

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के लोकतंत्र पर दिए बयान पर पलटवार करते हुए इसे बेबुनियाद बयान बताया है। मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बेबुनियाद बयान दिया है। चाहे वे कुछ भी कहें, सच तो यह है कि लोकतंत्र की आड़ में वंशवाद की राजनीति वर्षों से जारी थी। इसे अब मतदाताओं ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। यह वंशवादी राजनीति अपने ग्रहण की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की पराजय और आईएनडीआई गठबंधन के विघटन के बाद कांग्रेस बौखला गई है। इसी बौखलाहट में कांग्रेस ने आपत्तिजनक बयानबाजी शुरू कर दी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आधारहीन और अनर्गल बयान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में सच्चे लोकतंत्र का वास्तविक उदय हो रहा है। लोकसभा चुनाव में उत्तर से दक्षिण तक देश की प्रबुद्ध जनता ने लोकतंत्र के नाम पर जो राजतंत्र चला रहे थे, उन्हें सबक सिखाने का काम किया। वंशवाद का उदाहरण पेश करते हुए सुधांशु ने कहा कि कश्मीर में अब्दुल्ला या मुफ्ती परिवार चुनाव हार गए, पंजाब में बादल परिवार चुनाव हारा, हरियाणा में हुड्डा परिवार चुनाव हारा, अशोक गहलोत का बेटा चुनाव हारा, उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की पत्नी चुनाव हारीं, चौधरी अजीत सिंह और उनके बेटे चुनाव हारे, बिहार में लालू प्रसाद यादव की बेटी चुनाव हारीं, तेलंगाना में केसीआर की बेटी चुनाव हारीं और परिवारवाद के सबसे बड़े प्रतीक राहुल गांधी भी चुनाव हारे। जनता ने वंशवाद की राजनीति को सिरे से नकार दिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी का बिहार दौरा टला

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बिहार दौरा एक बार फिर से टल गया है। प्रधानमंत्री मोदी चार फरवरी को बिहार आने वाले थे। प्रधानमंत्री को बेतिया में कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करना था। इसके साथ बेतिया लोकसभा क्षेत्र में उनकी जनसभा थी लेकिन अपरिहार्य कारणों से प्रधानमंत्री का दौरा आगे बढ़ा दिया गया है। कार्यक्रम के संबंध में पश्चिम चंपारण के भाजपा सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। नई तारीख की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बेतिया के सुगौली में 6500 करोड़ रुपये के इंडियन ऑयल की परियोजना का शुभारंभ करने का कार्यक्रम था। परियोजना के शुभारंभ के बाद वह बेतिया के रमना मैदान में जनसभा को भी संबोधित करते। इसके लिए बिहार भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर स्थानीय कार्यकर्ता तक तैयारी में जुट गए हैं लेकिन अब उनका चार फरवरी का कार्यक्रम टल गया है। उल्लेखनीय है कि बिहार आने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दौरा जनवरी महीने में ही तीसरी बार टला है।

# एंटी टैंक मिसाइल सेमी–एक्टिव मिशन होमिंग के परीक्षण पूरे, उत्पादन की तैयारी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 120 मिमी एंटी टैंक मिसाइल सेमी-एक्टिव मिशन होमिंग (एसएएमएचओ) के सभी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। अब इस मिसाइल के उत्पादन की तैयारी है, जिसके बाद उपयोग के लिए भारतीय सेना को दी जाएगी। यह एक बहुउद्देशीय एंटी-आर्मर गाइडेड मिसाइल है, जो टैंकों और कम उड़ान वाले लड़ाकू हेलीकॉप्टरों को मार गिराने की क्षमता रखती है। इसे आधुनिक बख्तरबंद वाहनों और टैंकों की विस्फोटक प्रतिक्रियाशील कवच सुरक्षा को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है।

डीआरडीओ ने 120 मिमी एंटी टैंक मिसाइल सेमी-एक्टिव मिशन होमिंग

**टैंकों और कम उड़ान वाले लड़ाकू हेलीकॉप्टरों को मारने में सक्षम है गाइडेड मिसाइल**

**सेना के स्वदेशी अर्जुन टैंकों और टी–90 टैंकों के साथ संचालित करने की योजना बनाई**

(एसएएमएचओ) को भारतीय सेना के स्वदेशी अर्जुन टैंकों के लिए अपनी पुणे स्थित आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट लैब में विकसित किया है। पहले इस एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल को मूल रूप से अर्जुन की 120 मिमी राइफल वाली बंदूक से फायर करने का इरादा था। बाद में डीआरडीओ ने इसे भारतीय सेना के टी-90 टैंकों के साथ संचालित करने की योजना बनाई है, जिसमें 125 मिमी. स्मूथबोर गन है। उच्च-विस्फोटक एंटी-टैंक टेंडेम-चार्ज वारहेड लगाकर इसे आधुनिक बख्तरबंद वाहनों और टैंकों की विस्फोटक प्रतिक्रियाशील कवच सुरक्षा को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है।

डीआरडीओ के अनुसार यह एक बहुउद्देश्यीय एंटी-आर्मर गाइडेड मिसाइल है, जिसमें टैंकों और कम उड़ान वाले लड़ाकू हेलीकॉप्टरों को मार गिराने की क्षमता है। इस गन-लॉन्च एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल के विकास की घोषणा 2014 में की गई थी। इसे उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला और उपकरण अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान के सहयोग से मिसाइल विकास कार्यक्रम के तहत विकसित किया गया है। इस मिसाइल का उद्देश्य भारतीय सेना में स्वदेशी अर्जुन टैंकों की मारक क्षमता को बढ़ाना है।

बहुउद्देश्यीय एंटी-आर्मर गाइडेड मिसाइल का पहला परीक्षण 22 सितंबर, 2020 को निष्क्रिय हथियार वाले अर्जुन टैंक से किया गया था, जिसमें मिसाइल ने 3 किमी. की दूरी पर रखे लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेद दिया था। इसके बाद 1 अक्टूबर, 2020 को एक और सफल मिसाइल फायरिंग हुई। डीआरडीओ ने 29 जून, 2022 को न्यूनतम और अधिकतम सीमा से लक्ष्य को भेदने वाली मिसाइल का तीसरा परीक्षण किया। इस बार डीआरडीओ ने एटीजीएम से लॉन्च किए गए टैंक की आयामी बाधाओं को भी हल किया। मिसाइल का चौथा परीक्षण 4 अगस्त, 2022 को हुआ, जिसमें प्रदर्शन स्थिरता की जांच करने के लिए न्यूनतम से अधिकतम सीमा तक लक्ष्य को शामिल किया गया।

# चंडीगढ़ में नगर निगम चुनाव में भाजपा ने इंडी गठबंधन को दी करारी मात

चंडीगढ़। चंडीगढ़ नगर निगम के प्रतिष्ठित चुनाव में विपक्ष के आईएनडीआईए (इंडी गठबंधन) को भारतीय जनता पार्टी ने करारी मात दी है। भाजपा ने नगर निगम के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद पर कब्जा कर लिया है। मतगणना में चुनाव अधिकारी की ओर से विपक्षी गठबंधन के आठ वोटों को अमान्य कर देने पर आम आदमी पार्टी तथा कांग्रेस ने हाई कोर्ट में दस्तक दी है। कई दिनों की राजनीतिक उठापटक और सियासी घमासान के बीच भाजपा के मनोज सोनकर ने विपक्ष के इंडी गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप टीटा को चार वोटों से हरा दिया। मेयर पद के लिए 35 पार्षदों ने वोट डाला। जिनमें से भाजपा के मनोज सोनकर को 16 तथा आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार को 12 वोट मिले। मतगणना में चुनाव अधिकारी ने इंडी गठबंधन की आठ वोटों को अमान्य कर दिया। मंगलवार को मेयर पद के चुनाव के बाद सदन में काफी देर तक हंगामा होता रहा। कांग्रेस व आप पार्षदों ने सदन से बहिष्कार कर दिया। इसके बाद सीनियर डिप्टी मेयर के चुनाव में विपक्षी पार्षदों ने भाग नहीं लिया और भाजपा के कुलजीत सिंह को इस चुनाव में 16 वोट मिले और वह सीनियर डिप्टी मेयर चुन लिए गए। इसके बाद हुए डिप्टी मेयर चुनाव में भी भाजपा उम्मीदवार राजिंदर शर्मा जीत गए। चुनाव प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए आम आदमी पार्टी तथा कांग्रेस ने फिर से हाई कोर्ट में दस्तक दी है। दोनों दलों ने याचिका दायर करके चुनाव प्रक्रिया स्थगित करने की मांग की है। चंडीगढ़ नगर निगम में मेयर चुनाव जीतने के बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्वीट करके समूची लीडरशिप को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाजपा चंडीगढ़ यूनिट को लंबे समय से मेयर चुनाव का इंतजार था। वह इस जीत के लिए चंडीगढ़ यूनिट को बधाई देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चंडीगढ़ में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन को मिली हार ने साफ कर दिया है कि लोग काम में विश्वास करते हैं, न की छल-कपट की राजनीति को पसंद करते हैं। दूसरी तरफ आप सुप्रीमो एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में दिनदहाड़े जिस तरह से बेईमानी की गई है, वो बेहद चिंताजनक है। यदि एक मेयर चुनाव में ये लोग इतना गिर सकते हैं तो देश के चुनाव में तो ये किसी भी हद तक जा सकते हैं। यह बेहद चिंताजनक है।

# पेज एक का शेष

### फसलों ...

सत्यापन कराकर किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि फसलों के नुकसान का सत्यापन करने के बाद प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को मुआवजा राशि व अन्य राहत प्रदान की जाती है लेकिन कुछ मामलों में तकनीकी कमियों के कारण कुछ किसानों की फसलों का सत्यापन पूर्ण नहीं हो सका। वहीं दोबारा उनका सत्यापन नहीं किया गया, जिससे कुछ किसान सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली राहत और मुआवजा राशि प्राप्त नहीं कर सके। इसी को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने सख्ती जताते हुए अधिकारियों से जवाब तलब करने के साथ ही वंचित किसानों को तत्काल मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक में पाया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हजारों किसानों को डाटा फीडिंग के दौरान आधार, खाता संख्या और डुप्लीकेसी के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं किया जा सका जबकि उन्होंने अधिकारियों को दोबारा सत्यापन करा मुआवजे से वंचित किसानों को सहायता राशि देने के निर्देश दिये थे।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी प्रदेश के कई जिलों के अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों का सर्वे नहीं कराया। इसकी वजह से समय से किसानों को मुआवजा नहीं मिल सका। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कड़ी फटकार लगाई। इतना ही नहीं, उन्होंने लापरवाह 17 एडीएम एफआर से जवाब तलब करते हुए कड़ा एक्शन लेने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी की नाराजगी के बाद हरकत में अधिकारियों ने अपने-अपने जिले में मुआवजे से वंचित किसानों का दोबारा सर्वे कराकर शासन से बजट की डिमांड की है। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित वंचित किसानों को तत्काल मुआवजा देने के लिए डिमांड के अनुसार धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। अभी तक 35 करोड़ से अधिक की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है।विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों को जल्द से जल्द मुआवजे से वंचित किसानों का सत्यापन कराकर धनराशि के डिमांड के निर्देश दिये गये हैं।

अपर मुख्य सचिव राजस्व ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 17 जिलों के एडीएम एफआर से लापरवाही पर जवाब तलब किया गया है, इनमें अलीगढ़, हाथरस, बाराबंकी, मऊ, बरेली, बदांयू, अंबेडकरनगर, शाहजहांपुर, महोबा, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, झांसी, ललितपुर, गाजियाबाद, बिजनौर और कौशांबी के एडीएम एफआर शामिल हैं। सभी एडीएम को एक हफ्ते में अपना जवाब शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि सभी एडीएम से जवाब मिलते ही रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। सीएम योगी के निर्देश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाता है। सीएम योगी के निर्देश पर किसानों को मुआवजा धनराशि सर्वे के 24 घंटे में डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजी जा रही है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 में प्रदेश के 75 जिलों के क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित 13,97,480 किसानों को 5,08,31,80,715 रुपये की सहायता धनराशि दी गई। वहीं वर्ष 2022-23 में 10,44,387 किसानों को 4,25,22,41,276 रुपये की सहायता धनराशि दी गई जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जनवरी तक 1,87,845 किसानों को 80,88,68,299 रुपये की सहायता धनराशि वितरित की जा चुकी है।

### चंडीगढ़...

भी तंज कसा। उन्होंने कहा गठबंधन ने अपनी पहली चुनावी लड़ाई लड़ी और फिर भी भाजपा से हार गया, इससे पता चलता है कि न तो उनका अंकगणित काम कर रहा है और न ही उनकी केमिस्ट्री काम कर रही है।

### इंटरनेट...

करना आवश्यक होगा। एनजीओ फाउंडेशन ऑफ मीडिया प्रोफ़ेशनल्सश ने समीक्षा आदेशों के प्रकाशन के लिए निर्देश देने की गुहार लगाई थी। शीर्ष अदालत के समक्ष याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वकील शादान फरासत ने कहा कि समीक्षा आदेश कानून के तहत पारित होने वाली चीज हैंए इसलिए उन्हें प्रकाशित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहाए राष्ट्रीय सुरक्षा कारण हो सकते हैं लेकिन समीक्षा आदेश एक वैधानिक आदेश है और शीर्ष अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि मुख्य आदेश और समीक्षा प्रकाशित की जानी चाहिए।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल नटराज ने कहा कि ये सभी मुद्दे प्रतिबंधों के दौरान अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बादद्ध उठे थे और उन सभी प्रार्थनाओं का अनुपालन किया गया और यहां तक कि अवमानना को भी खारिज कर दिया गया है। उन्होंने दलील दी कि अब याचिकाकर्ता एक नई प्रार्थना ;अदालत द्वारा पारित किए जाने वाले निर्देश के संबंध मेंद्ध लेकर आ रहा है। शीर्ष अदालत द्वारा श्अनुराधा भसीनश मामले में दिए गए फैसले का हवाला देते हुए पीठ ने कहाए समीक्षा आदेशों को अलमारी में बंद करके नहीं रखा जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि वकील फरासत ने दलील दी कि शीर्ष अदालत ने अनुराधा भसीन मामले में फैसले में कहा है कि समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करने की भी आवश्यकता है और जम्मू.कश्मीर में ऐसा नहीं किया जा रहा है।

### होर्डिंग ...

होर्डिंग ने सियासी तूल पकड़ लिया। इस मामले में सपा ने संज्ञान लेते हुए पार्टी के एक नेता को निष्कासित करने की कार्रवाई की है।

### मैनपुरी...

अधिकार दिलाएंगे, पर किसी का भी साथ लेने से कोई परहेज नहीं है। यही वजह है कि क्षत्रिय, ब्राह्मण, वैश्य और कायस्थ समाज के बीच पैठ बढ़ाने की योजना पर भी पार्टी काम कर रही है।

प्रत्याशियों की सूची इस प्रकार है- संभल से शफिकुर्ररहमान बर्क, फिरोजबाद से अक्षय यादव, मैनपुरी से डिंपल यादव, एटा से देवेश शाक्य, बंदायू से धर्मेंद्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा,धौरहरा से आनंद भदौरिया, उन्नाव से अन्नु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फर्रुखाबाद से डॉ नवल किशोर शाक्य, अकबरपुर से राजाराम पाल, बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, अंबेडकरनगर से लालजी वर्मा, बस्ती राम प्रसाद चौधरी, गोरखपुर से काजल निषाद को सपा ने प्रत्याशी बनाया है।

### खेती ...

आने वाले दिनों में एआरडीबी को प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के साथ लिंक करने की दिशा में काम कर रही है। इससे किसान पैक्स के माध्यम से मध्यावधि ऋण और दीर्घकालिक ऋण आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। जब दीर्घकालिक ऋण पैक्स देने लगेंगे तो किसानों के साथ-साथ हमारे पैक्स भी मजबूत होंगे।

शाह ने कहा कि जब एआरडीबी पूर्ण रूप से कम्प्यूटरीकृत हो जाएंगे तो इसकी व्यवस्था सरल होगी और किसानों के लिए बेहतर काम कर सकेंगे। इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। इससे एक पारदर्शी माहौल बनेगा, जवाबदेही आसानी से तय हो सकेगी और किसान और बैंक के बीच एक मजबूत रिश्ता बनेगा।

उल्लेखनीय है कि गृह मंत्री शाह ने आज कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों और सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार कार्यालयों की कंप्यूटरीकरण परियोजना का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम सहकारिता मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के सहयोग से आयोजित किया गया था।

### चंडीगढ़ ...

प्रवासियों के साथ भी काम किया है। वे उन्हें उनकी संसदीय यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हैं और उन्हें विश्वास है कि राज्यसभा की कार्यवाही उनके विचारों से समृद्ध होगी। सतनाम संधू ने कहा कि राज्यसभा के लिए मनोनीत किया जाना उनके लिए बहुत बड़ा सम्मान है। वे प्रयास करेंगे कि अपनी सेवाएं हमारे राष्ट्र को समर्पित करें और लोगों की आवाज़ बनें। वे विकसित भारत के विचार को देश और विदेश में फैलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री मोदी को उन पर विश्वास किए जाने के लिए धन्यवाद देते हुए संधू ने कहा कि उनके जैसे एक साधारण किसान परिवार के व्यक्ति को लोगों की आकांक्षाओं को आवाज देने का अवसर दिया गया है।

### चुनाव...

पत्नी चुनाव हारीं चौधरी अजीत सिंह और उनके बेटे चुनाव हारे बिहार में लालू प्रसाद यादव जी की बेटी चुनाव हारीं तेलंगाना में केसीआर जी की बेटी चुनाव हारीं और परिवारवाद के सबसे बड़े प्रतीक श्री राहुल गांधी भी चुनाव हारे।

उन्होंने कहा कि चाहे कोई कुछ भी कहे सच तो यह है कि लोकतंत्र की आड़ में वंशवाद की राजनीति वर्षों से जारी थी। इसे अब मतदाताओं ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। यह वंशवादी राजनीति अपने अवसान की ओर बढ़ रही है। दूसरी ओरए प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत में वास्तविक लोकसत्ता का प्रादुर्भाव हो रहा है। भारत का गरीबए किसान महिला एवं युवा वर्ग अपनी शक्ति के साथ उभर रहा है।

उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि पं जवाहरलाल नेहरू जीरो वोट पाकर प्रधानमंत्री बने थे इंदिरा गांधी जीए राजीव गांधी जी और मनमोहन सिंह जी भारत के प्रधानमंत्री कैसे बने। भारत के राजनीतिक इतिहास में केवल दो प्रधानमंत्रियों को स्पष्ट लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया था। श्री अटल बिहारी वाजपेयी और श्री नरेंद्र मोदी। पार्टी ने उन्हें नेता चुना और देश की जनता ने प्रधानमंत्री के रूप में उस पर मुहर लगायी। उन्होंने कहा कि यह विडंबना है कि जीरो वोटों से प्रधानमंत्री बनाने वाली राजनीतिक पार्टी अब लोकतंत्र का पाठ पढ़ा रही है।

डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि श्री खड़गे ने यह भी कहा है कि हम गुलाम थे और आप गुलामों के गुलाम थे। जबकि सच यह है कि कंाग्रेस गुलामी की मानसिकता से अब तक नहीं उबर पायी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 18 मई 2014 को ब्रिटेन के एक अखबार ने लिखा था कि भारत को दूसरी बार स्वतंत्रता मिली है। इस शासन व्यवस्था का ब्रिटिश औपनिवेशिक पृष्ठभूमि से कोई लेना देना नहीं है।

उन्होंने कहा कंाग्रेस पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में अपने निर्णायक अवसान को देख कर भयाक्रांत हो कर अनर्गल बातें कर रही है।

बिहार में कंाग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा आने से पहले ही इंडी गठबंधन के प्रमुख नेता श्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग में आ जाने के बारे में एक सवाल पर डॉ. त्रिवेदी ने पलटवार करते हुए कहा अयोध्या में श्री राममंदिर में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के मुहूर्त पर सवाल उठाने वाले बतायें कि श्री राहुल गांधी की यात्रा किस मुहूर्त में शुरू हुई थी और आखिर क्यों ऐसा है कि जहां जहां चरण पड़े श्री राहुल जी के वहां वहां बंटाधार।

# लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना श्यामपुर में हुई गोष्ठी, दिए आवश्यक निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हरिद्वार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर हरिद्वार ने आगामी लोक सभा निर्वाचन के दृष्टिगत समस्त सेक्टर पुलिस अधिकारी व समस्त चौकी प्रभारी, उप निरीक्षकों की थाना कार्यालय में गोष्ठी ली। गोष्ठी में आगामी चुनाव से सम्बन्धित आदेश निर्देशों से सभी को अवगत कराते हुए उन पर कार्य करने के लिए बताया गया। समस्त उपस्थित पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया कि जो भी सेक्टर आपको आवंटन हुआ है, उसमें सही प्रकार से निरीक्षण कर संवेदनशील व अति संवेदनशील सेक्टर व मतदान केन्द्र की रिपोर्ट प्रेषित करें। उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र की गतिविधियों का आकलन कर समय से अवगत कराते हुए सभी सेक्टर पुलिस अधिकारी अपने सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ मतदान स्थल का निरीक्षण के उपरांत उसकी रिपोर्ट चुनाव सेल को उपलब्ध कराएंगे। साथ ही प्रभारी चौकी, उप निरीक्षकों को आदेशित किया गया वे अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव के दृष्टिगत गैगस्टर, गुण्डा, 110 जी का चिह्नीकरण कर कार्रवाई करते हुए असलाह का सत्यापन की कार्रवाई करें। क्षेत्र में लड़ाई झगड़े, सम्पत्ति विवाद या जो भी चुनाव को प्रभावित कर सकता है उसमें बीट सूचना अंकित कर रिपोर्ट प्रेषित कर करेंगे। गोष्ठी के उपरान्त क्षेत्राधिकारी नगर ने थाना क्षेत्र के सीएलजी सदस्यों के साथ गोष्ठी की। इसमें 14-15 सीएलजी सदस्य उपस्थित रहे। गोष्ठी में आगामी शारदीय कांवड़ मेला व शिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत अपेक्षित सहयोग प्रदान किये जाने की अपील की गई। साथ ही सामुदायिक पुलिसिंग को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए जागरूकता के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

# गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया : मुख्यमंत्री



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जी ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### संगरूर : शिक्षक की शिकायत से आहत छात्र ने की आत्महत्या

**चंडीगढ़।** संगरूर जिले में स्थित मेरिटोरियस स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र ने परीक्षा में नंबर कम आने पर सोमवार की रात हॉस्टल में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल में रखवा दिया है। अध्यापक ने छात्र की पढ़ाई न करने की उसके परिजनों से शिकायत की थी। जानकारी के अनुसार संगरूर लहरागागा के रहने वाला करण सिंह संगरूर के घाबदां में स्थित मेरिटोरियस स्कूल में बारहवीं कक्षा में कॉमर्स स्ट्रीम से अपने पढ़ाई कर रहा था। सोमवार को देर शाम करण ने स्कूल के परिसर मे बने हॉस्टल में ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलने पर हॉस्टल का स्टाफ रूम ने मामले की जानकारी हॉस्टल अधिकारियों की दी गई। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। संगरूर पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में पता चला है कि करण के पिता सुरेश पेशे से सब्जी बिक्रेता हैं। सुरेश सिंह ने पुलिस को बताया कि शाम करीब तीन बजे उन्हें करण की स्कूल टीचर का फोन आया था। टीचर ने बताया कि बेटे के पेपर में कम नंबर आए हैं, बेटे का ध्यान रखें। शिक्षक ने कहा था कि करण मन लगाकर पढ़ाई नहीं कर रहा है। अगर करण की परफॉर्मेंस ऐसी ही रही तो स्कूल उसे निकाल दिया जाएगा। करण ने भी पिता से बात की तो पिता ने उसे समझाया कि वह मन लगाकर पढ़ाई करें, जिसके बाद फोन बंद कर दिया। कुछ देर बाद स्कूल से आत्महत्या किए जाने की सूचना मिली। सुरेश ने बताया कि उनके तीन पुत्र हैं, करण उनका सबसे छोटा बेटा था। संगरूर के थाना सदर के एसएचओ गुरप्रीत सिंह हांडा ने कहा कि पुलिस मामले में परिवार के बयान दर्ज कर अगली कार्रवाई करेगी। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### चंडीगढ़ की फर्नीचर मार्केट में लगी आग, 15 दुकानें जलीं

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-52 स्थित फर्नीचर मार्केट में मंगलवार की सुबह लगी भीषण में आग में एक दर्जन से अधिक दुकानें जलकर राख हो गई। कई घंटे की मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर सेक्टर-52 में वर्षों से फर्नीचर मार्केट चल रही है। मंगलवार सुबह 10 बजे के करीब इस मार्केट में आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियां मौके पर पहुंची। मौके पर जमा हुए लोगों ने बाल्टियों के जरिये आग को बुझाने की कोशिश की गई। सभी दुकानों में फर्नीचर तथा कैमिकल होने के कारण आग लगातार फैलती चली गई और करीब 15 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद आसपास के दुकानदारों ने अपना सामान सड़क पर निकाला है। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। घटना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### मसूरी देहरादून मार्ग पर कोलू खेत के पास एक टैक्सी कार दुर्घटना में दो घायल

**देहरादून/मसूरी।** मसूरी देहरादून मार्ग पर सोमवार की देर रात को कोलू खेत के पास एक टैक्सी कार यूके 07 टीडी 0114 अनियंत्रित होकर पहाड़ी की ओर गिर गई। इसमें सवार सुखविंदर व उनकी पत्नी चरणजीत कौर निवासी संजय कॉलोनी पटेल नगर देहरादून घायल हो गए। उनको 108 एम्बुलेंस की मदद से देहरादून हायर सेंटर अस्पताल भेजा गया। मसूरी पुलिस ने बताया कि सुखविंदर अपनी पत्नी चरणजीत कौर से मसूरी घूमने के लिये आया था। देहरादून लौटते समय कोलू खेत हनुमान मंदिर मसूरी रोड के पास उनकी कार सड़क से नीचे पहाड़ी की ओर गिर गई। सूचना पर मसूरी पुलिस 108 एम्बुलेस के साथ घटना स्थल पर पहुंची। इसके बाद दोनों घायलों को रेस्क्यू कर पहाड़ी से निकाला गया और एंबुलेंस के माध्यम से दोनों को जिला अस्पताल कोरोनेशन देहरादून के लिए भेजा गया। उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। वह घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी गई है।

### नाले में मिला अधेड़ का शव, धारदार हथियार से हत्या की आशंका

**हरिद्वार।** एक अधेड़ व्यक्ति का शव नाले में मिलने से पुलिस में हड़कंप मच गया। मामला जनपद की कोतवाली मंगलौर क्षेत्र के मोहम्मदपुर जट गांव का है। सूचना पर एसपी देहात स्वप्न किशोर, मंगलौर कोतवाली प्रभारी अमरचंद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रथम दृष्टिया मामला हत्या का माना जा रहा है। हत्या करने के बाद शव को नाले में फेंक दिया गया होगा। सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारियों के साथ फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। एसपी परमेंद्र डोभाल ने भी घटनास्थल पर पहुंच कर जानकारी जुटायी। घटना के खुलासे के लिए एसपी प्रमेन्द्र डोभाल ने पुलिस टीमों का गठन किया है। एसएसपी ने बताया कि मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर जट में एक व्यक्ति का शव नाले में पड़े होने की सूचना मिली थी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची मृतक की पहचान रमेश उम्र 54 वर्ष पुत्र घसीटा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

### पिथौरागढ़-देहरादून हवाई सेवा प्रारंभ होने पर मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर किया आभार प्रदर्शन

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार को नीत निरंतर नई ऊंचाई मिल रही है। डबल इंजन सरकार के प्रयासों से मंगलवार को बहु प्रतीक्षित पिथौरागढ़-देहरादून हवाई सेवा का शुभारंभ हो चुकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा है कि इस हवाई सेवा के शुरू होने से यहां स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इसके माध्यम से सीमांत क्षेत्रों का पर्यटन भी और अधिक विस्तारित होगा जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने इस हेली सेवा के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार प्रकट किया है। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीटर पर भी चर्चा की है।

### शहीद विजय लाल स्मृति द्वार को बनाने की मांग

**गोपेश्वर।** बदरीनाथ हाइवे पर मैंठाणा के पास सैकोट को जाने वाले मार्ग पर निर्मित शहीद विजय लाल लोहानी स्मृति द्वार को पुनः बनाये जाने की मांग को लेकर मंगलवार को भारतीय मानवाधिकार चमोली की ओर से डीएम को ज्ञापन दिया गया है। भारतीय मानवाधिकार चमोली के अध्यक्ष जसवंत लाल का कहना है कि बदरीनाथ हाइवे पर मैंठाणा के पास सैकोट को जाने वाले मार्ग पर शहीद विजय लाल लोहानी स्मृति द्वार बनाया गया था। इसे एनआईडीसीएल की ओर से हाइवे चौड़ीकरण के दौरान यह कह कर तोड़ा गया था कि बाद में इसे फिर से बना दिया जाएगा, लेकिन एक लंबा समय गुजर जाने के बाद भी अभी तक स्मृति द्वार का निर्माण नहीं किया गया है।

# दस करोड़ की संदिग्ध लेनदेन वाला आरोपित गुजरात से गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




देहरादून। उत्तराखंड एसटीएफ ने एक बड़े आरोपित को गिरफ्तार किया है। दुबई में बैंक खाते और सिम कार्ड सप्लाई करने वाले इस बड़े हवाला आपरेटर को सूरत, गुजरात से गिरफ्तार किया गया है। इस पर देश भर 104 मुकदमे और 2327 अपराध लंबित हैं। मंगलवार को एसटीएफ एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि आरोपित के पास से 42 डेबिड कार्ड, 30 चैक बुक, 20 माइक्रो सिम, दुबई मेट्रो कार्ड, सिम कार्ड, एक पासपोर्ट एक स्वैप मशीन, तीन फर्जी कंपनियों के मुहर और मोबाइल बरामद हुए हैं। एसटीएफ ने एक राष्ट्रीय घोटाले, जिसमें लगभग 10 करोड़ का संदिग्ध लेनदेन हुआ है। इसमें आरोपित की हरेक राज्य की पुलिस को तलाश थी। एसटीएफ एसएसपी के अनुसार आरोपित फ्लाइट नेटवर्क कंपनियों का सीनियर एजेंट बताते हुए टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर विभिन्न कंपनियों के लिंक भेजकर टिकट बुक करने के टास्क के माध्यम से घर बैठे कमीशन के रूप में लाखों कमाने का लालच देकर धोखाधड़ी कर रहा था। इसी संदर्भ में देहरादून के एक शिकायत कर्ता ने जानकारी दी, जिससे एयर फ़ेयर हवाई जहाज का किराया, डिपोजिट प्रोसेसिंग के नाम पर 26 लाख की धोखाधड़ी की गई थी। इसका मामला दर्ज कर जांच निरीक्षक विजय भारती को सौंपी गई। छानबीन के दौरान 32 वर्षीय आरोपित मुराडिया हार्दिक कुमार भगवान भाई पुत्र भगवान भाई, निवासी तपोवन सोसायटी वेद रोड सूरत सिटी गुजरात से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित से 10 करोड़ रुपये से अधिक की लेनदेन की जानकारी की गई है। भारत सरकार 14सी गृह मंत्रालय के सहयोग से अभियुक्त के खातों का गहनता से विवेचन किया गया तो इस पर 104 मुकदमे और 2327 आपराधिक लिंकेज दर्ज है। आरोपित के ऊपर तेलंगाना में 42, यूपी में 20 दिल्ली में 10, तमिलनाडू में 9, महाराष्ट्र में 3, गुजरात में 2, बिहार में 1, हरियाणा में 6, कर्नाटक में 3, छत्तीसगढ़ में 4 उत्तराखंड में 2, आंध्रप्रदेश में 2 मुकदमें दर्ज है जबकि उत्तराखंड राज्य के 36 मामलों में अभियुक्त की संलिप्तता पाई गई है।

## आईटीएम देहरादून और यूसर्क ने आयोजित की दो दिवसीय कार्यशाला

कोटद्वार। इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं मैनेजमेंट (आईटीएम) और उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र यूसर्क ने जीआईसी कण्वनगरी कोटद्वार में ब्रीजिंग द डिजिटल डिवाइड इन नॉन टेक्निकल एजुकेशन-स्टूडेंट्स सेंट्रिक इनिसिएटिव विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य प्रवक्ता उत्तराखंड संस्कृत महाविद्यालय के प्रोफ़ेसर सुशील चमोली ने कीनोट सेशन में छात्रों को आज के युग में प्रयोग होने वाले ऑनलाइन एप की विस्तृत जानकारी देते हुए हैंड्सऑन सेशन कराया। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के प्रोफ़ेसर डॉ आशुतोष कुमार भट्ट ने तकनीकी इनोविल्ड साइंस एजूकेशन विषय पर छात्रों को आईसीटी के गुर सिखाए ताकि छात्र आईटी को दैनिक अध्ययन में शामिल कर ऊंचे आयामों को छू सकें। आईटीएम देहरादून के प्रोफ़ेसर प्रवीन त्रिपाठी ने दैनिक गतिविधियों को एक सूत्र में बांधकर तकनीकी सहायता के प्रयोग पर सारगर्भित व्याख्यान दिए।

# उत्तराखंड : अंगीठी की गैस से दम घुटने से यूपी के 3 युवकों की मौत, दो दिन से कमरे में पड़े थे बंद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

■ तीनों युवक उत्तराखंड उच्च न्यायालय परिसर में चल रहे निर्माण कार्य में मजदूर लगे हुए थे

नैनीताल। अंगीठी की गैस से दम घुटने से उत्तर प्रदेश के तीन युवकों की मौत हो गयी। इसका खुलासा सोमवार देर रात्रि देर हुआ। ये तीनों युवक उत्तराखंड उच्च न्यायालय परिसर में चल रहे किसी निर्माण कार्य में मजदूर लगे हुए थे। बीती रात्रि करीब एक बजे बीडी पांडे जिला चिकित्सालय में 3 युवकों को लाया गया। इनमें से 2 युवकों को चिकित्सक ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया, जबकि उनके एक अन्य साथी की स्थिति भी नाजुक बनी हुई थी। उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी के लिये रेफर किया गया। वहां उसने भी दम तोड़ दिया है। तीनों युवकों की मौतों का कारण अंगीठी की गैस से दम घुटना बताया जा रहा है। उत्तराखंड उच्च न्यायालय परिसर में चल रहे किसी निर्माण कार्य में यूपी के मजदूरी पर लगे हुए थे। इन तीनों युवकों से उनके परिजनों का दो दिन से संपर्क नहीं हो पा रहा था। इस पर उन्होंने उनके ठेकेदार से संपर्क किया। ठेकेदार सोमवार देर रात्रि उनके कक्ष में गया तो तीनों बेहोश पड़े थे। तीनों को रात्रि करीब एक बजे बीडी पांडे जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां ईएमओ यानी आपातकालीन चिकित्सा अधिकारी डॉ. हाशिम अंसारी ने दो युवकों 21 वर्षीय राजकुमार व 24 वर्षीय अवनीश को मृत घोषित कर दिया। दोनों बदायूं, उत्तर प्रदेश के निवासी बताये गये हैं जबकि तीसरे गंभीर स्थिति में मिले युवक की पहचान उसके आधार कार्ड से 21 वर्षीय मोहिंदर देव निवासी शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। डॉ. अंसारी ने बताया कि मोहिंदर की हालत भी नाजुक थी। उसे प्राथमिक उपचार के बाद एसटीएच यानी डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया गया जबकि अन्य दो युवकों के शव मोर्चरी में रखवा दिये गये हैं। इधर मंगलवार को एसटीएच हल्द्वानी के पीआरओ आलोक उप्रेती ने बताया कि तीसरे युवक मोहिंदर ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

# आरक्षी नरेश जोशी को मिलेगा 'जीवन रक्षा पदक'

■ नरेश जोशी ने जान पर खेलकर 25 जिंदगियां बचाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। राष्ट्रपति की ओर से जनपद ऊधमसिंह नगर में तैनात आरक्षी चालक नरेश जोशी को अदम्य साहस दिखाने पर जीवन रक्षा पदक श्रृंखला पुरस्कार- 2023 के अन्तर्गत 'जीवन रक्षा पदक' प्रदान करने की घोषणा की गयी है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अभिनव कुमार ने इस उपलब्धी के लिए नरेश जोशी को बधाई दी है। जनपद ऊधमसिंह नगर के आजाद नगर, ट्रांजिट कैम्प में 30 अगस्त, 2022 की प्रातः 05 बजे कबाड़ के गोदाम में सिलेंडर से विषैली गैस अमोनिया के रिसाव होने व गैस से कई लोगों के बेहोश होने की सूचना पर तत्काल मौके पर पुलिस पहुंची पुलिस बल ने देखा कि कबाड़ के गोदाम में एक गैस सिलेण्डर से विषैली गैस अमोनिया का रिसाव हो रहा था, जिससे आस-पास के कई लोगों की आंखों में जलन और सांस लेने में काफी परेशानी हो रही थी और लोगों को विषैली गैस रिसाव से दम घुटकर मौत होने की संभावना भी बन चुकी थी। इस गैस सिलेंडर को आरक्षी चालक नरेश जोशी की ओर से आपने अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देते हुए अपनी जान की परवाह न कर स्वयं सिलेण्डर को (ई-रिक्शा) में रखकर उसका संचालन कर घनी आबादी और गलियों से दूर ले गए। इसके बाद मेन रोड से उस गैस सिलेण्डर को वाहन के माध्यम से दूर ले जाया गया।

## बीएचईएल नराकास राजभाषा शील्ड से सम्मानित




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। राजभाषा कार्यान्वयन एवं हिंदी के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), हरिद्वार ने बीएचईएल हरिद्वार को सार्वजनिक उपक्रम श्रेणी में वर्ष 2022-23 के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार समिति की 37वीं अर्धवार्षिक बैठक में समिति के अध्यक्ष एवं टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) शैलेंद्र सिंह ने बीएचईएल, हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक टीएस मुरली, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) आलोक कुमार एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (राजभाषा) हरीश सिंह बगवार को प्रदान किया। साथ ही व्यक्तिगत श्रेणी में प्रभाग के 07 कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया। टीएस मुरली ने नराकास राजभाषा शील्ड प्राप्त करने पर खुशी व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि के लिए सभी कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार प्रभाग में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य दर्शाता है।

# भाजपा के मीडिया पदाधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




देहरादून। भारतीय जनता पार्टी अपने पदाधिकारियों विशेषकर मीडिया से जुड़े कार्यकर्ताओं को आधुनिकतम बनाने का कार्य करती रहती है। उनको मीडिया के संदर्भ में अद्यतन होने के लिए शिक्षण प्रशिक्षण वर्ग चलते रहते हैं। इसी क्रम में मंगलवार को भाजपा के मीडिया से जुड़े पदाधिकारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राजधानी के एक निजी होटल में किया गया।

इस आयोजन में सभी मीडिया के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ-साथ सभी जिलों से सोशल मीडिया के पदाधिकारी शामिल हैं एक दिवसीय कार्यशाला में केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को लेकर चर्चा की गई साथ में सोशल मीडिया के टूल को 2024 के लोकसभा चुनाव में किस तरह से इस्तेमाल किया जाना है। इस पर दिनभर विचार मंथन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के साथ राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस बैठक में शामिल है। दिनभर चलने वाली वर्कशॉप में सोशल मीडिया की चुनाव में भूमिका पर चर्चा की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि जिस तरह से सोशल मीडिया एक सशक्त प्लेटफार्म के तौर पर उभरा है ऐसे में कार्यकर्ता केंद्र राज्य सरकार की योजनाओं को सोशल मीडिया के टूल्स के माध्यम से जन-जन तक कैसे पहुंच सकते हैं। उसको लेकर विचार किया गया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी का कहना है कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव के साथ की तैयारी में है और कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनील बलूनी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, जफ्फर इस्लाम, सुरेश जोशी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063